● सीधी, सिंगरौली,मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 36, अंक 211, पृष्ठ : 08, सीधी, शुक्रवार, 13 सितम्बर 2024 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र

दैनिक समाचार पत्र

विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ

राजनीति में महत्वाकांक्षा रखना कोई बुरी बात नहीं 5

विराट इतिहास रचने से मात्र 58 रन दूर 6

क्षेत्रीय हवाई संपर्क योजना से समावेशी बनी हवाई यात्रा : पीएम

नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को दूसरे एशिया प्रशांत मंत्रिस्तरीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए भारतीय नागरिक उड्डयन क्षेत्र के विकास पर प्रकाश डाला और कहा कि क्षेत्रीय हवाई संपर्क योजना के साथ हवाई यात्रा समावेशी हो गई है। प्रधानमंत्री ने मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि नागरिक विमानन क्षेत्र की बढ़ोत्तरी में प्रमुख भूमिका है और यह अनेक रोजगार सृजित करता है। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित करने के प्रयास किए जाने चाहिए कि आसमान सभी के लिए खुला रहे और लोगों का उड़ान भरने का सपना पूरा हो।

पीएम मोदी ने इस दौरान कहा कि क्षेत्रीय हवाई संपर्क योजना उड़ान के तहत, जिसने निम्न मध्यम वर्ग के लोगों को उड़ान भरने में मदद की है, 14 मिलियन लोगों ने हवाई यात्रा की है। उनके अनुसार, बढ़ता मध्यम वर्ग और उनकी मांग नागरिक उड्डयन क्षेत्र के लिए प्रेरक शक्ति है और उड़ान ने हवाई यात्रा को समावेशी बना दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार देश को उन्नत हवाई गतिशीलता के लिए तैयार कर रही है और एयर टैक्सी जल्द ही एक वास्तविकता होगी।

बुधवार को शुरू हुए दो दिवसीय सम्मेलन में एशिया प्रशांत क्षेत्र के परिवहन और विमानन मंत्री, नियामक निकाय और उद्योग विशेषज्ञ एक साथ आए हैं। इस सम्मेलन में 29 देशों के लगभग 300 प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

वहीं केंद्रीय नागर विमानन मंत्री के राममोहन नायडू ने गुरुवार को सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि भारत और चीन ने नागर विमानन क्षेत्र में सहयोग को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की है। हालांकि, कुछ घंटों बाद ही उन्होंने बिना कोई स्पष्टीकरण दिए इस पोस्ट को हटा दिया। उन्होंने इसपर कोई संशोधित पोस्ट भी नहीं डाला।

बता दें कि राममोहन नायडू, नागर विमानन सचिव वुमलुनमंग वुअलनम और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने राष्ट्रीय राजधानी में नागर विमानन पर एशिया प्रशांत मंत्रिस्तरीय सम्मेलन के अवसर पर चीन के प्रतिनिधियों से मुलाकात की। इसके बाद उन्होंने ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ सोंग झियोंग के नेतृत्व में एक चीनी प्रतिनिधिमंडल के साथ शिष्टाचार बैठक की। मंत्री ने कहा कि बैठक में दोनों देशों के बीच नागर विमानन सहयोग को और मजबूत करने, विशेष रूप से दोनों देशों के बीच अनुसूचित यात्री उड़ानों को शीघ्र बहाल करने के संबंध में विचारों के आदान-प्रदान पर ध्यान केंद्रित किया गया। हालांकि, यह पोस्ट कुछ ही घंटों के बाद हटा दी गई।

इससे पहले मंत्री नायडू ने संवाददाताओं से कहा कि चीनी पक्ष ने सीधी उड़ानें बहाल करने का उल्लेख किया है, लेकिन अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया गया है। विदेश मंत्रालय और अन्य हितधारकों के साथ चर्चा के बाद कोई निर्णय लिया जाएगा। वर्तमान में भारत और चीन के बीच कोई सीधी उड़ान नहीं है। कोविड महामारी के समय ये सेवाएं बंद कर दी गई थीं।

भारत-चीन के रिश्तों पर बोले जयशंकर

75 फीसदी तक सुलझी समस्याएं, सीमा पर सैन्यीकरण का बढ़ना बड़ा मुद्दा

नई दिल्ली। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पूर्वी लद्दाख में सीमा विवाद पर कहा कि चीन के साथ समस्याओं में से लगभग 75 प्रतिशत का समाधान हो गया है, लेकिन बड़ा मुद्दा सीमा पर सैन्यीकरण का बढ़ना है। स्विट्जरलैंड की राजधानी जेनेवा शहर में एक थिंक-टैंक में एक संवादात्मक सत्र में, जयशंकर ने कहा कि जून 2020 में गलवान घाटी में हुई झड़पों ने भारत-चीन संबंधों को प्रभावित किया है, उन्होंने जोर देकर कहा कि सीमा पर हिंसा होने के बाद यह नहीं कहा जा सकता कि बाकी संबंध इससे अछूते हैं।

विदेश मंत्री ने कहा कि समस्या का समाधान खोजने के लिए दोनों पक्षों के बीच बातचीत चल रही है। जिनेवा सेंटर फॉर सिक्योरिटी पॉलिसी में उन्होंने कहा, कि अब बातचीत चल रही हैं, हमने कुछ प्रगति की है। मैं मोटे तौर पर कह सकता हूं कि लगभग 75 प्रतिशत समस्याएं सुलझ गई हैं। वहीं एक सवाल के जवाब में जयशंकर ने कहा, हमें अभी भी कुछ काम करने हैं। लेकिन एक बड़ा मुद्दा यह है कि हम दोनों ने अपनी सेनाओं को एक दूसरे के करीब ला दिया है और इस लिहाज से सीमा पर सैन्यीकरण हो रहा है।

इस दौरान विदेश मंत्री ने संकेत दिया कि अगर विवाद का समाधान हो जाता है तो रिश्ते बेहतर हो सकते हैं। उन्होंने कहा, हमें उम्मीद है कि अगर कोई समाधान निकलता है, शांति और सौहार्द की वापसी होती है, तो हम अन्य संभावनाओं पर विचार कर सकते हैं। बता दें कि भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच पूर्वी लद्दाख में कुछ टकराव वाले बिंदुओं पर गतिरोध बना हुआ है, जबकि दोनों पक्षों ने व्यापक कूटनीतिक और सैन्य वार्ता के बाद कई क्षेत्रों से वापसी की प्रक्रिया पूरी कर ली है।

वहीं विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने कहा कि हमें उम्मीद है कि आने वाले दिनों में अमेरिका में क्वाड शिखर सम्मेलन होगा और समय बीतने के साथ, हिंद-प्रशांत क्षेत्र के अधिकांश हिस्सों में यह भरोसा बढ़ रहा है कि यह (क्वाड) क्षेत्र के लिए एक शुद्ध संपत्ति है।

माकपा के महासचिव सीताराम येचुरी का निधन

72 वर्ष की उम्र में ली अंतिम सांस, एम्स को दान किया गया शव

नई दिल्ली। वरिष्ठ नेता और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माक्सर्वादी) के महासचिव सीताराम येचुरी का गुरुवार को निधन हो गया। उन्होंने 72 वर्ष की उम्र में अंतिम सांस ली। वे लंबे समय से बीमार थे। उन्हें पिछले दिनों एम्स में भर्ती किया गया था।

एम्स की तरफ से जारी बयान के मुताबिक, येचुरी का गुरुवार दोपहर 3:05 बजे 72 वर्ष की आयु में निधन हो गया। परिवार ने उनके पार्थिव शरीर को शिक्षण और शोध उद्देश्यों के लिए एम्स, नई दिल्ली को दान कर दिया है 72 वर्षीय माकपा नेता सीताराम येचुरी को पहले 19 अगस्त को एम्स में भर्ती कराया गया था। बाद में उन्हें आईसीयू में ले जाया गया था। तभी से उनका इलाज किया जा रहा है। गुरुवार को उनकी तबीयत एक बार फिर बिगड़ गई थी। येचुरी के निधन के बाद पार्टी कार्यालय में पार्टी का झंडा आधा झुका दिया गया। पार्टी ने इस मौके पर एक्स पर पोस्ट कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और एम्स के डॉक्टरों के प्रति आभार जताया।

सीताराम येचुरी भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के महासचिव और पार्टी के संसदीय समूह के नेता हैं। उनका जन्म 12 अगस्त 1952 को चेन्नई में एक तेलुगु भाषी ब्राह्मण परिवार में हुआ था। वह 2016 में राज्यसभा में सर्वश्रेष्ठ सांसद पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। आपातकाल में जेएनयू में रहते हुए उन्हें गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद वह लगातार तीन बार जेएनयू छात्र संघ के अध्यक्ष चुने गए। 1984 में उनको सीपीआई एम की केंद्रीय समिति में शामिल किया गया था।

70 से ऊपर उम्र वालों का होगा फ्री में इलाज

नई दिल्ली। आयुष्मान भारत योजना लोगों का फ्री इलाज मुहैया कराने वाली सरकारी योजना है। इस हेल्थ स्कीम में आवेदन करने के बाद आयुष्मान कार्ड बनता है। इसके जरिए पांच लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज सरकारी और प्राइवेट अस्पताल में करवाया जा सकता है। अब इस स्कीम पर सरकार ने बड़ा बदलाव किया है। 70 साल से अधिक उम्र के बुजुर्गों को आयुष्मान भारत योजना का फायदा मिलेगा। ये फैसला बुधवार को केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में लिया गया।

जम्मू कश्मीर चुनाव से 6 दिन पहले 3 आतंकी ठिकाने मिले

श्रीनगर। सेना ने जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव के 6 दिन पहले कुपवाड़ा, कुलगाम और पुलवामा जिले में गुरुवार,12 सितंबर को आतंकियों के 3 ठिकानों को खोज निकाला। कुपवाड़ा से भारी मात्रा में गोला-बारूद और विस्फोटक बरामद किया। वहीं, कुलगाम, पुलवामा में सिर्फ ठिकाने का पता चला।

कुपवाड़ा के केरन सेक्टर में आतंकियों ने यह ठिकाना एक बड़े पेड़ की जड़ में गड्ढा खोदकर बनाया था। जड़ में 5 से 6 फीट जगह मिली। यहां से एके-47 के 100 से ज्यादा कारतूस, 20 हैंड ग्रेनेड और 10 छोटे रॉकेट मिले।

इलेक्शन ऑब्जर्वेजर से मिली थी जानकारी इंटेलिजेंस इनपुट के आधार पर, सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने जॉइंट ऑपरेशन चलाया। सेना को यह खुफिया जानकारी जम्मू-कश्मीर में तैनात एक इलेक्शन ऑब्जर्वेजर से मिली थी।

जम्मू-कश्मीर की 90 विधानसभा सीटों पर 3 फेज में 18 सितंबर, 25 सितंबर और 1 अक्टूबर को वोट डाले जाएंगे। रिजल्ट 8 अक्टूबर को आएगा।

चुनाव नजदीक आते ही आतंकी गतिविधियां बढ़ीं, 4 दिन में 4 आतंकी ढेर जम्मू-कश्मीर में पहले फेज की वोटिंग में सिर्फ 6 दिन बचे हैं। ऐसे में आतंकी गतिविधियां भी बढ़ गई हैं। सेना ने पिछले चार दिनों में 4 आतंकी ढेर किए हैं।

पीएम मोदी ने सीजेआई के घर गणेश पूजा की

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री मोदी बुधवार शाम चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया डीवाई चंद्रचूड़ के घर गणेश पूजा में शामिल हुए। मोदी ने ङ्क पर इसकी तस्वीरें शेयर कीं। सीजेआई और उनकी पत्नी कल्पना दास के साथ मोदी की मुलाकात का वीडियो भी सामने आया। वीडियो में सीजेआई अपने घर में मोदी का स्वागत करते दिखे। मोदी ने सीजेआई और उनके परिवार के साथ भगवान गणेश की आरती की। प्रधानमंत्री मराठी पोशाक पहने हुए थे। उन्होंने मराठी टोपी भी पहन रखी थी।

मैं इस्तीफा देने को तैयार: ममता

प्रदर्शनकारी डॉक्टर्स के खिलाफ एक्शन नहीं लूंगी

कोलकाता। बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार शाम कहा कि आज मैंने प्रदर्शनकारी डॉक्टरों का दो घंटे इंतजार किया, लेकिन वे बातचीत के लिए तैयार नहीं हुए। मैं उन लोगों से माफी मांगना चाहती हूं जिन्हें लगा था कि आज डॉक्टरों और सरकार के बीच बैठक होगी और इस आंदोलन का हल निकलेगा। लोगों की खुशी के लिए मैं इस्तीफा देने को तैयार हूं।

उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा- मैं भी आरजी कर मेडिकल कॉलेज के रेप-मर्डर केस में न्याय चाहती हूं। जूनियर डॉक्टर्स के काम रोक देने के चलते 27 लोगों की जान गई है, 7 लाख मरीजों की हालत खराब है। इसके बावजूद मैं डॉक्टर्स के खिलाफ कोई एक्शन नहीं लूंगी, बड़े होने के नाते मैंने उन्हें माफ किया। दरअसल, बंगाल में धरना दे रहे जूनियर डॉक्टर्स को ममता सरकार ने शाम 5 बजे मुलाकात के लिए बुलाया था। डॉक्टर्स नबन्ना पहुंचे, लेकिन मीटिंग का लाइव टेलीकास्ट कराने की शर्त पर अड़े रहे, जबकि सरकार इसके लिए नहीं मानी। पिछले 3 दिनों में सरकार की ओर से डॉक्टरों के साथ बातचीत की यह तीसरी पहल थी।

एमपी के 6 जिलों में बाढ़, दतिया में किले की दीवार गिरने से 7 की मौत

नई दिल्ली। बंगाल की खाड़ी में बने स्ट्रॉन्ग सिस्टम के चलते मध्य और उत्तर भारत में बुधवार को भारी बारिश हुई। कई शहरों में बाढ़ है तो कई जिलों का सड़क संपर्क टूट गया है। नदियों के किनारे बसे गांवों से लोगों को हटाकर सुरक्षित स्थानों पर ले जाना पड़ा है।

28 जिलों में बुधवार को तेज बरसात हुई। ग्वालियर में 24 घंटे में 8 इंच और भोपाल में ढाई इंच बरसात हुई। दतिया में 400 साल पुराने किले की दीवार गिरने से 7 लोगों की मौत हो गई। भोपाल में 5वीं, राजगढ़, सागर, गुना, शिवपुरी, मुरैना और भिंड में 8वीं तक स्कूलों की छुट्टी कर दी गई है।

सुजान गंगा नदी ओवरफ्लो होने से कोटा और भरतपुर में बाढ़ के हालात बन गए हैं। गुरुवार को जयपुर, अजमेर, उदयपुर समेत 7 जिलों में तेज बारिश का अलर्ट है। अजमेर, धौलपुर सवाई माधोपुर जिले में गुरुवार को स्कूलों की छुट्टी कर दी गई है।

सुकमा-बीजापुर से तेलंगाना और आंध्र प्रदेश का संपर्क कटा हुआ है। राजनांदगांव में शिवनाथ नदी का पानी 11 गांवों में घुस गया है। यहां 30 साल बाद बाढ़ आई है। राजनांदगांव, खैरागढ़ में सैकड़ों लोगों को राहत कैंपों में शिफ्ट किया गया है। लखनऊ-झांसी समेत यूपी के 10 जिलों में बारिश जारी है। झांसी-जालौन में 36 घंटे से जारी बारिश की वजह से घरों में पानी भर गया। एटा, झांसी, ललितपुर, आगरा, कन्नौज, इटावा, जालौन और हाथरस में 12वीं तक के स्कूलों में गुरुवार को छुट्टी कर दी गई है। 12 सितंबर को 12 राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट मौसम विभाग ने गुरुवार (12 सितंबर) को 12 राज्यों में भारी बारिश का अनुमान जताया है।

किसानों से समर्थन मूल्य पर सोयाबीन खरीदी 25 अक्टूबर से 31 दिसंबर तक की जाएगी

भोपाल। प्रदेश में किसानों से समर्थन मूल्य पर सोयाबीन खरीदी का कार्य 25 अक्तूबर से 31 दिसंबर 2024 तक किया जाएगा।मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर मुख्य सचिव श्रीमती वीरा राणा की अध्यक्षता में खरीदी कार्य के लिए उत्कृष्ट व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए संपन्न हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया।

मुख्य सचिव श्रीमती राणा ने बैठक में खरीफ कृषि उपज की समीक्षा करते हुए सोयाबीन खरीदी की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए राजस्व विभाग को गिरदावरी का कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। उन्होंने ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर 25 सितम्बर से 15 अक्टूबर तक किसानों द्वारा रजिस्ट्रेशन के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुविधाजनक रूप से करने के लिए कहा है। बैठक में निर्णय लिया गया है कि समर्थन मूल्य पर सोयाबीन खरीदी की एजेंसी मार्कफेड होगी तथा भंडारण की व्यवस्था स्टेट वेयरहाउसिंग कारपोरेशन और बारदाना की व्यवस्था मार्कफेड द्वारा की जायेगी। किसानों से फेयर एवरेज क्वालिटी (एफएक्यू) की सोयाबीन खरीदी के लिए सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जायेंगी।

मणिपुर में उपद्रवियों ने स्वास्थ्य केंद्र में आग लगाई

इंफाल। मणिपुर के जिरीबाम जिला स्थित बोरोबेक्रा में उपद्रवियों ने बुधवार रात करीब 12.50 बजे एक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में आग लगा दी। घटना पुलिस चौकी से महज 150 मीटर दूर हुई। इसमें किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। घटना के पीछे कुकी समुदाय के लोगों के शामिल होने की आशंका है।

दूसरी तरफ, राजधानी इंफाल में कल पूरे दिन सन्नाटा पसरा रहा। इंफाल ईस्ट और वेस्ट में कर्फ्यू जारी है। मैतेई बहुल 5 जिलों में इंटरनेट बंद है। राज्यपाल एल. आचार्य असम चले गए। उनके पास मणिपुर गवर्नर का अतिरिक्त प्रभार है।

इंफाल में 10 सितंबर को सुरक्षाबलों और स्टूडेंट्स में हिंसक झड़प हुई थी। इसमें करीब 100 स्टूडेंट्स घायल हुए थे।

लालू हृदय रोग से पीड़ित, अस्पताल में हुई एंजियोप्लास्टी

मुंबई। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव का इलाज मुंबई के एक अस्पताल में हो रहा है। लालू को दिल से जुड़ी समस्याओं की शिकायत के बाद मुंबई के अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूत्रों ने बताया कि हृदय रोग विशेषज्ञों ने लालू को एंजियोप्लास्टी कराने की सलाह दी। डॉक्टरों की सलाह के बाद गुरुवार को लालू की एंजियोप्लास्टी की गई। बता दें कि लालू सेहत से जुड़ी कई गंभीर चुनौतियों से जूझ रहे हैं। लालू इससे पहले सिंगापुर में किडनी प्रत्यारोपण करा चुके हैं। लालू के लिए किडनी उनकी बेटी ने दान की है। नाजुक सेहत को देखते हुए अदालत ने लालू को इलाज कराने की अनुमति दी है, जिसके आधार पर वे विशेषज्ञ चिकित्सकों की निगरानी में अपना इलाज करा रहे हैं। लालू की सेहत के बारे में सूत्रों ने बताया कि 10 सितंबर को उन्हें एशियन हार्ट इंस्टीट्यूट में भर्ती कराया गया। सूत्रों ने बताया कि 76 वर्षीय बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री को चिकित्सा जांच के बाद एक या दो दिन में छुट्टी मिलने की उम्मीद है। 2014 में लालू इसी अस्पताल में महाधमनी वाल्व रिप्लेसमेंट सर्जरी करा चुके हैं। साल 2018 और 2023 में फॉलो-अप के लिए लालू एक बार फिर इसी अस्पताल में आए थे। सूत्रों ने बताया कि लालू का इलाज करने वाली चिकित्सकों की टीम में डॉ संतोष डोरा और डॉ तिलक (सुवर्णा) शामिल रहे। बता दें कि लालू प्रसाद यादव की बेटी रोहिणी ने पिता के लिए नवंबर, 2022 में किडनी दान किया था।

अयोध्या की तर्ज पर चित्रकूट धाम को भव्य और दिव्य बनाया जाएगा : डॉ. यादव

मुख्यमंत्री ने उदवहन माइक्रो सिंचाई परियोजना के निर्माण कार्यों का शुभारंभ किया

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भगवान श्रीराम अपने 14 वर्ष के वनवास के दौरान बहोरीबंद की पावन भूमि से होकर चित्रकूट गए थे। यह श्रीराम की तपोस्थली है। इस क्षेत्र की जनता को पिछले 40 वर्षों से जिस योजना का इंतज़ार था, वह आज पूरी होने जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुरूवार को कटनी जिले के बहोरीबंद में 1011.05 करोड़ रूपये की लागत की बहोरीबंद उद्वहन माइक्रो सिंचाई परियोजना के निर्माण कार्यों के शुभारंभ कर संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बहोरीबंद परियोजना से कटनी जिले की 4 तहसीलों के 151 गांव की 32 हजार हेक्टयर ज़मीन सिंचित होगी। इससे हर खेत के लिए जल की हर बूँद का कृषक स्प्रिंकलर, ड्रिप आदि पद्धति से उपयोग कर सकेंगे। नहर बनाने के लिए ज़मीन का प्रयोग नहीं किया जाएगा सीधे ही पानी खेत के लिए उपलब्ध हो सकेगा। परियोजना से कटनी के नागरिकों को पेयजल आपूर्ति के प्रयास भी किये जाएगें। मुख्यमंत्री ने कटनी जिले में विकास के लिये 55 करोड़ के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि-पूजन भी किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बहोरीबंद सिंचाई परियोजना प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के ड्राप मोर क्रॉप अर्थात पानी की बूंद-बूंद का उपयोग कर अधिकतम उत्पादन लेने के किये गए आहवान पर क्रियान्वित होगी। इसमें भूमि बचाव एवं जल बचाव के उद्धेश्य के साथ खेतों में पानी पहुंचाया जायेगा। उन्होंने कहा कि आज बहोरीबंद की जनता होली और दिवाली एक साथ मना रही है। बारिश में भी कटनी के लोगों मे असीम उत्साह देखकर उनका हृदय प्रफुल्लित हो गया है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अयोध्या की तर्ज पर चित्रकूट धाम को भव्य और दिव्य बनाया जाएगा। गोपाल कृष्ण के नाम पर प्रदेश की सभी नगर पंचायत, नगर पालिका और नगर निगम में भगवत गीता के 18 अध्यायों पर केन्द्रित गीता भवन बनाये जायेंगे। साथ ही हर विकासखण्ड में वृंदावन के समान आदर्श गांव बनाया जाएगा। बहोरीबंद को 15 वार्ड जोड़कर नगर परिषद बनाया जाएगा। जिले के गाताखेड़ा, जुझारी, जमुनिया, सिहरिया, बेजनाला, जमुन्हाई में जलाशय बनाने के साथ बहोरीबंद जलाशय का पुनरुद्धार करने और बहोरीबंद के प्राचीन तीर्थ रूपनाथ, तिगवा, बिलहरी, वसुधा जल-प्रपात,केन नदी के उदगम स्थल को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बहोरीबंद मे हरिबाबा हरिदास के नाम पर धर्मशाला बनाई जायेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किये। उन्होंने श्रीमदभागवत गीता का संस्कृत से हिंदी अनुवाद करने वाली बालिका सुश्री श्रद्धांजलि शुक्ला अंजन को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री को कार्यक्रम में बहोरीबंद की जनता की ओर से रजत मुकुट भेंट किया।

अवैध रेत लोड ट्रैक्टरों को कोतवाली से मिला अभयदान

अवैध कार्यो में बड़ी संलिप्तता, ईमानदार बने साहबान!

सिंगरौली। कोतवाली थाना क्षेत्र में इन दिनों रेत से लोड अवैध ट्रैक्टरों की धमा चौकड़ी रात की बजाय दिन में भी देखने को मिल रही है। शायद इन अवैध रेत लोड ट्रैक्टरों को कोतवाली पुलिस के द्वारा अभय दान दिया गया है। इसके अलावा अन्य मादक पदार्थों की बिक्री में भी संलिप्तता बढ़ती नजर आ रही है। इन सब कार्यो की जानकारी साहबान को है इसके बावजूद कार्यवाही करने की बजाय मूक दर्शक बने हुए है।

सूत्रों की बातों पर गौर करें तो कोतवाली थाना क्षेत्र पिछले टीआई के कार्यकाल से काफी चर्चाओं में आ गया है। तत्कालीन थाना प्रभारी अवैध रेत के कारोबार को लेकर निपट गए थे। उस दौरान आवेदन रेत के कारोबारी की चैटिंग ने कोतवाली के माहौल को गर्मा दिया था। सूत्र बताते हैं कि कुछ सफेद पोस धारियों की वजह से तत्कालीन थाना प्रभारी नप गये थे। इसके बाद कोतवाली का प्रभार लेने के

लिए कई थाना प्रभारियों ने जोर अजमाईस की थी। लेकिन मोरवा थाने में पदस्थ थाना प्रभारी अशोक सिंह परिहार को कोतवाली की जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके बाद कुछ दिनों तक कोतवाली क्षेत्र में अवैध कार्य पर पूरी तरीके से विराम लगा दिया गया, लेकिन विराम लगने के बाद थाना प्रभारी के साथ-साथ बीट प्रभारी भी परेशान नजर आने लगे क्योंकि माल कहां से आए। इस गुड़ा गणित में लग गए। आखिरकार बीट प्रभारियों ने थाना प्रभारी को अपने बहकावे में ले लिए। इसके बाद कोतवाली क्षेत्र में फिर से अवैध रेत का कारोबार इतनी तेजी से बढ़ा कि अब तो रात की बजाय दिन में ही अवैध रेत लोड ट्रैक्टरों की धमा चौकड़ी देखने को मिलने लगी है। पूरे दिन सरपट ट्रैक्टर दौड़ रहे हैं। सूत्र बताते हैं कि देवरा सड़क मार्ग कॉन्वेंट विद्यालय रोड हो या फिर गनियारी सड़क मार्ग के अलावा बलियरी सड़क मार्ग से रेत लोड ट्रैक्टर सरपट दौड़ रहे हैं। कोतवाली पुलिस के आंखों के सामने कोतवाली क्षेत्र में अवैध कार्य चल रहा है। इसके बावजूद अगर जिम्मेदार लोगों से पूछा जाता है तो कहा जाता है कि हम लोगों को नहीं दिख रहा है आप लोग पता नहीं क्यों इस तरह से आरोप लगा रहे हैं। सच्चाई बताने वाला खुद झूठा हो जाता है और जो झूठ बोलता है वह सच माना जाता है। इसकी सबसे बड़ी वजह यह है कि इन जिम्मेदारों के पास पावर है। इन दिनों कोतवाली क्षेत्र में अवैध रेत के अलावा, कई ऐसे अवैध मादक पदार्थ की बिक्री हो रही है जो किसी से छिपी नहीं है । सूत्र तो यह भी दावा करते हैं कि इन अवैध कारोबार की जानकारी भले ही थाना प्रभारी को ना हो लेकिन बीट प्रभारियों के इशारे पर सभी अवैध कारोबार चल रहे हैं। कहा तो यह भी जाता है कि साहब भले ही ईमानदार बने रहें लेकिन हम लोगों का खर्च कैसे चलेगा। इसके लिए तो अवैध कार्यों को गति देना ही होगा ।

थाने के सामने से निकलते है अवैध रेत ट्रैक्टर

अभी कुछ महीने पूर्व सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा था कि कोतवाली के सामने से अवैध रेत ट्रैक्टर निकल रहे हैं। इस वीडियो के वायरल होने के बाद कोतवाली के प्रभारी को नागवार गुजरा था। अपने कमी को छुपाने के लिए सीसीटीवी फुटेज को खंगालने लगे। फिर पुलिस के ने कहा कि यह पुराना मामला है। जबकि हकीकत देखें तो प्रतिदिन कोतवाली के सामने से अवैध रेत लोड ट्रैक्टर निकलते हैं। अगर इस बात की पुष्टि करना हो तो सड़क के किनारे लगे सीसीटीवी फुटेज को देखा जा सकता है। इसके बावजूद कोतवाली पुलिस ईमानदारी का चोला पहनकर अपने आप को पाक साफ साबित करने की नाकाम कोशिश करने में लगी हुई है।

पत्रकार बीमा योजना का प्रीमियम नि:शुल्क करने श्रमजीवी पत्रकार संघ ने सौंपा ज्ञापन

पंजीयन की तिथि 20 से बढ़ाकर 30 सितम्बर की जाय

सिंगरौली। मध्य प्रदेश सरकार द्वारा पत्रकार कल्याण बीमा की ब?ाये गए प्रीमियम राशि को नि:शुल्क करने और पंजीयन की तिथि ब?ाये जाने को लेकर मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ भोपाल के आह्वान पर प्रदेश के सभी जिला इकाईयो के साथ श्रमजीवी पत्रकार संघ सिंगरौली द्वारा मुख्यमंत्री के नाम सम्बोधित ज्ञापन कलेक्टर सिंगरौली को सौंपा गया। उक्तशय की जानकारी मे मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष अमित द्विवेदी व जिलाध्यक्ष धीरेन्द्र धर द्विवेदी के नेतृत्व मे कलेक्टर सिंगरौली को सौपे गए ज्ञापन मे बताया कि हाल ही मे मध्य प्रदेश सरकार के जन संपर्क विभाग द्वारा पत्रकार कल्याण बीमा योजना कराने का विज्ञापन जारी किया गया है जिसमे 2से 5 लाख तक के बीमा की प्रीमियम राशि ब?ा दी गई है। प्रदेश उपाध्यक्ष व जिलाध्यक्ष श्री द्वय द्विवेदी ने

ज्ञापन मे बताया कि इस योजना का लाभ लेने की अधिमान्यता की बाध्यता को समाप्त कर पत्रकारिता से जुड़े सभी लोगों को शामिल किया गया है लेकिन अधिकांश पत्रकार साथियो को न्यूज संस्थान से सैलरी नही मिलती है। ऐसी स्थिति मे अधिकांश पत्रकार साथियो को बीमा प्रीमियम करने मे आर्थिक परेशानी होगी। ज्ञापन मे मांग की गई कि मध्य प्रदेश के सभी पत्रकार साथियो को बीमा प्रीमियम लाभ मिले इसके लिए प्रीमियम नि:शुल्क किया जाय साथ ही बीमा पंजीयन की तिथि 20 से बढाकर 30 सितम्बर करना न्याय संगत व सुविधाजनक होगा। ज्ञापन मे मेडिकल बीमा योजना के प्रीमियम नि:शुल्क करने के साथ 5 लाख तक का नि:शुल्क दुर्घटना बीमा करने की मांग गई है। कलेक्टर को ज्ञापन सौपने के दौरान मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ सिंगरौली के उपाध्यक्ष राज द्विवेदी, महासचिव एसपी वर्मा, सचिव श्रीकांत द्विवेदी, नवीन मिश्रा व मुकेश गुप्ता सहितसंघ के कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

बलात्कार के आरोपी को सरई पुलिस ने किया गिरफ्तार

सिंगरौली। सिंगरौली पुलिस अधीक्षक निवेदिता गुप्ता एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव कुमार वर्मा के निर्देशन व एसडीओपी देवसर राहुल सैयाम के कुशल मार्गदर्शन पर थाना टीआई उप निरीक्षक सूर्यपाल सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा बलात्कार के आरोपी को सरई पुलिस ने अपराध कायम होने के 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया है । बता दें कि 9 सिंतबर को सरई थाना अंतर्गत कि एक 22 वर्षीय युवती ने थाना सरई आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि दिनांक 31अगस्त 2024 को रात करीबन 9 बजे घर पर मै और मेरी बूढी दादी थी मेरी दादी अपने कमरे मे सो रही थी मै अपने कमरे मे टीबी

देख रही थी। तभी मेरे कमरे मे अचानक मेरे गांव का 28 वर्षीय युवक मेरे कमरे मे आया और मेरा मुंह दबा लिया मै चिल्लाने की कोशिश की पर चिल्ला नही पाई। उक्त युवक ने मुझे धमकी दिया की अगर चिल्लाओगी तो तुमको जान से मार दूंगा मुझे डरा कर मेरे साथ जबरजस्ती बलात्कार किया। इसके बाद मै किसी तरह खुद को छु?ाकर दरबाजा खोल कर बाहर आई तो इतने मे वहा से वह युवक वहां से भाग गया। फरियादिया की रिपोर्ट पर धारा-64,332 (बी), 351(3) बी एन एस पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया दौरान विवेचना मुखविर से सूचना मिली की आरोपी अपने गृह ग्राम मे घुमते हुए दिखाई दिया है जो पुलिस की टीम गठित कर तत्परता से जाकर घेराबन्दी कर आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक हिरासत मे जेल भेजा गया। उक्त कार्यवाही मे उपनिरीक्षक सूर्यपाल सिंह, सहायक उपनिरीक्षक कमलेश प्रजापति ,प्रधान आरक्षक हरिभजन सिंह ,आरक्षक बबलू यादव, अशोक यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही ।

यातायात आरक्षक रामनरेश ने दिखाया अदम्य साहस, पुलिस कप्तान ने किया सम्मानित

फायर ब्रिगेड को बुलाकर आग पर पाया काबू, ट्रक में लोड था अमोनियम नाइट्रेट

सिंगरौली। पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता गुप्ता के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में यातायात स्टॉप के द्वारा ट्रक में लगी आग को दमकल वाहन के माध्यम से नियंत्रित किया गया। यातायात आरक्षक रामनरेश के अदम्य साहस को देखते हुए पुलिस कप्तान ने सम्मानित किया है।

गंभीर घटित घटना की सूचना जैसे ही पुलिस अधीक्षक श्रीमति निवेदिता गुप्ता द्वारा तत्काल संज्ञान में लेकर नगर निगम से अविलंब फायर ब्रिगेड मौके पर भेजने हेतु निर्देशित किया गया। फायर बिग्रेड द्वारा तत्काल दमखम के साथ उपस्थित होकर उक्त वाहन के टायर में लगी आग पर काबू

कर लिया गया। आग पर काबू पाने के पश्चात उक्त वाहन को सुरक्षित स्थान पर खडा कराया जाकर अग्रिम कार्यवाही हेतु थाना बैढन को सुपुर्द किया गया है। लापरवाही के लिये वैधानिक कार्यवाही की जायेगी। आप को बता दें कि पुलिस अधीक्षक श्रीमति निवेदिता गुप्ता के द्वारा सीसीटीवी कन्ट्रोल रुम के माध्यम से क्षेत्र में सतत् निगाह रखी जा रही है, त्वरित प्रयास से बड़ा हादसा टल गया है। पुलिस अधीक्षक द्वारा यातायात थाने में पदस्थ आर. रामनरेश गुर्जर को नगद पुरुष्कार से सम्मानित किया गया। बताया जाता है कि 12 सितंबर को ट्रक कमांक ओडी 05 एजी 2433 उड़ीसा से अमोनियम नाइट्रेट (विस्फोटक पदार्थ) लोड कर सोलार इण्डस्ट्रीज बलियरी जा रहा था, उक्त ट्रक जैसे ही मॉजन मोड पर तकरीबन 8 बजे आया उसके टायर में अचानक आग लग जाने से धुआँ निकलने लगा, धुआँ निकलते देख यातायात थाने से मॉजन मोड पर डियूटी में उपस्थित आर. 594 रामनरेश गुर्जर द्वारा तत्परता पूर्वक ट्रक को रुकवा कर चालक से पुछने पर चालक भोला प्रसाद द्वारा ट्रक में अमोनियम नाइट्रेट (विस्फोटक पदार्थ) लोड होना बताया, जिसकी सूचना तत्काल आरक्षक द्वारा पुलिस नियंत्रण कक्ष एवं वरिष्ठ अधिकारियो को दी गई एवं आरक्षक द्वारा अदम्य साहस का परिचय देते हुए, अपनी जान की सुरक्षा किए बगैर आग पर काबू पाने हेतु आस-पास उपस्थित लोगो की सहायता से बाल्टी में पानी भरकर आग बुझाने का प्रयास किया गया और इसी दरमियान फायर बिग्रेड द्वारा दमखम के साथ मौके पर उपस्थित हुआँ और वाहन के टायर में लगी आग पर काबू कर लिया गया। उक्त कार्यवाही मे निरीक्षक विद्?ावारिधि थाना प्रभारी यातायात, सउनि सुरेश शुक्ला, प्रआर विनय सिंह, प्रआर उमेश बागरी, आर रामनरेश गुर्जर, आर संजीव कुमार एवं नगर निगम के फायर ब्रिगेट के अधिकारी कर्मचारियो का सराहनीय योगदान रहा।

विजयपुर तालाब में मगरमच्छ ने डाला डेरा, दहशत में ग्रामीण

सिंगरौली। जनपद पंचायत क्षेत्र चितरंगी के विजयपुर गांव के तालाब में गुरुवार को ग्रामीणों ने मगरमच्छ देख लिया। इससे ग्रामीणों में दहशत है। ग्रामीणों ने बताया कि मगरमच्छ पड़री जलाशय या फिर सोन नदी से

निकालकर विजयपुर तालाब में पहुंचा है। अब ग्रामीणों ने वन विभाग के अधिकारियों को गांव के तालाब में मगरमच्छ पहुंचने की सूचना दे दी है लेकिन वन विभाग के अधिकारियों ने कोई कदम नहीं उठाया है। बता दे की प्राकृतिक रूप से हरियाली से लिपटे पहाड़ों की ओट में बसे विजयपुर गांव के ग्रामीण मगरमच्छ की मौजूदगी से दहशत में हैं। पिछले कई दिनों से तालाब में मगरमच्छ होने की चर्चा थी, लेकिन किसी को मगरमच्छ दिखाई नहीं दिया था। इसके चलते ग्रामीण इस बात को हल्के में ले रहे थे। लेकिन इस बीच ग्रामीणों के बेजुबान जानवरों को मगरमच्छ ने अपना शिकार बनाया तो लोगों को विश्वास हो गया कि हो ना हो तालाब में मगरमच्छ ने डेरा डाला है। वहीं गुरुवार को गांव के एक ग्रामीण जब सुबह तालाब के किनारे से गुजर रहा था तो अचानक उसे तालाब में मगरमच्छ नजर आ गया। तालाब में मगरमच्छ को देखकर ग्रामीण दहशत में हैं। वहीं, जब यह बात गांव में लोगों को पता चली तो वे भी मगरमच्छ की मौजूदगी से भयभीत हैं। यदि समय रहते वन विभाग टीम मगरमच्छ का रेस्क्यू कर सुरक्षित सोन घड़ियाल अभ्यारण में सुरक्षित नहीं छोड़ा तो किसी दिन कोई बड़ी अनहोनी हो सकती है।

एनटीपीसी विंध्याचल में गणेश चतुर्थी पर गीत गायन प्रतियोगिता एवं गणपति बिंगों का किया गया आयोजन

सिंगरौली। एनटीपीसी विंध्याचल परियोजना में गणेशोत्सव बड़े ही धूम धाम से मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में बीते 10 सितंबर को गणेश चतुर्थी के अवसर पर पुजा समिति द्वारा बाल वर्ग कक्षा 3 से 9 तक के बच्चों हेतु धार्मिक गीतों पर आधारित गीत-गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें भारी संख्या में छोटे-बड़े सभी बच्चों ने विभिन्न परिधानों में सज-संवरकर अपनी अपनी मधुर भक्ति गीतों को प्रस्तुत किया। बच्चों की मनमोहक प्रस्तुति ने सभी को तालियाँ बजने पर मजबूर कर दिया। तत्पश्चात बीते 11 सितंबर को सभी के लिए गणपति बिंगों का भी आयोजन किया गया, जिसमें सभी कर्मचारी एवं उनके परिवारजनों के साथ-साथ बच्चों ने भी बढ़-चढ़ कर भाग लिया।

केन्द्रीय विद्यालय जयंत में आयोजित किया गया विशेष जागरुकता अभियान स्वयंसिद्धा

350 से अधिक छात्राओं को आत्म रक्षा के लिए किया गया प्रशिक्षित

सिंगरौली। पुलिस मुख्यालय की मंशानुसार पुलिस अधीक्षक सिंगरौली श्रीमती निवेदिता गुप्ता के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में केन्द्रीय विद्यालय जयंत में आत्मरक्षार्थ प्रशिक्षण कार्यक्रम स्वयंसिद्धा आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ माँ सरस्वती जी का पूजन अर्चन एवं पुष्प अर्पण कर की गई। चौकी प्रभारी जयंत उप निरी. अभिषेक पाण्डेय, सउनि रवि गोस्वामि, प्रआर कुणाल सिंह एवं

सेल्फ डिफेंस टेक्निकल डायरेक्टर गणेश सिंह, खुशबू साकेत, वंदना प्रजापति, अर्पिता विस्वास अपनी टीम सहित उपस्थित रहे। विद्यालय में उपस्थित लगभग 350 से अधिक छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाए गए।आत्मरक्षा प्रशिक्षण अंतर्गत बालिकाओं एवं महिलाओं के साथ नित्य प्रतिदिन हिंसा, छेड़छाड़, लूटपाट, दुष्कर्म आदि की अनेकानेक घटनाएं घटित होने की संभावना होने से आत्मरक्षार्थ प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर जूडो, कराटे, मार्शल आर्ट्स इत्यादि का प्रशिक्षण दिया गया। विद्यालय की छात्राओं ने काफी रुचि लेकर आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम में हिस्सा लिया और अपनी बातों को भी सामने रखा। छात्राओं ने आश्वस्त किया कि आज की सिखलाई को सभी के साथ शेयर करेंगी, लगातार अभ्यास कर स्वयं तो सीखेंगे ही और भी पांच लोगों को सिखलायेगे।

विन्ध्यनगर पुलिस की बड़ी कार्यवाही

विश्वासघात कर वाहन स्वामी की स्विफ्ट डिजायर कार लेकर फरार चालक वाहन कार सहित पकड़ाया

सिंगरौली। पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता गुप्ता के निर्देशन में एवं शिव कुमार वर्मा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, पीएस परस्ते नगर पुलिस अधीक्षक विंध्यनगर के मार्गदर्शन में श्रीमती अर्चना दिवेदी थाना प्रभारी विंध्यनगर एवं पुलिस टीम को ब?ी सफलता मिली है ।

जानकारी मे बताया गया कि बीते 10 सितंबर को फरियादी आशीष पाण्डेय पिता राजाराम पाण्डेय निवासी हर्रई एलआईसी आफिस के पास थाना बैढ़न के थाना विन्ध्यनगर आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि उनका ड्रायवर दीपक बर्मा पिता बिहारीलाल बर्मा निवासी नवजीवन बिहार सेक्टर 3 का जो उनकी स्विफ्ट डिजायर कार को करीब एक वर्ष से चला रहा था, जो कार को अपने पास ही रखता था, बुकिंग मिलने पर कार को स्वयं लेकर जाता था, दोपहर करीब 11 बजे अपनी कार का जीपीएस चेक किये तो परसौना लोकेसन दिखा, तब ड्रायवर दीपक बर्मा से फोन करके पूंछा की कहां जा रहे हो, तो वह कुछ नहीं बताया व कुछ देर बाद कार का जीपीएस बंद कर दिया और इनकी कार को बिना बताये विश्वासघात कर कहीं लेकर चला गया है, रिपोर्ट पर थाना विन्ध्यनगर में अपराध धारा 316(4) बीएनएस के तहत पंजीबद्ध कर थाना प्रभारी विन्ध्यनगर अर्चना द्विवेदी द्वारा तत्काल आरोपी एवं कार की बरामदगी हेतु एक टीम गठित की गई, तो पता चला कि आरोपी मय वाहन के मैहर जिले में घूम रहा है, सूचना पर थाना प्रभारी विन्ध्यनगर द्वारा मैहर पुलिस से सम्पर्क कर वाहन व आरोपी को 24 घंटे के अंदर पकड़ा गया। उक्त कार्यवाही में विशेष योगदान निरीक्षक अर्चना द्विवदी, उनि. अशोक शर्मा, प्रआर श्रवण सोनी, प्रआर श्यामसुन्दर वैश्य, प्रआर रामनिरंजन वैश्य एवं मैहर कोतवाली पुलिस की सराहनीय भूमिका रही।

स्वच्छता ही सेवा के अन्तर्गत सरपंचों स्वच्छताग्राहियों का प्रशिक्षण आयोजित

प्रत्येक ग्राम पंचायत में पात्र हितग्राही को योजनों से लाभांवित करवाना प्राथमिक कर्तव्य है: कलेक्टर

सिंगरौली। सभी ग्राम पंचायतों को साफ सुथरा रखने के साथ साथ उनकी सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करना सभी सरपंचों स्वच्छताग्राहियों की प्राथमिक जिम्मेदारी है इस आशय का निर्देश जिला पंचायत के सभागार में आयोजित स्वच्छता ही सेवा के अन्तर्गत आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ला द्वारा दिया गया ।स्वच्छ भारत मिशन की 10 वर्षों की सफल यात्रा के साथ इस वर्ष स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 24 तक समस्त ग्रामीण परिवेश के बदलाव और रूपांतरण के लिए कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना है। प्रशिक्षण में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेंद्र सिंह नागेश द्वारा उपस्थित सरपंचों सचिवों और स्वच्छताग्राहीयों को स्वच्छता ही सेवा अभियान के मुख्य बिंदुओं से अवगत कराया। प्रशिक्षण के दौरान कलेक्टर ने निर्देश दिए की सभी ग्राम पंचायतें अपने

गावो तथा आसपास के क्षेत्रों को स्वच्छ रखने के लिए जमे कचरों , बंद नालियों , चिंहित सीटीयू की सफाई करवाना सुनिश्चित करेंगे । हर ग्राम पंचायत अपने संबंधित विद्यालयों , अंगनवाडियों , सामुदायिक भवनों, सड़कों, आदि सार्वजनिक स्थलों की भी सफाई कराने के साथ ही सफाई व्यवस्था की निगरानी करें ताकि स्थलो पर फिर से गंदगी न होने पाये। उन्होंने ने निर्देश दिए की ग्राम पंचायत अपने क्षेत्रों के पात्र हितग्राहियों को सभी हितग्राही मूलक योजनाओं जैसे संबल कार्ड , आयुष्मान कार्ड , पेंशन योजनों सहित अन्य योजनाओं से लाभान्वित करवाए उन्होंने कहा कि उपरोक्त विंदु सरपंचों सचिवों और स्वच्छताग्राहीयों की प्राथमिक जिम्मेदारी है और इसे जनपद सीईओ, एपीओ, उपयंत्री भी सुनिश्चित करेंगे । उन्होंने कहा की गावो से संबंधित पर्यटन, धार्मिक स्थलों, की भी सड़ाई सुनिश्चित करेंगे । इसके साथ ही एकत्रित कचरे का वर्गीकरण कर प्लास्टिक कचरों को अलग कर डिस्पोज किया जाएगा । स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत अपने अपने पंचायतो में उतकृष्ट कार्य कराया जाना सुनिश्चित करे। जो अभियान के दौरान चिन्हित विंदु निर्धारित किया गया है। अच्छे कार्य करने वालो को 26 जनवरी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जायेगा। प्रशिक्षण के दौरान जिला पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अनुराग मोदी, स्वच्छता समन्वयक श्रीमती रक्षा सिंह सहित ग्राम पंचायतो के सरपंच, सचिव स्वच्छताग्राही उपस्थित रहे।

वाटरशेड में 12 करोड़ की राशि में हुए पंचायतों में निर्माण कार्य

योजना के तहत 105 कार्य हो चुके हैं पूर्ण, अन्य योजनाओं को लेकर भी मिली जानकारी

सीधी

वाटरशेड परियोजना अंतर्गत सीधी विधानसभा के 8 ग्राम पंचायत चिनि्हत किए गए थे। जिनमें कि निर्माण कार्य हुआ इसके अलावा अन्य मदों में भी विभाग द्वारा निर्माण कार्य कराया गया है। जानकारी के अनुसार 12 करोड़ 58 लाख का बजट वर्ष 2022 में स्वीकृत हुआ था। जिसमें कि पंचायत अंतर्गत निर्माण के अलावा जिले में अन्य मदों में भी खर्च होने की जानकारी मिली है। शेष जो राशि बची है उसमें भी आगामी बजट में योजना के तहत खर्च की जाएगी।

जानकारी के अनुसार वाटरशेड परियोजना के तहत जिले के सीधी विधानसभा अंतर्गत 8 पंचायतों में उडैसा, बरहाई, भगोहर, सेंदुरा, कोचिला, डोल, कोठार, बरमबाबा एवं तेगवा में निर्माण कार्य किया गया था। हर पंचायतों में करीब 80-80 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई थी। जिसके तहत पंचायतों में तालाब, स्टाप डेम, मेढ़ बंधान सहित अन्य निर्माण कार्य कराए गए हैं। इस राशि में से 47

प्रतिशत खर्च निर्माण कार्य को लेकर खर्च कराया गया है। जिसकी राशि 5 करोड़ 91 लाख रुपए से ज्यादा बताई गई है। यह राशि वर्ष 2022 से लेकर अब तक खर्च होना बताया गया है। इसके अलावा 53 प्रतिशत राशि में से अन्य मदों में खर्च की गई है। जिसमें कि एग्रीकल्चर के नाम पर 15 प्रतिशत, समूह में आधा बैंक एवं आधा विभाग से राशि दी गई है। पूरे निर्माण कार्य में मैनेजमेंट सहित अन्य मामलों में राशि खर्च होने सहित जानकारी दी गई है। अब तक के बजट में एक करोड़ 90 लाख शेष बचा हुआ है जिसमें 34 लाख रुपए खर्च हो चुका है। शेष राशि के लिए योजना बनाकर जरूरतमंद स्थानों में खर्च की जाएगी।

कृषक सुविधा को दिया गया है विशेष महत्व

विभाग की जानकारी के अनुसार कृषक उत्पादन संगठन एफपीओ के तहत किसानों को समस्त कृषि उत्पादन कार्य में संलग्न होकर सामूहिक रूप से व्यावसायिक गतिविधियों को संचालित करने के लिए प्रधानमंत्री की इस योजना, वाटरशेड विकास अंतर्गत जिले में दो परियोजनाएं संचालित हैं। भारत सरकार के गाइडलाईन के अनुसार इन दोनो परियोजनाओं में राशि जारी की गई है। साथ ही विभाग द्वारा सब्जी एवं फलदार पौधे तथा नर्सरी का काम कृषि आदानों की सस्ते दरों पर उपलब्ध कराना, मौसम की जानकारी हेतु फसल सहित अन्य कई निर्माण कार्य शामिल किए गए हैं।

अन्य योजनाओं के नाम पर भी जारी की गई राशि

वाटरशेड में मिलने वाली राशि में अन्य योजनाओं के तहत भी राशि जारी की गई है जिसमें कि प्रोटेक्शन सिस्टम में 15 प्रतिशत, मैनेजमेंट कार्य 10 प्रतिशत, संस्थागत बिल्डिंग 3 प्रतिशत, डिजेट प्रोजेक्ट 1 प्रतिशत सहित कई ऐसी मद हैं जिनकी राशि खर्च की गई है।

शासन की गाइडलाईन के तहत हुआ है निर्माण कार्य: दीपक

इस संबंध में जिला परियोजना अधिकारी वाटरशेड दीपक अहिरवार ने बताया कि शासन द्वारा जो राशि जारी की गई है उसमें अक्सर पंचायतों सहित अन्य निर्माण कार्यों के नाम पर राशि खर्च की गई है। जिसमें कि 105 निर्माण कार्य पूर्ण हो चुके हैं। हर पंचायतों को 80-80 लाख रुपए खर्च की गई है। उन्होने बताया कि मत्सय पालन कराने के लिए भी राशि जारी की जाएगी। जिला पंचायत सीईओ के मार्फत विभाग काम कर रहा है।

किसानों के लिए बनाया गया विधिवत भवन

विभाग द्वारा फर्मर प्रोड्यूटर के तहत किसान बिजनेट मॉडल डेवलपमेंट को लेकर सीधी एवं कुसमी अंतर्गत डोल एवं टमसार में 34-34 लाख रुपए का प्रोजेक्ट बनाया गया। जहां कि सर्वसुविधायुक्त भवन बनकर तैयार है। जिसके तहत किसानों को इसका फायदा हो रहा है। साथ ही पौधरोपण में भी विभाग द्वारा शासकीय एवं निजी जमीन में करीब 15 हजार पौधरोपण इसी सत्र में किया जा चुका है।

25वीं राज्य स्तरीय वूशु प्रतियोगिता सिवनी में सीधी को 8 गोल्ड मेडल

सीधी। 25वीं राज्य स्तरीय वूशु प्रतियोगिता सिवनी में सीधी के खिलाड़ियों ने 8 गोल्ड मेडल सहित कुल 14 पदक जीते। पुलिस अधीक्षक डॉ. रविन्द्र वर्मा तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में पुलिस सामुदायिक भवन में (वूशु ट्रैनिंग सेंटर पुलिस लाइन सीधी) में खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया जाता है। विगत वर्ष की तरह इस वर्ष भी सीधी जिले के वूशु मार्शल आर्ट्स के खिलाड़ी 25वीं राज्य स्तरीय चौंपियनशिप जोकि सिवनी जिले में दिनांक 7 व 8 सितंबर 2024 को आयोजित हुई जिसमें सीधी से 16 खिलाड़ियों का दल गया था । सीधी वूशु खिलाड़ियों का 8 गोल्ड, 4 सिल्वर, 2 ब्रॉन्ज मेडल रहा जिसमें वैष्णवी त्रिपाठी 45 केजी , अनिशा यादव 56 केजी, ईक्षा तिवारी 65 केजी, आयुष कुमार वर्मा 56 केजी, पवन यादव 80 केजी, जगमोहन कुशवाहा 52 केजी, प्रियंका केवट 48 केजी , पियूष प्रताप सिंह ताऊलु में गोल्ड मेडल रहा । इसी प्रकार बाल कुमार लीनिया 60 केजी में सिल्वर, काजू सोधिया ताउलु (काता) में 3 सिल्वर रहा , व अवनी मिश्रा 21 केजी ब्रॉन्ज

मेडल,आलशीला केवट 42 केजी में ब्रोंज मेडल रहा । वही आशुतोष केवट 24 केजी, सुरियांस सिंह चौहान 32 केजी, अनुज तिवारी 38 केजी, अंकित सेन 48 केजी में सहभागिता रही। टीम मैनेजर गुंजन मिश्रा थी। ये सभी खिलाडी वूशु ट्रैनिंग सेंटर पुलिस लाईन सीधी में खेल एवं युवा कल्याण विभाग के कुशल जिला खेल प्रशिक्षक मानिंद शेर अली खान द्वारा खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया जाता है। प्रतियोगिता का आयोजन तीन आयु समूहों में किया गया था । सिनियर 18 वर्ष और उससे अधिक, सब जूनियर 12 से 14 वर्ष, सबजूनियर 12 वर्ष से कम। इस स्पर्धा में चयनित सीनियर खिलाड़ी आगामी सीनियर राष्ट्रीय स्पर्धा देहरादून में दिनांक 22 सितंबर से भाग लेंगे। म ध य प्रदेश से सभी वर्गों के कुल 52 खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय स्पर्धा हेतु किया गया ।

सब जूनियर राष्ट्रीय स्पर्धा का आयोजन दिसंबर में ओडिसा में प्रस्तावित है। जिला खेल अधिकारी अरविंद कुमार श्रीवास्तव के द्वारा इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए मेडल लाने पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नेशनल में भी सभी को मेडल लाना है व नेशनल गेम में भी सीधी का नाम रोशन करना है। स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन का वास होता है और स्वस्थ मन में स्वस्थ विचार आता है। खेल खेलो, स्वस्थ रहो और राष्ट्र अभिमान बढ़ाओ।

माकपा महासचिव के निधन पर गहन शोक

सीधी। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव कॉमरेड सीताराम येचुरी के निधन पर गहन शोक व्यक्त कर श्रद्धांजलि अर्पित की है। भाकपा ने कॉमरेड सीताराम येचुरी के निधन को कम्युनिस्ट आन्दोलन की बहुत बड़ी क्षति बताया है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य परिषद सदस्य कामरेड आनंद पांडेय, सुंदर सिंह सचिव माकपा, उमेश तिवारी संयोजक रोको टोको ठोंको, कामरेड प्रमोद शुक्ल, कामरेड ब्रद्री मिश्रा, कामरेड माधव पांडेय ने यहां जारी एक विज्ञप्ति में बताया कि कम्युनिस्ट आन्दोलन में कॉमरेड सीताराम येचुरी का अवदान

अविस्मरणीय है। वे एक आदर्श, जुझारू कम्युनिस्ट और मार्क्सवादी चिंतक के रूप में प्रतिष्ठित रहे हैं। अपने छात्र जीवन से लेकर माकपा के नेतृत्व के सर्वोच्च पद तक जिस गरिमा और निष्ठा के साथ उन्होंने अपने दायित्व का निर्वहन किया,वह अविस्मरणीय है।भाजपा सरकार के खिलाफ़ विपक्षी दलों के संयुक्त आन्दोलन और लोकसभा चुनाव में विपक्षी दलों के गठबंधन में भी कॉमरेड सीताराम येचुरी की प्रभावकारी भूमिका रही है। कॉमरेड सीताराम येचुरी का निधन हमारे वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य और कम्युनिस्ट आन्दोलन की बहुत बड़ी क्षति है।

फरार आरोपियों की गिरफ्तारी पर 18 हजार का ईनाम

सीधी। पुलिस अधीक्षक डॉ. रविन्द्र वर्मा ने फरार आरोपियों की गिरफ्तारी पर 18 हजार रूपये का इनाम घोषित किया है। उन्होंने कहा है कि जो भी व्यक्ति आरोपी को गिरफ्तार करेंगा या गिरफ्तारी के लिए ऐसी सूचना देगा जिसके आधार पर फरार आरोपी की गिरफ्तारी हो सके इनाम राशि के पुरस्कार से पुरस्कृत किया जायेगा। इनाम वितरण का अंतिम निर्णय पुलिस अधीक्षक का मान्य होगा। पुलिस अधीक्षक डॉ. वर्मा ने बताया कि ग्राम कस्बा रामपुर नैकिन थाना रामपुर नैकिन जिला सीधी के पीरखांन उर्फ बाबा खान पिता अकबर खान की गिरफ्तारी पर 05 हजार रूपये एवं दो अज्ञात फरार अरोपियों की गिरफ्तारी पर 13 हजार रूपये का ईनाम घोषित किया गया है। उक्त के संबंध में अधिक जानकारी पुलिस अधीक्षक कार्यालय सीधी से प्राप्त की जा सकती है।

भगवान भरोसे चल रहा आयुर्वेदिक अस्पताल

आयुर्वेदिक हॉस्पिटल को लेकर लोगों में दिखी नाराजगी

सीधी। जिले के बहरी में स्थित आयुर्वेदिक औषधालय में काफी लापरवाही देखने को मिल रही है। यहां दो नर्स पदस्थ हैं लेकिन अस्पताल में अक्सर नदारद रहती हैं। जिस वजह से आम जनता को इस आयुर्वेदिक अस्पताल का लाभ नहीं मिल रहा है। स्थिति यह है कि लोग आते हैं लेकिन जब डॉक्टर एवं नर्स नहीं रहते तो लोगों को वापस जाना पड़ता है। कई बार शिकायत भी की गई परंतु इसका कोई असर देखने को नहीं मिल रहा है। इस संबंध में जिला अधिकारी प्रमोद से बात की गई तो वह फोन उठाने से इंकार कर देते हैं। अस्पताल को

लेकर किसने क्या कहा उनकी बातचीत हम प्रशासनिक अमले तक पहुंचाने के लिए दे रहे हैं।

10 दिन से आने के बाद भी नहीं मिलते डॉक्टर: बृजेश

इस संबंध में बहेरा निवासी बृजेश पाण्डेय ने कहा कि शासकीय आयुर्वेदिक औषधालय बहरी में 10 दिन से आ रहा हूं लेकिन यहां कोई डॉक्टर नहीं मिलते। इसकी शिकायत मैंने किया लेकिन अभी तक व्यवस्था नहीं की जा रही है। जिससे आम जनता को काफी परेशानी हो रही है।

अव्यवस्था पर ध्यान देने की जरूरत: राहुल

इस मामले में राहुल पाण्डेय निवासी देवगवां ने बताया कि भारी अव्यवस्था है यहां दो-दो डॉक्टर पदस्थ हैं लेकिन काम नहीं करते। वहीं नर्स भी आना उचित नहीं समझती हैं। जिस वजह से लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है।

मारपीट के आरोपियों को सजा

सीधी। अपर सत्र न्यायालय ने मारपीट के आरोपियों को 1-1 हजार के अर्थदंड एवं न्यायालय उठने तक की सजा सुनाई। बताया गया कि दिनांक 6 जून 2019 को पुलिस चौकी सेमरिया थाना चुरहट में सीएचसी चुरहट से आहत रामसुमिरन जायसवाल को मारपीट के कारण आयी चोटों के संबंध में सूचना प्राप्त हुई। जिसकी जांच में पाया गया कि दिनांक 6 जून 2019 को विनोद साकेत अपनी आटो खड़ा करने के लिए रामसुमिरन की जमीन के सामने झोपड़ी बना रहा था। जिसे रामसुमिरन ने मना किया तो विनोद, रजनी, पूनम, अमर व विनोद की पत्नी ने उसके साथ हाथ, मुक्का व डंडा से मारपीट की। जांच उपरांत अभियुक्तगण के विरूद्ध थाना चुरहट में अपराध क्रमांक 309/2019 अंतर्गत धारा 323, 324, 34 भादसं की प्रथम सूचना रिपोर्ट लेखबद्ध की गई व प्रकरण विवेचना में लिया गया। पुलिस द्वारा विवेचना उपरांत अभियोग पत्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। जिसके न्यायालयीन प्रकरण क्रमांक 102/21 में शासन की ओर पैरवी करते हुए लोक अभियोजक सुखेन्द्र द्विवेदी द्वारा अभियुक्तगण को संदेह से परे प्रमाणित कराया गया। परिणामस्वरूप प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश सीधी के न्यायालय के प्रथम अतिरिक्त न्यायाधीश जिला सीधी की न्यायालय के द्वारा अभियुक्तगण विनोद साकेत तनय शिवनन्दन साकेत उम्र 32 वर्ष, रजनी साकेत पत्नी शिवनन्दन साकेत उम्र 50 वर्ष, पूनम साकेत पत्नी प्रेमलाल साकेत उम्र 38 वर्ष मृत, अंबिका साकेत तनय शिवनन्दन साकेत उम्र 22 वर्ष, अमर साकेत तनय शिवनन्दन साकेत उम्र 29 वर्ष, सुनीता साकेत पत्नी विनोद साकेत उम्र 21 वर्ष निवासीगण ग्राम कथरिहा चौकी सेमरिया थाना चुरहट जिला सीधी प्रत्येक को धारा 148 भादसं के आरोप में न्यायालय उठने तक का कारावास एवं 1-1 हजार रुपए अर्थदण्ड एवं धारा 324/149 भादसं के आरोप में न्यायालय उठने तक का कारावास एवं 4-4 हजार रुपए अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

डेगू-मलेरिया से पीड़ित युवक की दिल्ली में हुई मौत

सीधी। जिले के बहरी तहसील अंतर्गत भनमारी निवासी युवक की डेगू-मलेरिया की चपेट में आने से मौत हो गई है जो कि दिल्ली में एक प्रायवेट कंपनी में कार्यरत थे। उनकी मौत के बाद गांव में शोक की लहर छाई हुई है। बताया गया है कि पुनीत पाण्डेय पिता अशोक पाण्डेय निवासी भनमारी हाल मुकाम पताई उम्र 28 वर्ष दिल्ली में प्रायवेट कंपनी में काम कर रहे थे। जिन्हें कि डेगू-मलेरिया हो गया था। उपचार के दौरान दिल्ली में ही उनकी मौत हो गई है। मालूम हो कि कांग्रेस मंडल बहरी अध्यक्ष परमजीत पाण्डेय के भतीजे हैं। उनके निधन से शोक की लहर छाई हुई है। जिनका पार्थिव शरीर दिल्ली से एंबूलेंश के माध्यम से गुरुवार को लाया गया है। निधन से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर बनी हुई है। बताया गया है कि अशोक पाण्डेय का इकलौते पुत्र थे।

विद्यालय के सामने कचरों का ढ़ेर, खुली स्वच्छता की पोल

सीधी। स्वच्छता अभियान को लेकर हर जगह पहल करने की बात कही जाती है लेकिन शासकीय विद्यालयों के सामने जब कचरों का ढ़ेर होता है कि यह माना जा सकता है कि स्वच्छता अभियान की पोल खुल रही है। यह हालात जनपद पंचायत सिहावल के अंतर्गत ग्राम पंचायत डिहुली खास में शासकीय प्राथमिक विद्यालय डिहुली खास विद्यालय भवन के सामने बना हुआ है। इस संबंध में ग्राम पंचायत के सरपंच विजय पटेल ने स्कूल के प्रधानाध्यापक के मना करने के बाद भी विद्यालय के सामने

सरकार के स्वच्छता अभियान के तहत कचरा घर बना दिया गया है। जब कचरा घर पूरी तरह से भर गया तो उसको खाली करने के लिए ग्राम पंचायत के सरपंच और सचिव जिम्मेदारी नहीं समझ रहे हैं। स्कूल के प्रधानाध्यापक ने कई बार सरपंच से आग्रह किया पर कोई सुनने को तैयार नहीं है। वहीं स्कूल के छात्रों द्वारा कहा गयो कि हम लोगों को विद्यालय में आने-जाने सहित मध्यान भोजन खाते समय काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, गंध हवा आती है। प्रधानाध्यापक ने बताया कि हमने इसकी लिखित रूप में सूचना अपने संकुल केंद्र में दिया है पर किसी भी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं हो रही है। विद्यालय के सामने कचरा घर बनाना घोर लापरवाही दिख रहा है। कहीं ना कहीं राजनीति होती दिखाई दे रही है। वहीं विद्यालय के बच्चे और वहां के प्रधानाध्यापक सरकार और प्रशासन से कचरा घर हटाने की मांग किये हैं।

हत्या के आरोपी को आजीवन सश्रम कारावास की सजा

सीधी। सत्र न्यायालय सीधी ने हत्या के आरोपी को सुनवाई के पश्चात आजीवन सश्रम कारावास की सजा से दंडित किया है। मीडिया सेल प्रभारी, लोक अभियोजन सीधी द्वारा बताया गया कि दिनांक 20 अप्रैल 2023 को रात के लगभग 12 बजे से 1 बजे के बीच ग्राम करमाई दमका टोला थाना मझौली क्षेत्र अंतर्गत अभियुक्त दादूलाल बैगा ने मृतक राजरूप बैगा को अभियुक्त की पत्नी के साथ गलत काम करते देख लिया। जिससे गुस्से में आकर उसने चारपाई के पास पडी लोहे की पहसुल उठाकर मृतक राजरूप के छाती में मार दिया। जिससे मृतक लहू लुहान हो गया और उसके घर से चला गया। हालत गंभीर हो जाने से वह रोड के किनारे बाडी के पास गिर गया और उसकी मृत्यु हो गई। घटना की शिकायत पर थाना मझौली जिला सीधी में अपराध क्रमांक 417/23 अंतर्गत धारा 302, 201 भादवि का अपराध पंजीबद्ध किया गया एवं मामले की विवेचना पश्चात अभियोग पत्र सत्र न्यायालय सीधी के समक्ष प्रस्तुत किया गया। जिसके न्यायालयीन सत्र प्रकरण क्रमांक 101/23 में शासन की ओर पैरवी करते हुए लोक अभियोजक सुखेन्द्र द्विवेदी द्वारा अभियुक्त को संदेह से परे प्रमाणित कराया गया। परिणामस्वरूप प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सीधी की न्यायालय के द्वारा अभियुक्त दादूलाल बैगा तनय चन्द्रभान बैगा उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम करमाई थाना मझौली जिला सीधी मप्र को धारा 302 भादवि के अपराध में आजीवन सश्रम कारावास एवं 2 हजार रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

स्टॉल लगाकर भाजपा प्रदेश मंत्री ने दिलाई सदस्यता

सीधी। भारतीय जनता पार्टी द्वारा पूरे देश में सदस्यता को संगठन पर्व के रूप में आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में भारतीय जनता पार्टी मध्य प्रदेश के प्रदेश मंत्री और सीधी जिला संगठन प्रभारी राजेश पाण्डेय, भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान ने नगर मंडल के स्थानीय गांधी चौक में स्टॉल लगाकर लोगों को भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने के लिए प्रेरित किया और सैकड़ो लोगों को मोबाइल के माध्यम से डिजिटल सदस्यता ग्रहण कराई। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिला उपाध्यक्ष प्रमोद द्विवेदी, संदीप शर्मा, जिला महामंत्री डॉ. मनोज मिश्रा,

विनोद साकेत, जिला मीडिया प्रभारी सुरेंद्र मणि दुबे, महिला मोर्चा अध्यक्ष पूनम सोनी, मंडल अध्यक्ष मुनिराज विश्वकर्मा, मंडल महामंत्री हीरालाल कोरी, अनु पाण्डेय, महिमा तिवारी, जितेंद्र सिंह परिहार, नरेंद्र गौतम सहित विभिन्न मोर्चा, प्रकोष्ठ के पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता स्थानीय गांधी चौक में सामूहिक रूप से आने जाने वाले लोगों को भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता के लिए प्रेरित करते हुए डिजिटल सदस्यता दिलाई। जिसके कारण नगर में भाजपा की सदस्यता के प्रति लोगों का कौतूहलए, रुझान और उत्सुकता देखी गई।

रेल पीड़ित किसानों को लेकर 22वें दिन भी धरना जारी

सीधी। शिवसेना प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक पाण्डेय ने जानकारी देते हुए बताया कि लगातार 22 में दिन पीड़ित किसान मजदूर साथियों के साथ अनिश्चितकालीन आमरण अनशन चालू है आगे भी जारी रहेगा। जब तक इन भूमिहीन पीड़ित परिवारों को स्थाई नहीं किया जाता ललितपुर सिंगरौली रेल लाइन प्रभावित किसान मजदूर का उनका अधिकार नहीं मिलता तब तक यह लड़ाई जारी रहेगी। जिम्मेदार प्रशासन ने अपनी कार्यवाही को लेकर अस्वस्थ किया है। बहुत जल्द कार्रवाई की बात कही है लेकिन पहले भी मैं बता चुका हूं कि आश्वासन नहीं कार्यवाही चाहिए व्यवस्था परिवर्तन चाहिए।

लैब टेक्नीशियन की हुई भवभीनी विदाई

सीधी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिहावल अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बहरी में पदस्थ लैब टेक्नीशियन शालिनी पनाडिया का स्थांतरण बहरी से जिला अस्पताल सिंगरौली के लिए हो गया है। जिसके बाद आज बहरी अस्पताल में स्टॉप और आशा कार्यकर्ता के मौजदगी में विदाई समारोह आयोजित किया गया। मौके पार उपस्थिति रहे चिकित्सा अधिकारी बहरी ने उज्वल भविष्य की कामना एवम गणमान्य नागरिक, आशा कार्यकर्ता ने भी वस्त्र श्रीफल देकर सम्मान पूर्वक विदाई की। वहीं पर स्टॉप ने कहा कि जो की 3 साल का कार्यकाल रहा वो जो आत्मीयता एवम लगाव समय के अनुसार चाहे स्टॉप क्षेत्रीय जन प्रतिनिधि में बराबर रहा है। इनके साथ साथ हर स्टॉप इनके कार्य की सराहना करते हुए शुभकामन्ये

देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की है। वहीं पार शालनी पनडिया ने कहा की बहरी क्षेत्र के लोगो वा स्टॉपो का बराबर से सहयोग प्राप्त हुआ है। वो हम कभी न भूलने बाला पल रहा है। मेने सिर्फ 3 साल के दरमियान जो सेवा दिया सभी का बेहतर सहयोग मिला। इस दौरान सुमित्रा पटेल नर्सिंग ऑफिसर, सोनम गौतम नर्सिंग ऑफिसर, कमलेश जायसवाल, सीताशरण तिवारी, माया वर्मा, सुभाष तिवारी, रजनीश तिवारी, प्रिंस एवं साथ-साथ आशा कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

संपादकीय

रेल सुरक्षा

ट्रेन को पटरी से उतारने की साजिश की जितनी निंदा की जाए, कम है। उत्तर प्रदेश के कानपुर में रविवार देर रात प्रयागराज-भिवानी कालिंदी एक्सप्रेस पटरियों पर रखे एलपीजी सिलेंडर से टकरा गई, यह तो अच्छा था कि सिलेंडर में विस्फोट नहीं हुआ। सिलेंडर टकराकर दूर चला गया और ट्रेन को पटरी से उतारने की साजिश नाकाम हो गई। पुलिस ने अपने स्तर पर इस घटना को गंभीरता से लिया है और वह इसे बड़ी साजिश मान रही है, तो आश्चर्य नहीं। पुलिस को हर हाल में उस व्यक्ति या उन व्यक्तियों तक पहुंचना चाहिए, जिन्होंने ऐसे दुस्साहस को अंजाम दिया है। आजकल वैसे भी ट्रेनों की औसत गति काफी बढ़ गई है और पटरियों पर एक के पीछे एक इतनी ट्रेनें दौड़ रही हैं कि उन्हें समय से चलाना और गति के साथ चलाना अनिवार्य होता जा रहा है। कालिंदी एक्सप्रेस भी काफी तेज गति से आगे बढ़ रही थी। अगर उससे टकराकर सिलेंडर में विस्फोट होता, तो बहुत बड़ा नुकसान हो सकता था। फोरेंसिक टीम जांच में लग गई है, अपराधियों तक पहुंचना और उनके पूरे मनसूबे को जानना जरूरी है, ताकि सुरक्षा के प्रबंध को पुख्ता किया जा सके। ऐसे गंभीर मामलों में जांच एजेंसियों को लीपापोती से बचते हुए खतरों को देखने-समझने की कोशिश करनी चाहिए। रेल संचालन जितना महत्वपूर्ण है, उससे कहीं ज्यादा महत्वपूर्ण है, ऐसे अपराधी तत्वों पर अंकुश। वैसे ध्यान रहे, 17 अगस्त को वाराणसी-अहमदाबाद साबरमती एक्सप्रेस के 22 डिब्बे कानपुर के पास ही पटरी से उतर गए थे, जब इंजन एक वस्तु से टकरा गया, जिसे लोको पायलट ने चट्टान बताया। इसके अलावा, उत्तर प्रदेश के गोंडा जिले में चंडीगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस के पटरी से उतर जाने से चार यात्रियों की जान चली गई थी। कालिंदी एक्सप्रेस के साथ हुई ताजा घटना कितना गंभीर रूप ले सकती थी, यह हमें जरूर सोचना चाहिए। ध्यान रहे, 20 अगस्त 1995 को कालिंदी एक्सप्रेस एक नीलगाय से टकराकर खड़ी थी और उसे पुरुषोत्तम एक्सप्रेस ने पीछे से टक्कर मार दी थी। उस हादसे में 350 से ज्यादा लोगों की मौत हुई थी।

कश्मीरी की सोच बताएंगे विधानसभा चुनाव

(अशोक मधुप)

जम्मू-कश्मीर में कुल 114 विधानसभा सीटें हैं लेकिन राज्य में विधानसभा सीटों के डिलिमिटेशन के बाद चुनाव केवल 90 सीटों पर ही होंगे। इसकी भी वजह है कि 24 सीटें पीओके यानि पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर के लिए हैं।

जम्मू-कश्मीर विधानसभा लिए 18 सितंबर से एक अक्टूबर 2024 तक तीन चरणों में चुनाव होने हैं। नतीजे आठ अक्टूबर 2024 को घोषित किए जाएंगे। इन चुनाव के परिणाम बताएंगे कि कश्मीर की जनता क्या चाहती है। आर्टिकल 370 हटने के बाद जम्मू-कश्मीर में बडी तादाद में विकास हुआ। शांति लौटी। रोज की होने वाली पत्थरबाजी से जम्मू?कश्मीर की मुक्ति मिली। सिनेमा हाल खुल गए। पर्यटक आने लगे। मुहर्रम के जुलूस निकलने लगे। कश्मीर में बहुत कुछ बदल गया है, इसके बावजूद देखना यह है कि कश्मीर का मतदाता क्या इस विकास को पसंद करता है,या उसे मजहबी कट्टरता ही मंजूर है।

जम्मू-कश्मीर में कुल 114 विधानसभा सीटें हैं लेकिन राज्य में विधानसभा सीटों के डिलिमिटेशन के बाद चुनाव केवल 90 सीटों पर ही होंगे। इसकी भी वजह है कि 24 सीटें पीओके यानि पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर के लिए हैं। राजनीतिक और प्रशासनिक परिवर्तनों के कारण इनमें से केवल 90 सीटों के लिए चुनाव होना तय है। वर्ष 2019 में जब जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम 2019 के जरिए जब आर्टिकल 370 को हटाया गया तो राज्य में चुनावी सीटों की सीमाओं को फिर से निर्धारित करने के लिए परिसीमन प्रक्रिया शुरू की। मार्च 2020 में एक परिसीमन आयोग की स्थापना की गई। इसकी अंतिम रिपोर्ट मई 2022 में जारी की गई। इस रिपोर्ट ने विधानसभा सीटों की संख्या 107 से बढ़ाकर 114 कर दी। इसमें छह सीटें जम्मू और एक कश्मीर में बढ़ी है।114 सीटों में 24 सीटें पाकिस्तान प्रशासित कश्मीर के क्षेत्रों के लिए आरक्षित हैं, इसका अर्थ है कि उन पर चुनाव नहीं लड़ा जा सकता है, इसलिए, चुनाव के लिए उपलब्ध सीटों की प्रभावी संख्या 90 है, जम्मू संभाग में 43 और कश्मीर संभाग में 47, राज्य का विशेष दर्जा खत्म होने के बाद यहां पहली बार विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं।

राज्य में पिछले विधानसभा चुनाव दस साल पहले नवंबर-दिसंबर 2014 में हुए थे। चुनाव के बाद जम्मू और कश्मीर पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी और भारतीय जनता पार्टी के गठबंधन ने राज्य सरकार बनाई। इसमें मुफ्ती मोहम्मद सईद मुख्यमंत्री बने। मुख्यमंत्री मुफ्ती मोहम्मद सईद का सात जनवरी 2016 को निधन हो गया। राज्यपाल शासन लगा पर कम समय के लिए लगा। फिर महबूबा मुफ्ती ने वहां मुख्यमंत्री पद के लिए रूप में शपथ ली। पिछली राज्य सरकार से जून 2018 में भाजपा ने पीडीपी के नेतृत्व वाली सरकार से अपना समर्थन वापस ले लिया। इसके बाद जम्मू-कश्मीर में राज्यपाल शासन लागू हो गया। नवंबर 2018 में, जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल सत्यपाल मलिक ने राज्य विधानसभा भंग कर दी। 20 दिसंबर 2018 को राष्ट्रपति शासन लगा दिया गया।

भाजपा की ओर से हाल ही में केंद्रीय गृह मंत्री और पार्टी के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी घोषणापत्र जारी किया। इसमें आतंकवाद के सफाए और हिंदू मंदिरों और धार्मिक स्थलों के पुनर्निर्माण से लेकर कश्मीरी पंडितों की सुरक्षित वापसी और पुनर्वास तक, भाजपा ने कई प्रमुख वादे किए हैं। अमित शाह ने कहा कि यह क्षेत्र में विकास, सुरक्षा और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए पार्टी के वादों और योजनाओं के अनुरूप है।

नए जम्मू और कश्मीर के लिए 25 वादों में से, भाजपा ने जम्मू और कश्मीर को राष्ट्र के विकास और प्रगति में अग्रणी बनाने के लिए आतंकवाद और अलगाववाद को खत्म करने की कसम खाई। कांग्रेस-नेशनल कॉन्फ्रेंस गठबंधन ने जम्मू-कश्मीर को फिर से राज्य का दर्जा देने और अनुच्छेद 370 को हटाने से पहले की राजनीतिक स्थिति बहाल करने का भी वादा किया है। इस बीच नेशनल कॉन्फ्रेंस ने शंकराचार्य पहाड़ी का नाम बदलकर तख्त-ए-सुलेमान और हरि पर्वत का नाम बदलकर कोह-ए-मरान करने की बात कही है। इसे कश्मीर की मुस्लिम बहुल आबादी की भावनाओं को भुनाने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है।

जम्मू-कश्मीर के चुनाव के विभिन्न दलों के स्थानीय नेता तो चुनाव प्रचार में उतर ही चुके हैं। बड़ी पार्टियों के राष्ट्रीय नेताओं की भी सभाएं शुरू हो गई हैं। जनसंपर्क अभियान चल रहा है। रोड शो निकाले जा रहे हैं। घर-घर जाकर नेता लोगों से वोट मांग रहे हैं। इस बार का विधानसभा चुनाव इस मायने में भी महत्वपूर्ण है कि कश्मीर घाटी में परिवारवादी दलों के दिन अब खत्म नजर आ रहे हैं। पिछले पांच वर्षों में जम्मू-कश्मीर के बुनियादी ढांचे का इस तरह विकास किया गया है कि पिछले दिनों श्रीनगर में जी-20 देशों की बैठक शांतिपूर्वक संपन्न हुई। इस साल अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर मुख्य कार्यक्रम भी श्रीनगर में ही आयोजित किया गया। इसमें स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाग लिया।

हालात तो ये बता रहे हैं कि कश्मीर बदल रहा है किंतु जम्मू-कश्मीर की बारामुला सीट लोकसभा सीट से आतंकवादियों को फंडिग करने के आरोप में जेल में बंद निर्दलीय उम्मीदवार अब्दुल रशीद शेख़ की जीत कुछ और ही इशारा कर रही है। उन्होंने जेल में रहते हुए जम्मू कश्मीर नेशनल कॉन्फ़्रेंस उमर अब्दुल्ला को दो लाख से भी ज़्यादा वोटों से शिकस्त दी है। बारामुला सीट पर रशीद को चार लाख 72 हज़ार वोट मिले जबकि उमर अब्दुल्ला को दो लाख 68 हज़ार वोट मिले। तीसरे स्थान पर रहे जम्मू-कश्मीर पीपल्स कॉन्फ़्रेंस के सज्जाद लोन। उन्हें एक लाख 73 हज़ार वोट मिले। अब्दुल रशीद शेख़ के स्थानीय समर्थक अब्दुल माजिद इस जीत पर बीबीसी से कहते हैं कि साल 2019 के बाद जो कुछ भी कश्मीर में हुआ, इंजीनियर रशीद की जीत उसी बात का जवाब है। उनका कहना था कि कश्मीर के युवाओं ने जिस तरह इंजीनियर रशीद का समर्थन किया है, वो इस बात को दर्शाता है कि नई पीढ़ी नए चेहरों को ढूंढ रही है और पारंपरिक राजनीति से तंग आ चुकी हैं। इंजीनियर रशीद को आतंकवाद की फ़ंडिंग के आरोप में यूएपीए के तहत साल 2019 में गिरफ़्तार किया गया था और इस समय वो दिल्ली के तिहाड़ जेल में बंद हैं। रशीद अवामी इत्तेहाद पार्टी के संस्थापकों में से एक हैं1 2019 में भी उन्होंने बारामूला से पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ा था और तीसरे नंबर पर रहे थे। इस बार उन्होंने बतौर स्वतंत्र उम्मीदवार चुनाव लड़ा था। जेल जाने से पहले इंजीनियर रशीद शांतिपूर्ण तरीक़े से कश्मीर समस्या को हल करने की वकालत करते रहे हैं। इंजीनियर रशीद जम्मू कश्मीर से संविधान के अनुच्छेद 370 को हटाने के सख़्त ख़िलाफ़ थे और इस मुद्दे को लेकर वह सड़कों पर भी उतरे थे। उन्होंने इसके विरोध में कई धरने भी दिए हैं। सरकार का दावा है कि 370 हटाने के बाद कश्मीर विकास कि राह पर आगे बढ़ रहा है और जम्मू-कश्मीर के उप-राज्यपाल मनोज सिन्हा भी बार-बार नए कश्मीर की बात कर रहे हैं। लेकिन कश्मीर में कुछ लोग इसे जबरन ख़ामोशी भी कहते हैं। उनका आरोप है कि किसी को खुलकर बात करने नहीं दी जाती है।

इंजीनियर रशीद को चुनाव प्रचार के लिए जमानत मिल गई है। देखिए क्या होता है। अमेरिका और मित्र देशों ने 20 साल अफगानिस्तान को विकास की मुख्यधारा में लाने के लिए जमकर निवेश किया था, किंतु एक झटके में वह इस्लाम के रास्ते पर चला गया। यही डर है। अभी तो कश्मीर में फौज है। देखना यह है कि बिना फौज के भी कश्मीर का रूख ये ही रहता है, या वह फिर पुराने आतंकवाद के रास्ते पर लौटता है। हालांकि हम भारतीय आशावादी है। आशा करते हैं कि सब ठीक होगा। कश्मीरी नागरिक और युवा नए कश्मीर, विकसित कश्मीर को स्वीकार कर विकास का रास्ता अपनाएगें।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)

हरियाणा के चुनावी मुद्दों से मिल रहे हैं सत्ता-विरोधी संकेत

(ललित गर्ग)

हरियाणा विधानसभा चुनावों के लिए विपक्षी इंडिया गठबंधन में शामिल कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच गठबंधन की बातचीत टूटने के बाद से कांग्रेस के जीत के सपनों को सेंध लगी है। आप ने प्रत्याशियों की दो-दो सूची जारी कर दी है, सभी 90 सीटों पर चुनाव लड़ने का ऐलान भी कर दिया है।

हरियाणा विधानसभा चुनाव के मतदान की तारीख जैसे-जैसे नजदीक आती जा रही है, राजनीतिक दलों में उठापटक हो रही है, दलबदल का सिलसिला जारी है, गठबंधन टूट रहे हैं जो नये जुड़ रहे हैं। प्रदेश में तीसरी बार सरकार बनाने को आतुर भाजपा के सामने इस बार चुनौतियां कम नहीं हैं, वही कांग्रेस लोकसभा चुनाव में मिली सफलता से अति-उत्साहित दिखाई दे रही है, आम आदमी पार्टी भी सभी सीटों पर अपने उम्मीदवार खड़े कर राजनीतिक समीकरणों को प्रभावित करने में जुटी है। हरियाणा में तू डाल-डाल, मैं पात-पात की कशमकश जोरों से चल रही है। विनेश और बजरंग पहलवान को शामिल करके कांग्रेस खुशियां मना रही थी, लेकिन 'आप' से हो रहा समझौता टूटते ही कांग्रेस की खुशियां कुछ हद तक फीकी दिखाई देने लगीं। फिर भी भूपिंदर सिंह हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस हरियाणा में अपनी बहुमत की सरकार बनाने का दावा कर रही है। भाजपा भी यहां अपनी सरकार बचाने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। इस बार हरियाणा के चुनावों पर समूचे देश की नजरे लगी है।

हरियाणा विधानसभा चुनावों के लिए विपक्षी इंडिया गठबंधन में शामिल कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच गठबंधन की बातचीत टूटने के बाद से कांग्रेस के जीत के सपनों को सेंध लगी है। आप ने प्रत्याशियों की दो-दो सूची जारी कर दी है, सभी 90 सीटों पर चुनाव लड़ने का ऐलान भी कर दिया है। फिर भी दोनों दलों में कुछ लोग हैं, जो अभी गठबंधन की उम्मीद छोड़ने को तैयार नहीं हैं, क्योंकि यही गठबंधन कांग्रेस की जीत का बड़ा कारण माना जा रहा है। इस गठबंधन के टूटन से भाजपा की निराशा के बादल कुछ सीमा तक छंटते हुए दिखाई दे रहे हैं। लेकिन भाजपा की जीत अभी भी निश्चित नहीं मानी जा रही है। भले ही 'आप' को दूर रखकर हरियाणा कांग्रेस की राज्य इकाई खुश हो रही हो, लेकिन इसका फायदा भाजपा को ही होने वाला है क्योंकि 'आप' प्रत्याशियों को जहां भी, जितने भी वोट मिलने वाले हैं, वे जाएंगे कांग्रेस के खाते से ही। इस त्रिकोणीय संघर्ष का फायदा भाजपा को ही मिलेगा।

हरियाणा कांग्रेस एवं उसके नेता प्रारंभ से ही स्वतंत्र चुनाव लड़ने के पक्ष में रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस नेताओं के मुताबिक, दस वर्षों की सत्ता-विरोधी लहर के मद्देनजर भाजपा 2019 से कमजोर स्थिति में है, जब उसे 90 सीटों की विधानसभा में 40 सीटें ही मिल पाई थीं। हाल ही में सम्पन्न लोकसभा चुनावों के नतीजे भी संकेत दे रहे हैं जहां पिछली बार की दसों सीटों की जगह उसे सिर्फ 5 सीटें मिलीं। आप को कांग्रेस के साथ गठबंधन में यहां एक लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ने का मौका मिला था, लेकिन वह हार गई थी। इसी स्थिति को देखते हुए ही प्रदेश कांग्रेस आप के साथ गठबंधन को पूरी तरह गैर जरूरी मान रहा है। लेकिन कांग्रेस का राष्ट्रीय नेतृत्व राजनीति गणित को देखते हुए आप के साथ गठबंधन को लेकर निरन्तर प्रयास करता रहा। यही कारण दोनों दल गठबंधन के लिए बातचीत की मेज पर बैठे। राहुल गांधी अब लोकसभा में विपक्ष के नेता हैं और उनकी प्राथमिकता यह है कि राष्ट्रीय स्तर पर विपक्ष के इंडिया गठबंधन की एकजुटता और उसकी मजबूती में किसी तरह की कमी न दिखे ताकि केंद्र सरकार और भाजपा पर उसका दबाव बना रहे।

हरियाणा में आप पार्टी कोई चमत्कार घटित करने की स्थिति में नहीं है। उसकी भूमिका सत्ता के गणित को प्रभावित करना मात्र है। कुछ सीटें उसके खाते में जा सकती है, जिसका रोल भविष्य की सत्ता की राजनीति में हो सकता है। अरविन्द केजरीवाल के जातीय गणित के कारण 'आप' पार्टी कांग्रेस को भारी नुकसान पहुंचा सकता है तो कुछ नुकसान भाजपा का भी कर सकती है। कम वोटों के अंतर से होने वाली जीत-हार में 'आप' पार्टी का असर साफ दिखने वाला है। देर से ही सही, हो सकता है कांग्रेस नेतृत्व को यह बात समझ में आ जाए, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी होगी। हालांकि चुनाव परिणाम आने पर ही असल माजरा समझ आएगा, लेकिन यह तय है कि भाजपा को दस साल के राज के बावजूद कमजोर नहीं माना जा सकता। लोकसभा चुनाव में भाजपा की सीटों में आई कमी के बाद विपक्ष को जो थोड़ी धार मिली है, उसका जो मनोबल बढ़ा था, उसके मद्देनजर ये चुनाव अहम माने जा रहे हैं। हरियाणा के बाद महाराष्ट्र और झारखंड में भी चुनाव होने हैं। दिल्ली विधानसभा के चुनाव भी ज्यादा दूर नहीं हैं। ऐसे में हरियाणा विधानसभा चुनाव में अगर इंडिया गठबंधन साथ मिलकर मजबूती से लड़ता और अच्छी जीत दर्ज करा पाता तो उसका असर न केवल आने वाले विधानसभा चुनावों पर बल्कि पूरे विपक्ष के मनोबल पर पड़ने वाला था। इंडिया गठबंधन के कारण सबसे ज्यादा नुकसान भाजपा को ही झेलना पड़ता है। इसलिये इस गठबंधन की मजबूती ही भाजपा के लिये असली चुनौती है। मध्य प्रदेश विधानसभा चुनावों को याद करें तो इस पर लगभग आम राय है कि वहां कांग्रेस को प्रदेश नेतृत्व के अति आत्मविश्वास का नुकसान हुआ। असल सवाल विपक्षी वोटों के बंटवारे का है। जिस तरह से आप प्रत्याशियों की सूची जारी कर रही है, उससे साफ है कि वह इसी पहलू की ओर इशारा कर रही है कि उसे सीटें भले न आएं, कांग्रेस को कई सीटों का नुकसान तो हो ही सकता है।

भाजपा लम्बे समय से हरियाणा में कमजोर बनी हुई है, भले ही सरकार उसी की हो। अपनी लगातार होती कमजोर स्थितियों में सुधार लाने एवं प्रदेश में भाजपा को मजबूती देने के लिये ही लोकसभा चुनाव से ठीक पहले मनोहर लाल के स्थान पर ओबीसी वर्ग के नायब सिंह सैनी को मुख्यमंत्री बनाकर सत्ता विरोधी कारकों को कम करने की कोशिश की थी, लेकिन भाजपा को उसका पूरा लाभ नहीं मिल सका। इसके मुख्य कारण सत्ता विरोधी वातावरण बना तो किसानों व बेरोजगारों की नाराजगी बड़ी चुनौती बन कर सामने आयी। भाजपा द्वारा पेश किए गए तीन विवादास्पद कृषि कानून हरियाणा में विवाद का मुख्य मुद्दा बने हुए है। राज्य के किसानों ने इन कानूनों का विरोध किया, उनका दावा है कि ये उनकी फसल की बिक्री और आय पर प्रतिकूल प्रभाव डालते हैं। केन्द्र की अग्निपथ योजना भी इन चुनावों में एक विवादास्पद मुद्दा बनी हुई है। इसने राज्य के युवाओं में चिंता पैदा कर दी है। आलोचकों का मानना है कि यह स्थायी भर्ती से दूर जाने का कदम है, जिससे सैनिकों के लिए रोजगार में अस्थिरता पैदा होती है। इन चुनावों में बेरोजगारी एक महत्वपूर्ण मुद्दा है, राज्य की बेरोजगारी दर राष्ट्रीय औसत से अधिक है। युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा करने में सरकारी नीतियों पर काफी बहस चल रही है, जिससे यह चुनावों में एक केंद्रीय मुद्दा बन गया है।

वर्ग पहेली 5490



संकेत: बाएं से दाएं

1. फिल्म जगत के साथ-साथ भजनों से खास पहचान बनाने वाली पार्श्व गायिका ने 27 अक्टूबर 1952 को जन्म लिया था (8)
7. हरण कर लेना, आकृष्ट करना, दूर करना (3)
8. प्रतिध्वनि, हमेशा, फकीर की आवाज (2)
9. बल, शक्ति, पॉवर (3)
11. हवा, वायु, बयार, समीर (3)
12. प्रेम, इश्क, मुहब्बत, प्यार (2)
13. किसी देश की वह सीमा जो किसी दूसरे से मिली हो (4)
14. अधिक भीगा, अति आर्द्र (2)
15. चीथड़ा, जीर्ण परिधान, धज्जी (2)
16. महर्षि विश्वामित्र के पिता और कुशिव राजा के पुत्र का नाम (2)
18. खौफ, डर, आतंक (2)
19. लोकमत, जनता की राय (4)
21. नदी आदि के पानी का बाढ़ (3)
22. एक बार में तली या सेंकी जाने वाली वस्तु (2)

ऊपर से नीचे

1. इन्हें पंजाबी भाषा की पहली कवियित्री माना जाता है (6)
2. आरोग्य लाभ, आराम, लाभ (3)
3. किसी हथियार आदि का पैना किनारा , राजा भोज की नगरी (2)
4. प्राचीन काल का पौन का पहाड़ा, कलछी (2)
5. उज्जयिनी के राजा चंद्रसेन की पुत्री, यह एक संस्कृत नाटक है इसके कृति के लेखक सुबंधु है (5)
6. एक बार में लादा जाने वाला समान (2)
10. यह देश लगभग तीन ओर से फारस की खाड़ी से घिरा है जिसकी राजधानी दोहा है (3)
11. कुश्तीबाज, योद्धा (5)
13. ध्यान, तपस्या, ध्यानावस्था, प्रणिधान (3)
16. लुप्त, अदृश्यमान, भूमिगत (3)
17. राष्ट्र, देश, मुल्क (3)
18. नेक, भला, उत्तम, छलहीन (2)
19. मटमैले रंग की प्रसिद्ध धातु (2)
20. 27 नक्षत्रों में से दसवां जो शिशुमार से लगा है (2)

वर्ग पहेली 5489 का हल

द्वि	टे	न		स्त्री	ड	न	
ज	ल	ज		ट	का		ब
	र	दी	फ		र	सी	द
सा		क	ल	म		मा	न
ग	ला		आ	म		वि	
र	म	क	ना		वि	ख्या	त
मा		ला		पा	र	स	
था	र		जि	र	ह		

कंपनियों से वाजिब वसूली विकास के लिए जरूरी

(हिमांशु, एसोशिएट प्रोफेसर, जेएनयू)

प्रत्यक्ष कर में सुधार की बातें पिछले दो दशकों से हो रही हैं। दुर्भाग्यवश, यह चर्चा आयकर में सुधारों के ईद-गिर्द सिमटी रही है, कॉरपोरेट टैक्स पर कम ध्यान दिया गया है। जबकि, 2019-20 तक भारत में कुल प्रत्यक्ष कर में से आधा से ज्यादा हिस्सा कॉरपोरेट टैक्स का रहा है। हालांकि, अब इसकी हिस्सेदारी आधे से कम हो गई है।

कॉरपोरेट टैक्स की वृद्धि दर में गिरावट कोई आज की परिघटना नहीं है। यूपीए-1 में 27.4 फीसदी की तुलना में यूपीए-2 में इसमें 13.1 फीसदी की गिरावट देखी गई थी। एनडीए-1 में भी यह गिरावट 11 फीसदी रही। इस गिरावट के लिए काफी हद तक सरकारें ही जिम्मेदार हैं, जिन्होंने रियायतों का पिटारा खोल दिया था। आखिरी बड़ा कदम 2019 में उठाया गया था, जब बड़े पैमाने पर कर में राहत दी गई थी। 34.69 फीसदी की औसत मानक दर के मुकाबले, घरेलू कंपनियों के लिए 22 फीसदी और नई निगमित घरेलू कंपनियों के लिए 15 फीसदी की रियायती दर तय की गई। इसका तात्कालिक नकारात्मक असर सरकारी खजाने पर पड़ा, लेकिन इसने कॉरपोरेट टैक्स सिस्टम की प्रकृति को भी बदल दिया।

साल 2007 से, केंद्रीय बजट में एक हिस्सा विभिन्न कर-उपायों से कंपनियों के लिए तय की गई करों की स्थिति और राजस्व पर पड़े प्रभावों का भी होता रहा है। इसके मुताबिक, सबसे निचली श्रेणी एक करोड़ तक सालाना लाभ कमाने वाली कंपनियों की है, जो संख्या के मामले में सबसे अधिक हैं। इसके बाद, एक से दस करोड़, दस करोड़ से पचास करोड़, पचास करोड़ से 100 करोड़, 100 से 500 करोड़ और 500 करोड़ से अधिक फायदा कमाने वाली कंपनियों की अलग-अलग श्रेणियां होती हैं। 500 करोड़ से अधिक लाभ कमाने वाली कंपनियों की संख्या सबसे कम है, लेकिन वे मिलकर काफी फायदा कमाती हैं। 2017-18 में 34.6 फीसदी की मानक दर के मुकाबले, सभी कंपनियों के लिए प्रभावी दर 29.5 फीसदी थी। 2018-19 में यह घटकर 27.8 फीसदी कर दी गई। हालांकि, इन दोनों वर्षों में अमीर कंपनियों के लिए सबसे कम कर दर तय की गई थी। उनके लिए दर 2017-18 में 26.3 फीसदी और 2018-19 में 25.9 फीसदी थी। हालांकि, 500 करोड़ तक की श्रेणियों में यह व्यवस्था अधिक तार्किक थी।

2019 की कर-छूट का नतीजा यह निकला कि प्रभावी दर 2019-20 में घटकर 22.5 फीसदी हो गई, जो पहले के वर्षों में औसतन 29 फीसदी होती थी। यह स्थिति कम से कम 2021-22 तक बरकरार रही। सबसे अमीर कंपनियों को सबसे अधिक फायदा मिला, जिनके लिए प्रभावी कर दर औसतन 26 फीसदी से घटकर 20 फीसदी हो गई। मगर एक करोड़ की श्रेणी वाली कंपनियों को नाममात्र फायदा मिला, क्योंकि उनके हिस्से में कर दर में मामूली कमी औसतन 26 फीसदी से घटकर 25 फीसदी आई। इस प्रकार, 2019 के बदलावों ने न केवल प्रभावी दरों को कम किया, बल्कि कर ढांचे पर भी बुरा असर डाला। कर-प्रोत्साहन तभी न्यायसंगत माना जाता है, जब उससे रोजगार के नए अवसर पैदा हों या निवेश बढ़ें। हमें इन दोनों मोर्चों पर नाकामी हाथ लगी। निजी क्षेत्र ने लाभ तो कमाए, पर अपने कर्मियों में भी कमी की।

आज का राशिफल

मेष

आज करियर के मामले में लाभ होगा और हर कार्य में सफलता प्राप्?त होने का दिन है। आपका भाग्?य साथ देगा और ऑफिस में बॉस भी आपके काम से प्रभावित होंगे। जीवनसाथी का सहयोग और साथ आपको हर हाल में मिलेगा और कारोबार से जुड़ी योजनाएं सफल होंगी।

मिथुन

आज करियर के मामले में हर फैसला काफी सोचकर लेने की सलाह है। आपके लिए नुकसान के योग बन रहे हैं। आपको संतान की शिक्षा और प्रतियोगिता में सफलता मिलने से हर्ष होगा। किसी मूल्यवान वस्तु के खोने या चोरी होने का भय बन रहेगा।

सिंह

आज लाभ के योग हैं और आपके लिए आमदनी के नए स्रोत बनेंगे। वाणी की सौम्यता और सम्?मान से आपको लाभ होगा। आपको शिक्षा और प्रतियोगिता के क्षेत्र में सफलता प्राप्?त होगी और कारोबार में आपका हर प्रयास सफल होगा।

वृषभ

आज करियर में लाभ होगा और आपका दिन संतोष और शांति के साथ आनंद में बीतेगा। राजनीतिक क्षेत्र में किए गए प्रयासों में सफलता मिलेगी। शासन और सत्ता से आपको हर प्रकार का सहयोग प्राप्?ह्यह्यत होगा। करियर में आपके लिए कुछ नए अनुबंध बन सकते हैं और आपकी पद, प्रतिष्ठा में

कर्क

आज भाग्?य साथ देगा और आपके लिए उत्तम संपत्ति की प्राप्ति के योग बन रहे हैं। करियर के मामले में तरक्?की के योग हैं। मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। संतान के दायित्व की पूर्ति होगी और आपके सभी रुके कार्य पूर्ण होंगे। यात्रा की स्थिति आपके लिए सुखद बन रही है।

कन्या

आज लाभ होगा और आपके रोजगार के क्षेत्र में जारी प्रयास सफल होंगे। अकल्पनीय सफलता प्राप्त होगी। संतान पक्ष से भी संतोषजनक सुखद समाचार मिलेगा। दोपहर बाद किसी कानूनी विवाद या मुकदमों में जीत आपके लिए खुशी का कारण बन सकती है।

तुला

आज लाभ होगा और आपके आनंद में वृद्धि होगी। आपके चारों ओर सुखद वातावरण रहेगा। घर परिवार के सभी सदस्यों की खुशियां बढ़ेगी। कई दिनों से चली आ रही लेन-देन की कोई बड़ी समस्या हल हो सकती है। धन हाथ में आ जाने का सुख मिलेगा। विरोधियों का अंत होगा।

धनु

आज लाभ होगा और आपको करियर के मामले में भाग्?य का साथ मिलेगा। शासन सत्ता पक्ष से निकटता व गठजोड़ का लाभ भी मिलेगा। ससुराल पक्ष से पर्याप्त मात्रा में धन हाथ लग सकता है। शाम से लेकर रात तक आपको सामाजिक सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने से सुख प्राप्?त होगा।

कुंभ

आज लाभ होगा। अकारण शत्रुपत्ति हो सकती है। अपनी बुद्धि द्वारा किये कार्यों में ही हानि हो सकती है। किसी मामले में निराशाजनक समाचार मिल सकता और आपका मन दुखी हो सकता है। कोई विपरीत समाचार सुनकर अकस्मात यात्रा पर जाना पड़ सकता है। इसलिए सावधान रहें और झगड़े से बचें।

वृश्चिक

आज दिन लाभ से भरा होगा और आर्थिक मामलों में सभी रुके कार्य पूर्ण होंगे। आपकी योजनाएं पूर्ण होंगी और हर मामले में आपको भाग्?य का साथ मिलेगा। आपको कारोबार में भाग्?य का सा मिलेगा और आपके धन सम्?मान में वृद्धि होगी।

मकर

आज करियर और आर्थिक मामलों में सफलता मिलेगी। आजीविका के क्षेत्र में चल रहे नए प्रयास सफल होंगे और आपको लाभ होगा। आपको अधीनस्थ काम करने वाले लोगों का साथ मिलेगा। शाम के समय किसी झगड़े विवाद में न पड़ें। रात्रि में प्रिय अतिथियों के स्वागत का योग बना रहेगा।

मीन

आज दिन परेशानियों से भरा होगा और कोई खास चिंता आपको पूरा दिन परेशान करेगी। दाम्पत्य जीवन में कई दिन से चला आ रहा गतिरोध समाप्त हो जाएगा। परिवार के लोगों से किसी प्रकार का लेन-देन न करें सम्बन्ध खराब होने का खतरा है। धार्मिक क्षेत्रों की यात्रा और पुण्य कार्यों पर खर्च हो सकता है।

संक्षिप्त समाचार

बिहार विधानसभा चुनाव में सभी जिलों में गठबंधन के अंदर हिस्सेदारी मांगेगी लोजपा

गया, एजेंसी। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) की बुधवार को हुई प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर चर्चा की गई। बैठक में साफ तौर पर कहा गया कि चुनाव में पार्टी सभी जिलों में अनिवार्य रूप से गठबंधन के अंदर हिस्सेदारी लेगी। गया जिले के बोधगया स्थित सांस्कृतिक केंद्र में आयोजित इस बैठक की अध्यक्षता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी ने की। बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि पार्टी के बुरे दौर में जो सहयोग उन्होंने दिया है वह बड़ी बात है। उन्होंने इसके लिए कार्यकर्ताओं का आभार भी जताया। तिवारी ने कहा कि जिन लोगों ने पार्टी को तोड़ने का काम किया, उन लोगों ने सोचा होगा कि पार्टी समाप्त हो जाएगी। लेकिन, पार्टी के नेता चिराग पासवान के नेतृत्व में पार्टी ने ऐतिहासिक कीर्तिमान स्थापित किया है। तिवारी ने पार्टी के सभी नेताओं से आगामी 28 नवंबर को पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर पटना के गांधी मैदान में प्रस्तावित ऐतिहासिक रैली को सफल बनाने की अपील की। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि पार्टी का संगठन महत्व रखता है। आने वाले आगामी विधानसभा चुनाव में पार्टी सभी जिलों में अनिवार्य रूप से गठबंधन के अंदर हिस्सेदारी लेगी। पार्टी के सांसद अरुण भारती ने मौजूद पदाधिकारियों को धन्यवाद दिया। भारती ने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ हैं। पार्टी में उनके सम्मान से कोई समझौता नहीं होगा। इसमें अगर कभी भी कोई कमी होगी, तो उसे संज्ञान में लाया जाए। कार्यकर्ताओं की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक को पार्टी सांसद वीणा देवी, प्रदेश प्रधान महासचिव संजय पासवान, पूर्व विधायक राम विनोद पासवान, राष्ट्रीय सचिव अरविंद सिंह, संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष हुलास पांडे, चुनाव अभियान प्रमुख सुरेंद्र विवेक, संजय कुमार सिंह और संजय रविदास ने भी संबोधित किया। इस बैठक में कार्यकारिणी के सभी सदस्य, पार्टी के सभी उपाध्यक्ष, सभी प्रकोष्ठों के प्रदेश अध्यक्ष, सभी जिलों के जिला अध्यक्ष और पार्टी के सभी प्रदेश प्रवक्ता शामिल हुए।

दिल्ली में ट्रैफिक चालानों पर 50प्रतिशत छूट : 1000 रुपये जगह कटेगा 500 रुपये का चालान

नईदिल्ली, एजेंसी। दिल्ली सरकार ने ट्रैफिक चालानों के निपटारे को आसान और प्रोत्साहित करने के लिए एक बड़ा कदम उठाया है। यदि आपके ऊपर भी कई पुराने ट्रैफिक चालान बकाया हैं या बार-बार चालान कटने से परेशान हैं, तो यह आपके लिए राहत की खबर है। दिल्ली सरकार ने एक नई योजना का प्रस्ताव रखा है जिसके तहत मोटर वाहन अधिनियम की कुछ धाराओं के तहत काटे गए चालानों पर 50 प्रतिशत की छूट मिलेगी। उदाहरण के तौर पर, यदि आपका जुर्माना 1000 रुपये है, तो आपको केवल 500 रुपये ही भरने होंगे। इस पहल का उद्देश्य पुराने चालानों का जल्द से जल्द निपटारा सुनिश्चित करना और चालानों के भुगतान में आ रही देरी को खत्म करना है। परिवहन विभाग द्वारा इस प्रस्ताव को तैयार करके परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत को भेजा गया था, जिसे मंजूरी मिल गई है और अब यह प्रस्ताव अंतिम अनुमोदन के लिए उपराज्यपाल के पास भेजा गया है। जैसे ही उपराज्यपाल की अनुमति मिलेगी, इस योजना से संबंधित नोटिफिकेशन जारी कर दिया जाएगा। चालानों पर छूट का लाभ उठाने के लिए मौजूदा चालानों का निपटारा नोटिफिकेशन जारी होने के 90 दिनों के भीतर किया जाना होगा। इसके बाद काटे जाने वाले चालानों का निपटारा 30 दिनों के अंदर करने पर छूट दी जाएगी।

राजनीति में महत्वाकांक्षा रखना कोई बुरी बात नहीं : सुरजेवाला

कैथल, एजेंसी। हरियाणा विधानसभा चुनाव में भाजपा, कांग्रेस, आम आदमी पार्टी सहित

अन्य क्षेत्रीय राजनीतिक दलों ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। बुधवार को कई दिग्गजों ने अपना नामांकन दाखिल किया। इस बीच कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला ने आईएएनएस से बातचीत की। हरियाणा में कांग्रेस की सरकार बनती है तो क्या वह सीएम पद के दावेदार होंगे। इस सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, 'राजनीति में महत्वाकांक्षा रखना कोई बुरी बात नहीं है और राजनीति में महत्वाकांक्षा होनी चाहिए तभी व्यक्ति आगे बढ़ सकता है' पर महत्वाकांक्षा पार्टी के अनुशासन से बड़ी नहीं हो सकती है। हमारा लक्ष्य पद पाना ही नहीं हो सकता है। रणदीप सुरजेवाला ने कहा, प्रदेश की जनता के मन की बात से लगता है कि इस विधानसभा चुनाव में कांग्रेस 70 से अधिक सीट जीतेगी। उन्होंने कहा, जीत का आंकड़ा 80 तक भी पहुंच सकता है। अगर ऐसा होता है तो किसी को हैरान होने की जरुरत नहीं है। वहीं, आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के गठबंधन पर उन्होंने कहा, मैं एक साधारण कार्यकर्ता हूं।

धान की पराली को लेकर केजरीवाल सरकार ने लिया बड़ा फैसला, किसानों को मिली राहत

नईदिल्ली, एजेंसी। केजरीवाल सरकार इस साल भी धान की पराली गलाने के लिए खेतों में बायो डी-कंपोजर का निःशुल्क छिड़काव करेगी। इसके छिड़काव से किसानों को पराली नहीं जलानी पड़ेगी, जिससे वायु प्रदूषण भी नहीं होगा और खेतों की उपजाऊ क्षमता भी बढ़ेगी। इस संबंध में विकास मंत्री गोपाल राय ने बुधवार को कृषि विभाग और पूसा कृषि अनुसंधान संस्थान के अधिकारियों के साथ बैठक की। गोपाल राय ने बताया कि दिल्ली में खेतों में पैदा किए जा रहे बासमती और गैर बासमती धान के सभी खेतों में सरकार मुफ्त में बायो डी-कंपोजर का छिड़काव किया जाएगा। इसके छिड़काव के लिए अभी तक 841 किसानों ने फॉर्म भर दिया है। सरकार इस साल 5 हजार एकड़ से ज्यादा खेतों में बायो डी-कंपोजर का छिड़काव करने का लक्ष्य रखा है।

समाधान के लिए सरकार बैठक कर रही : मंत्री गोपाल राय ने कहा कि दिल्ली के अंदर सर्दियों के मौसम में होने वाली प्रदूषण की समस्या के समाधान के लिए सरकार लगातार अलग-अलग विभागों के साथ बैठक कर अपना विंटर एक्शन प्लान बनाने की तरफ बढ़ रही है। सभी विभागों को विंटर एक्शन प्लान को लेकर 21 फोकस बिंदुओं पर अलग-अलग जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिसके तहत पर्यावरण विभाग विंटर एक्शन प्लान की संयुक्त कार्य योजना तैयार कर रही है। इस वर्ष के 21 फोकस बिंदुओं में शामिल पराली जलाना भी सर्दियों के मौसम में प्रदूषण की समस्या को बढ़ाने में एक एहम भूमिका निभाता है। ऐसे में इस समस्या पर समय रहते उचित कदम उठाए जा सकें, इसलिए हमारी सरकार ने पिछले साल की तरह इस बार भी पराली गलाने के लिए खेतों में बायो डी-कंपोजर का निःशुल्क छिड़काव करने के लिए तैयारी शुरू कर दी है।

निःशुल्क बायो डी-कंपोजर का छिड़काव किया जाएगा : मंत्री गोपाल राय ने कहा कि सरकार द्वारा इस साल पराली गलाने के लिए 5000 एकड़ से ज्यादा खेतों में निःशुल्क बायो डी-कंपोजर का छिड़काव कराया जाएगा। अभी किसानों से फॉर्म भरवाया जा रहा है। अगर जरूरत हुई तो और भी खेतों में इसका छिड़काव कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि पूसा संस्थान बायो डी-कंपोजर दिल्ली सरकार को मुहैया करा रही है।

सरकार छिड़काव की तैयारियों में जुट गई है : उन्होंने कहा कि दिल्ली के अंदर कुछ हिस्सों में ही धान की खेती की जाती है। दिल्ली में पराली से प्रदूषण न हो। इसके लिए सरकार ने पिछले साल बायो डी-कंपोजर का निःशुल्क छिड़काव कराया था और इसका बहुत ही सकारात्मक परिणाम रहा है। इसके छिड़काव से खेतों में पराली गल गई और खेतों की उपजाऊ क्षमता में भी बढ़ोतरी देखी गई। किसानों के सामने एक समस्या यह भी रहती है कि धान की फसल की कटाई और गेहूं की बुवाई के बीच में समय अंतराल कम होता है। इसलिए सरकार समय रहते अभी से इसके छिड़काव की तैयारियों में जुट गई है, ताकि सारी कवायद में देरी भी न हो और किसानों को बेहतर परिणाम भी मिल सकें।

सरकार ने किसानों से जल्द फॉर्म भरवने को कहा है : गोपाल राय ने बताया कि बायो डी-कंपोजर के छिड़काव को लेकर कृषि विभाग को किसानों से जल्द फॉर्म भरवाने के निर्देश दिए गए है। इस फार्म में किसान का डिटेल, कितने एकड़ खेत में छिड़काव करवाना चाहते हैं और फसल कटने का समय आदि का रिकॉर्ड शामिल किया जा रहा है। किसान छिड़काव की तारीख भी फार्म में दर्ज करेंगे, ताकि उसी हिसाब से उनके खेत में छिड़काव का इंतजाम किया जा सकें। अभी तक 841 किसानों ने फॉर्म भरा है। साथ ही दिल्ली के अंदर किसानो के बीच बायो डी-कंपोजर के छिड़काव को लेकर टीम द्वारा जागरूकता अभियान भी चलाए जा रहे हैं। बायो डी-कंपोजर का छिड़काव सितंबर के अंतिम सप्ताह से शुरू कर दिया जाएगा। इसके लिए सभी संबंधित विभागों को जरूरी निर्देश दे दिए गए हैं।

हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए आप और कांग्रेस ने की और उम्मीदवारों की घोषणा

चंडीगढ़, एजेंसी। आम आदमी पार्टी (आप) ने हरियाणा विधानसभा चुनाव 2024 के लिए अपने उम्मीदवारों की छठी लिस्ट जारी कर दी है। इस लिस्ट में 19 उम्मीदवारों के नाम शामिल हैं। कांग्रेस पार्टी ने गुरुवार को 2 और उम्मीदवारों की एक नई सूची जारी की है। साथ ही आप ने सभी उम्मीदवारों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी है। आम आदमी पार्टी ने इससे पहले 9 उम्मीदवारों की पांचवीं लिस्ट जारी की थी। इसी के साथ आम आदमी पार्टी अब तक कुल 89 उम्मीदवारों के नामों का ऐलान कर चुकी है। दरअसल, हरियाणा में नामांकन का आज आखिरी दिन है। आम आदमी पार्टी ने पंचकूला से प्रेम गर्ग, अंबाला शहर से केतन शर्मा, कालका से ओपी गुर्जर, मुलाना से गुरतेज सिंह, शाहबाद से आशा पठानिया, पेहोवा से गेहल सिंह संधू, पानीपत शहर से रितु अरोड़ा, गुहला से राकेश खानपुर और जींद से वजीर सिंह को चुनावी मैदान में उतारा है। बता दें कि हरियाणा में 5 अक्टूबर को विधानसभा चुनाव के लिए वोटिंग होगी। 8 अक्टूबर को नतीजे घोषित किए जाएंगे। पार्टी का कांग्रेस से साथ गठबंधन नहीं हो सका है, वह अकेले दम पर ही हरियाणा के चुनावी रण में उतरने जा रही है। वहीं कांग्रेस ने करनाल विधानसभा से पूर्व विधायक सुमिता सिंह को टिकट दिया है। इसके बाद उनके घर पर समर्थकों का बधाई देने के लिए तांता लग गया। लोगों में खुशी है, ढोल नगाड़े बज रहे हैं। इस चुनाव में सुमिता सिंह का मुकाबला भाजपा के जगमोहन आनंद से होगा। कांग्रेस ने पूर्व संसदीय सचिव शारदा राठौर को बल्लभगढ़ विधानसभा से टिकट नहीं दिया है। पार्टी के इस फैसले से वह आहत हैं। उनका कहना है कि पार्टी ने गलत फैसला लिया है। हमने अपने क्षेत्र में बहुत मेहनत की। टिकट न मिलने से मैं बहुत दुखी हूं। उनका कहना है कि पार्टी ने ऐसे लोगों को टिकट दिया जिन्होंने कभी बल्लभगढ़ विधानसभा में आकर नहीं देखा।

इंडियन नेशनल लोकदल ने 11 उम्मीदवारों की लिस्ट जारी की, आदित्य चौटाला डबवाली से मैदान में

चंडीगढ़, एजेंसी। इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) ने हरियाणा विधानसभा चुनाव 2024 के लिए अपने 11 उम्मीदवारों की लिस्ट जारी की है। आदित्य चौटाला डबवाली से चुनावी मैदान में हैं। हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए देर रात इंडियन नेशनल लोकदल ने अपने उम्मीदवारों की लिस्ट जारी की। उम्मीदवारों की लिस्ट में प्रताप चौटाला के बेटे रवि चौटाला की पत्नी सुनैना चौटाला को फतेहाबाद से चुनावी मैदान में उतारा गया है। जबकि आदित्य चौटाला को डबवाली से उम्मीदवार बनाया गया है। पार्टी ने टोहाना से कुणाल करण सिंह, जुलाना से सुरेंद्र लाठर, मुलाना (एससी) से प्रकाश भारती, पुन्हाना से दया भड़ाना, नूंह से ताहिर हुसैन, पिहोवा से बलदेव सिंह वड़ैच, नीलोखड़ी (एससी) से बलवान वाल्मीकि, फिरोजपुर झिरका से मोहम्मद हबीब और इसराना (एसी) से सूरजभान नारा को चुनावी मैदान में उतारा है। इंडियन नेशनल लोकदल के प्रधान महासचिव अभय सिंह चौटाला ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर हिंदी में पोस्ट कर लिखा, हरियाणा के आगामी विधानसभा चुनावों के मद्देनजर इनेलो पार्टी ने विभिन्न विधानसभाओं के लिए अपने प्रत्याशियों की सूची जारी की है। हर प्रत्याशी अपने क्षेत्र की तरक्की और जनता की भलाई के लिए प्रतिबद्ध है।

झारखंड विधानसभा चुनावः परिवर्तन यात्रा से माहौल बनाने की तैयारी में बीजेपी

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) झारखंड चुनाव को लेकर जोर शोर से काम कर रहीं है. पार्टी इस बार झारखंड में सत्ता वापसी के लिए पूरे जी जान से जुट गई है. खबर के मुताबिक, पार्टी झारखंड में सत्ता वापसी के लिए पूरे राज्य में परिवर्तन यात्रा निकालेगी. इस परिवर्तन यात्रा के जरिए बीजेपी झारखंड की जनता तक अपने नेताओं और कार्यकर्ताओं के जरिए पहुंचेगी. इस परिवर्तन यात्रा में बीजेपी जहां एक तरफ पीएम मोदी की केंद्र सरकार की योजनाओं को बताएगी. वहीं दूसरी तरफ राज्य की हेमंत सरकार के करप्शन और नाकामियों को जनता के सामने रखेगी. खबर के मुताबिक, भाजपा इस बार दूसरे दलों के नेताओं, खासकर जिनकी जनता के बीच छवि अच्छी है, उन्हें ज्यादा से ज्यादा शामिल करने पर ध्यान दे रही है. झारखंड चुनाव को लेकर बीजेपी पूरी तरह से सजग है. खबर के मुताबिक, बीजेपी जिस किसी भी उम्मीदवार को मैदान में उतारेगी उनके बारे में स्थानीय स्तर पर सर्वे और लोकल कार्यकर्ताओं से वोटिंग भी करवा सकती है. इसी सिलसिले में झारखंड को लेकर दिल्ली में बीजेपी की बड़ी बैठक हुई. बैठक में 21 सितंबर से शुरू हो रहे परिवर्तन यात्रा को लेकर चर्चा हुई. यह परिवर्तन यात्रा 6 स्थान से शुरू होगी और 10 से 11 दिनों तक चलेगी. खबर के मुताबिक, गृहमंत्री अमित शाह हरी झंडी दिखाकर इस परिवर्तन यात्रा की शुरुआत करेंगे. इसके अलावा तमाम बड़े नेता इस यात्रा में अलग अलग समय और अलग अलग जगहों पर जुड़ेंगे. राष्ट्रीय संगठन महासचिव

बीएल संतोष के साथ बैठक में झारखंड के राजनीतिक हालात और चुनावी तैयारियों को लेकर विस्तार से चर्चा हुई. बैठक में विधानसभा चुनाव की तैयारियों की घोषणा से पहले ही उम्मीदवारों के चयन की प्रक्रिया को शुरू करने और इसके लिए कार्यकर्ताओं फीडबैक लेने पर भी चर्चा की गई. बैठक में दूसरे दलों के मजबूत और जिताऊ नेताओं के भी पार्टी में लाने पर चर्चा हुई पर ये भी ध्यान रखने को कहा गया कि स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं के मन में कोई नाराजगी ना हो. बीजेपी के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष के साथ हुई इस बैठक में झारखंड के चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान, सह प्रभारी हिमांता बिस्वा सरमा, झारखंड बीजेपी प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेई भी शामिल हुए.झारखंड बीजेपी अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और नेता प्रतिपक्ष अमर बावरी भी इस बैठक में शामिल हुए. इस बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगामी झारखंड दौरे की तैयारियों की समीक्षा की गई. पीएम मोदी 15 सितंबर को झारखंड के जमशेदपुर के दौरे पर रहेंगे. तीसरी बार देश की कमान संभालने के बाद प्रधानमंत्री का ये पहला झारखंड दौरा होगा. दौरे के क्रम में प्रधानमंत्री मोदी झारखंड की जनता को कई सौगात भी देंगे. पीएम मोदी अपने झारखंड दौरे के दौरान रोड शो और जनसभा के जरिए बीजेपी के पक्ष में माहौल बनाएंगे।

केरल के राज्यपाल ने फोन टैपिंग के खिलाफ विधायक के आरोपों पर रिपोर्ट मांगी

तिरुवनंतपुरम, एजेंसी। केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने बुधवार को मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन को पत्र लिखकर सीपीआई (एम) समर्थित विधायक पी. वी. अनवर द्वारा एडीजीपी के खिलाफ लगाए गए आरोपों और फोन टैपिंग मुद्दे पर रिपोर्ट मांगी है। राज्यपाल ने पत्र में अनवर के आरोपों को केंद्र में रखा और इस तरह के गंभीर मुद्दे पर सरकार द्वारा की गई कार्रवाई पर रिपोर्ट मांगी। उन्होंने अनवर और पथानामथिट्टा के पुलिस अधीक्षक सुजीत दास के बीच हुई टेलीफोन पर बातचीत का भी हवाला दिया। राज्यपाल ने यह भी कहा कि विधायक की टिप्पणी यह साबित करती है कि बाहरी ताकतों ने सरकार की शक्तियों का दुरुपयोग किया है, साथ ही उच्च पदस्थ पुलिस अधिकारियों की आपराधिकता को भी उजागर किया है। राज्यपाल ने कहा कि मुख्यमंत्री और अन्य मंत्रियों की फोन टैपिंग सुप्रीम कोर्ट द्वारा जारी आदेशों और दिशा-निर्देशों के खिलाफ है। उन्होंने विधायक के इस बयान की ओर भी इशारा किया कि उन्होंने भी पुलिस अधिकारियों के फोन टैप किए हैं,

जो एक गंभीर बात है और इसके खिलाफ कानूनी कदम उठाए जाने चाहिए। 1 सितंबर को नीलांबुर के विधायक पी.वी. अनवर ने केरल के कानून व्यवस्था के प्रभारी अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजीपी) एम.आर. अजित कुमार की तुलना एक कुख्यात अपराधी से की, जिसने खुद को भगोड़े डॉन दाऊद इब्राहिम की तरह पेश किया है और मंत्रियों, विधायकों और राजनेताओं के फोन टैप करने का आदेश दिया है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि उनके पास पुलिस अधिकारियों की कई फोन रिकॉर्डिंग हैं और उन्होंने अपने और पथानामथिट्टा के पुलिस अधीक्षक सुजीत दास के बीच रिकॉर्ड की टेलीफोन बातचीत को लीक कर दिया है। रिकॉर्डिंग में एसपी को यह कहते हुए सुना गया कि एडीजीपी ने एक व्यक्ति से 2 करोड़ रुपये की रिश्वत ली थी और अजित कुमार ने अपने विश्वासपात्रों को त्रिशूर और पलक्कड़ के एसपी के रूप में रखा था अनवर ने दावा किया था कि उन्होंने कथित गैरकानूनी गतिविधियों में उनकी संलिप्तता को उजागर करने के लिए उच्च पदस्थ पुलिस अधिकारियों के फोन भी टैप किए थे।

दिल्ली सेमिनार में ग्रामीण महिलाओं और युवाओं के सशक्तिकरण पर प्रकाश डाला गया

नईदिल्ली, एजेंसी। बुधवार को एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में ग्रामीण भारत में महिलाओं और युवाओं के सामने आने वाली चुनौतियों पर चर्चा की गई। ग्रामीण भारत में महिला और युवा सशक्तिकरण शीर्षक वाली यह संगोष्ठी अफ्रीकी-एशियाई ग्रामीण विकास संगठन और चकबल समूह द्वारा आयोजित की गई थी। एजेंडे में ग्रामीण महिलाओं और युवाओं के जीवन को बदलने में शिक्षा, कौशल विकास, प्रौद्योगिकी और नीति की भूमिका पर महत्वपूर्ण विचार शामिल थे। ग्रामीण महिलाओं और युवाओं को सशक्त बनाना विलेजनामा की सह-संस्थापक रश्मि सिन्हा ने ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं के लिए रोजगार के मुद्दों को दूर करने में प्रौद्योगिकी के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बेरोजगारी से निपटने और सामाजिक समावेश को बढ़ावा देने में नमो ड्रोन दीदी जैसी योजनाओं का हवाला दिया। सिन्हा ने कहा, ग्रामीण महिलाओं को अपने शहरी समकक्षों की तुलना में अलग-अलग चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, और यह महत्वपूर्ण है कि हम लक्षित हस्तक्षेपों और सहायक नीतियों के माध्यम से इन अंतरों को दूर करें। ड्रोन दीदी शबीना खातून ने कृषि परिवर्तन के लिए ड्रोन तकनीक का उपयोग करने के अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने अपने समुदाय में एक रोल मॉडल बनने की अपनी यात्रा पर चर्चा की और ग्रामीण महिलाओं को प्रौद्योगिकी को अपनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। खातून ने बताया कि इस कौशल ने उन्हें सामाजिक बाधाओं को दूर करने के लिए कैसे सुसज्जित किया है। लखपति दीदी योजना की लाभार्थी शीला यादव ने कौशल विकास और स्व-सहायता समूहों के माध्यम से वित्तीय स्वतंत्रता प्राप्त करने के बारे में बताया। उन्होंने जोर देकर कहा कि आर्थिक सशक्तिकरण सामाजिक परिवर्तन की ओर पहला कदम है। अफ्रीकी-एशियाई ग्रामीण विकास संगठन में पीपीपी और आईईसी प्रभाग के प्रमुख संजीव कुमार बेहरा ने एक मुख्य भाषण दिया जिसमें ग्रामीण महिलाओं और युवाओं की प्रगति को बाधित करने वाली प्रणालीगत बाधाओं पर ध्यान केंद्रित किया गया। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं के लिए सामाजिक, राजनीतिक और वित्तीय प्रभाव को बढ़ाने के महत्व को रेखांकित किया। बेहरा ने बताया कि जन्म से ही गहरे जड़े हुए सामाजिक मानदंड कैसे बाधाएँ पैदा करते हैं जो संसाधनों और अवसरों तक पहुँच को सीमित करते हैं। बिंदी इंटरनेशनल में सोलर प्रोजेक्ट के प्रमुख किशन सिंह ने सोलर मामा पहल पर अंतर्दृष्टि साझा की। यह कार्यक्रम ग्रामीण महिलाओं को सौर प्रौद्योगिकी में प्रशिक्षित करता है, जिससे वे सामुदायिक विद्युतीकरण परियोजनाओं का नेतृत्व करने में सक्षम हो जाती हैं।

फर्जी पासपोर्ट पर भारत में रहा तिब्बती नागरिक गिरफ्तार, साइबर जालसाज को देता था बैंक खाते

ग्रेटर नोएडा, एजेंसी। एसटीएफ गौतमबुद्ध नगर की टीम ने फर्जी दस्तावेज के जरिए भारतीय पासपोर्ट बनवाकर साइबर फ्रॉड करने वाले एक तिब्बती नागरिक को दिल्ली से गिरफ्तार किया है। आरोपी भारत में अपना नाम बदलकर रह रहा था। आरोपी के भारतीय पासपोर्ट के जरिए विदेशों में आता जाता था। वह साइबर अपराधियों के साथ मिलकर करोड़ों की साइबर ठगी भी कर चुका है। तिब्बती नागरिक ने फर्जी दस्तावेज का इस्तेमाल कर भारतीय नाम चंद्रा ठाकुर रखा और इसी नाम से पासपोर्ट भी बनवाया था। एसटीएफ अधिकारियों के मुताबिक, 11 सितंबर को एसटीएफ ने आरोपी छीन्जों थारचिंन उर्फ चंद्रा ठाकुर उर्फ तंजीम को दिल्ली के द्वारका में उसके फ्लैट से गिरफ्तार किया है। एसटीएफ के मुताबिक, उसके पास से पासपोर्ट, एक फर्जी वोटर आईडी कार्ड, एक पैन कार्ड, एक आधार कार्ड, दो एटीएम कार्ड, एक कंबोडिया का सिम कार्ड, दो मोबाइल फोन बरामद किए हैं। एसटीएफ टीम ने बताया है कि कुछ दिनों से एसटीएफ को विदेशी नागरिकों द्वारा फर्जी दस्तावेजों के जरिए भारतीय नागरिकता के दस्तावेज तैयार कर पासपोर्ट आदि बनाने की सूचनाएं प्राप्त हो रही थीं। एसटीएफ ने द्वारका में रह रहे चंद्रा ठाकुर को पूछताछ के लिए एसटीएफ ऑफिस बुलाया था। गहन पूछताछ में आरोपी के खिलाफ साइबर

फ्रॉड के लिए बैंक खाते विदेशी नागरिकों को उपलब्ध कराने के सबूत मिले। आरोपी चंद्रा ठाकुर के तिब्बती नागरिक होने की पहचान को छिपाते हुए पश्चिमी बंगाल से फर्जी दस्तावेज तैयार करके फर्जी पासपोर्ट बनाने के साक्ष्य भी एसटीएफ के हाथ लगे। इसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। एसटीएफ के मुताबिक, वह 14 साल की उम्र में भागकर तिब्बत आ गया। जहां से वह 50-60 लोगों के ग्रुप के साथ नेपाल आया और लगभग 3 माह काठमांडू के रिफ्यूजी सेंटर में रहा। वहां से दिल्ली के बुद्ध विहार रिफ्यूजी सेंटर आया। करीब एक माह बाद उसने हिमाचल प्रदेश के एक स्कूल में पढ़ाई शुरू की और लगभग 3 वर्ष पढ़ाई करने के बाद दिल्ली भाग आया था। उसके बाद धर्मशाला एवं दिल्ली के विभिन्न रेस्टोरेंट में चार साल तक काम किया। आरोपी साल 2008 में मजनू का टीला (दिल्ली) में आकर रहने लगा। वह नेपाल से चाइनीज इलेक्ट्रॉनिक सामान वहां से लाकर चोरी छिपे दिल्ली के मार्केट में बेचने लगा। धीरे-धीरे इसे चाइनीज भाषा का भी अच्छा ज्ञान हो गया। साल 2010-11 में फेसबुक पर एक महिला से दोस्ती करने के बाद गंगटोक (सिक्किम) आ गया और एक होटल में कुक का काम करने लगा। यहीं पर इसकी मुलाकात दार्जिलिंग में होटल चलाने वाले एक लड़के से हो गई। फिर वह दार्जिलिंग आकर रहने लगा। दार्जिलिंग में रहते हुए उसने चंद्रा ठाकुर के नाम से फर्जी दस्तावेजों के आधार पर आधार कार्ड, वोटर आईडी कार्ड बनवाया। इसके बाद उसने चंद्र ठाकुर के नाम से साल 2013 में भारतीय पासपोर्ट हासिल कर लिया। इसके बाद उसने चीन, मलेशिया, थाईलैंड और दुबई जैसे कई देशों की यात्राएं की। आरोपी की साल 2021 में नेपाल यात्रा के दौरान काठमांडू में चीन के रहने वाले ली से मुलाकात हुई थी। ली ने उसे नेट बैंकिंग समेत भारतीय बैंक के करंट अकाउंट को उपलब्ध कराने को कहा, जिसका प्रयोग विभिन्न प्रकार के गेमिंग ऐप, लॉगिन ऐप, ट्रेडिंग ऐप में किया गया। आरोपी ने एक भारतीय बैंक अकाउंट, चाइनीज को उपलब्ध कराया था। उस अकाउंट में लगभग साढ़े चार करोड़ रुपये का ट्रांजेक्शन होने के बाद खाता धारक ने दिल्ली के जीटीबी एनक्लेव थाने में 9 दिसंबर 2021 को मुकदमा दर्ज कराया था।

संक्षिप्त समाचार

आईपीएल ने भारतीय बल्लेबाजों को निडर बनाया, बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से पहले बोले पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान

नईदिल्ली, एजेंसी। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने निडर भारतीय बल्लेबाजों को तैयार करने का श्रेय इंडियन प्रीमियर लीग को दिया है जिन्होंने राष्ट्रीय टीम को घर से बाहर टेस्ट सीरीज में दबदबा बनाने में मदद की है। स्काई स्पोर्ट्स पर बोलते हुए पोंटिंग ने विदेशी दौरे पर भारत के अच्छे प्रदर्शन के पीछे का कारण बताया, खासकर ऑस्ट्रेलिया में जहां भारत ने लगातार सीरीज जीती हैं।

भारत ने वास्तव में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी पर दबदबा बनाया है, जिसमें ऑस्ट्रेलियाई टीम ने 2014 में अपनी आखिरी द्विपक्षीय टेस्ट सीरीज जीती थी। पोंटिंग का मानना है कि इस दबदबे के पीछे मुख्य कारण भारतीय बल्लेबाजों की विदेशी परिस्थितियों में खुद को ढालने और निडर होकर खेलने की क्षमता है। उन्होंने कहा, उन्होंने गाबा में एक गेम जीता, जो कि कभी नहीं होता। मुझे लगता है कि उनके बल्लेबाज विदेशी बल्लेबाजी परिस्थितियों के हिसाब से खुद को ढाल लेते हैं। मुझे नहीं लगता कि वे गाबा या ऑप्टस ओवल से उतने डरे हुए हैं, जितने शायद पहले थे। शायद यह चयन का मामला है, या उन्हें अब बड़े मंच से डर नहीं लगता।

पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर ने कहा, पिछले 10 सालों से आईपीएल के इर्द-गिर्द रहने के कारण मैंने देखा है कि बहुत से युवा खिलाड़ी अब बड़े मंच से नहीं डरते क्योंकि आईपीएल में बहुत दबाव होता है, यह उनके लिए विश्व कप जैसा है। उनके बल्लेबाज बहुत आक्रामक स्ट्रोक बनाने वाले खिलाड़ी हैं। वे विफल होने से नहीं डरते।

अफगानिस्तान-न्यूजीलैंड टेस्ट

बारिश के कारण चौथे दिन भी खेल रद्द

ग्रेटर नोएडा एजेंसी। अफगानिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच एकमात्र टेस्ट मैच के शुरू होने का इंतजार जारी है। दिल्ली-एनसीआर में लगातार बारिश के कारण लगातार चौथे दिन एक भी गेंद फेंके बिना खेल रद्द कर दिया गया। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने गुरुवार को एक बयान जारी कर यह जानकारी दी। इसमें आगे बताया गया है कि कल (शुक्रवार) सुबह आठ बजे मैच शुरू करने का निर्णय स्टेडियम का आकलन करने के बाद किया जाएगा। पिछले हफ्ते से शहर में लगातार बारिश हुई है और पहले दो दिन मैदान में खराब ड्रेनेज सिस्टम के कारण खेल बाधित रहा। फिर, तीसरे और चौथे दिन बारिश के कारण खेल नहीं हो पाया।

अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने पहले कहा था कि उन्हें इस टेस्ट की मेजबानी के लिए कानपुर और बेंगलुरु की पेशकश की गई थी, लेकिन उन्होंने ग्रेटर नोएडा को इसलिए चुना क्योंकि अन्य दो स्थानों का उपयोग बीसीसीआई मैचों (आगामी भारत-बांग्लादेश दूसरा टेस्ट और हाल ही में संपन्न दलीप ट्रॉफी का पहला राउंड) के लिए किया जा रहा था।

मौजूदा टेस्ट विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का हिस्सा नहीं है, लेकिन आने वाले महीनों में श्रीलंका और भारत के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज से पहले कीवी टीम के पास परिस्थितियों के अनुकूल होने का मौका जरूर है।

इंडिया वर्सेस बांग्लादेश टेस्ट

विराट कोहली इतिहास रचने से मात्र 58 रन दूर

नईदिल्ली, एजेंसी। भारतीय क्रिकेट टीम 19 सितंबर से बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज में उतरेगी तो सभी की निगाहें विराट कोहली पर होंगी। कोहली बांग्लादेश टेस्ट सीरीज में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में विश्व रिकॉर्ड बनाने के लिए तेंदुलकर को पीछे छोड़ सकते हैं। विराट कोहली को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 27,000 रन पूरे करने के लिए 58 रनों की जरूरत है।

विराट कोहली और सचिन तेंदुलकर के बीच अक्सर तुलना की जाती रही है, हालांकि सचिन हमेशा कहते रहे हैं कि बाद वाले का कोई मुकाबला नहीं है। कोहली के नाम 80 अंतरराष्ट्रीय शतक हैं और शतकों की संख्या के मामले में वह तेंदुलकर (100) के बाद दूसरे स्थान पर हैं। तेंदुलकर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे तेज 27,000 रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं जिन्होंने 623 पारी (226 टेस्ट पारी, 396 वनडे पारी, 1 टी20 पारी) में ऐसा किया है। कोहली ने अब तक सभी प्रारूपों में 591 पारियां खेली हैं और 26942 रन बनाए हैं। अगर कोहली अपनी अगली आठ पारियों में 58 रन और बना लेते हैं जो कि बहुत संभव है तो वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के 147 साल के इतिहास में 600 से कम पारियों में 27,000 रन बनाने वाले पहले क्रिकेटर बन जाएंगे। अब तक तेंदुलकर के अलावा ऑस्ट्रेलिया के रिकी पोंटिंग और श्रीलंका के कुमार संगकारा ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 27000 से ज़्यादा रन बनाए हैं। इस बीच, संभावना है कि एफ्रो-एशिया कप को फिर से शुरू किया जा सकता है।

अगर यह टूर्नामेंट वाकई शुरू होता है, तो विराट कोहली के बाबर आजम के साथ गेंदबाजी करने या शाहीन अफरीदी के जसप्रीत बुमराह के साथ मिलकर गेंदबाजी करने की संभावना खुल सकती है।

मोहम्मद आमिर ने तोड़ा भारतीय तेज गेंदबाज का रिकॉर्ड

नईदिल्ली, एजेंसी। दुनियाभर में ञ्20 क्रिकेट लीग खेली जा रही हैं जिसमें एक से बढ़कर एक गेंदबाज अपनी गेंदबाजी का जलवा बिखेर रहे हैं। इन्हीं में से एक है कैरेबियन प्रीमियर लीग यानी सीपीएल जिसमें पाकिस्तान के तेज गेंदबाज ने महज 2.3 ओवरों में नया कीर्तिमान रच दिया है। ये गेंदबाज कोई और नहीं पाकिस्तान के जाने-माने तेज गेंदबाद मोहम्मद आमिर हैं।

दरअसल, सीपीएल 2024 के 13वां मुकाबला बारबाडोस में बारबाडोस रॉयल्स और एंटीगा एंड बारबुडा फाल्कन्स के बीच खेला गया। इस मैच में बारबुडा फाल्कन्स की ओर से खेलते हुए मोहम्मद आमिर ने महज 2.3 ओवरों में गेंद से ऐसा कहर बरपाया कि भारतीय तेज गेंदबाज का बड़ा रिकॉर्ड टूट गया। आमिर ने सिर्फ 15 गेंद डाली और बिना कोई विकेट लिए बगैर विकेट लिए ही नया कीर्तिमान रच दिया।

आमिर ने भुवी को छोड़ा पीछे

पाकिस्तानी तेज गेंदबाज ने 2.3 ओवरों में महज 11 रन खर्च किए। इस दौरान उनका ओवर मेडन रहा जो ञ्20 क्रिकेट में बहुत कम ही देखने को मिलता है। इस मेडन ओवर की बदौलत मोहम्मद आमिर ने भारतीय तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार को पीछे छोड़ दिया। दरअसल, मोहम्मद आमिर अब टी20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा मेडन ओवर फेंकने वाले दुनिया के पहले तेज गेंदबाज बन गए हैं। उन्होंने भुवी को पछाड़ते हुए ये बड़ा मुकाम अपने नाम किया है। मोहम्मद आमिर दुनियाभर की टी-20 क्रिकेट में शिरकत करते हैं और यही वजह है कि वह भुवी का ये बड़ा रिकॉर्ड तोड़ने में सफल रहे हैं। दूसरी तरफ भुवी घरेलू क्रिकेट और आईपीएल खेलते हैं जहां मेडन ओवर डालना बहुत मुश्किल होता है।

टॉप-3 में शामिल हुए आमिर

मोहम्मद आमिर के नाम अब टी-20 क्रिकेट में 26 मेडन ओवर फेंकने का रिकॉर्ड दर्ज हो गया है। वहीं, भुवी ने 25 मेडन ओवर डाले हैं। हालांकि दोनों गेंदबाजों की पारियों में काफी अंतर है।

आमिर ने 302 पारियों में ये कमाल किया है जबकि भुवी के नाम 286 पारियों में 24 मेडन ओवर शामिल हैं। टी-20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा मेडन ओवर फेंकने के मामलें में आमिर अब तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। आमिर से ज्यादा मेडन ओवर सुनील नरेन और शाकिल अल हसन ने डाले हैं।

टी-20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा मेडन ओवर फेंकने वाले गेंदबाज

सुनील नरेन- 30
शाकिब अल हसन- 26
मोहम्मद आमिर- 25
भुवनेश्वर कुमार- 24
जसप्रीत बुमराह- 22

भारत की आलोचना करने का जवाब आक्रामकता से देना होगा: गावस्कर

नई दिल्ली, एजेंसी। दिग्गज सलामी बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने कहा है कि भारत की आलोचना करने का जवाब आक्रामकता से देना होगा। उन्होंने हाल ही में जो रूट के टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी के तौर पर सचिन तेंदुलकर को पीछे छोड़ने की संभावना पर की गई टिप्पणियों का हवाला दिया।

मैं 50 से ज़्यादा सालों के अनुभव के आधार पर कह सकता हूँ कि सिर्फ़ भारतीय दर्शक ही नहीं हैं जो अपनी टीम के खराब प्रदर्शन पर चुप रहते हैं, बल्कि हर देश में दर्शक चुप रहते हैं। अगर विदेशों में भारत के अच्छा प्रदर्शन करने पर कोई शोर होता है, तो इसकी वजह भारत से लंबी दूरी तय करके आने वाले भारतीय समर्थक हैं, जो स्थानीय लोगों की बजाय भारतीय टीम का उत्साहवर्धन करते हैं।

दलीप ट्रॉफी 2024

इशान किशन ने की मजबूती से वापसी

● मिला मौका और जड़ा अर्धशतक ● टी20 की तरह की बल्लेबाजी

नईदिल्ली, एजेंसी। भारतीय क्रिकेट टीम के विकेटकीपर-बल्लेबाज इशान किशन ने दलीप ट्रॉफी 2024 के दूसरे चरण के मुकाबले में इंडिया सी के लिए बल्लेबाजी करते हुए बेहतरीन अंदाज में वापसी की और इस सीजन के अपने पहले ही मुकाबले में अर्धशतक लगा दिया।

खबर लिखे जाने तक इशान किशन ने अर्धशतक पूरा कर लिया था और क्रीज पर बल्लेबाजी कर रहे थे। इससे पहले यानी पहले चरण के मुकाबले में इंजरी की वजह से वो नहीं खेल पाए थे। दूसरे चरण के मुकाबले में भी उनके खेलने की उम्मीद नहीं की जा रही थी, लेकिन उन्हें अचानक की टीम में जगह मिली और उन्होंने कमाल कर दिया। इशान किशन ने इंडिया बी के खिलाफ चल रहे मुकाबले में खेल के पहले दिन पहली पारी में खबर लिखे जाने तक 50 गेंदों पर 51 रन बना लिए थे। उन्होंने अपनी अर्धशतकीय पारी के दौरान एक छक्का और 7 चौके लगाए।

इस मुकाबले में इंडिया बी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया था और इंडिया सी की तरफ से पारी की शुरुआत कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ और साई सुदर्शन ने की थी। ऋतुराज ने 2 गेंदों पर एक चौके की मदद से 4 रन बनाए और फिर रिटायर हर्ट होकर पवेलियन वापस लौट गए।

ऋतुराज के वापस लौट जाने के बाद पहले विकेट के लिए साई सुदर्शन और रजत पाटीदार के बीच 96 रन की अच्छी साझेदारी हुई और फिर साई सुदर्शन जब 43 रन पर खेल रहे थे तब मुकेश कुमार ने उन्हें अपनी गेंद पर कैच आउट करवा दिया। इसके बाद ये मजबूत होती साझेदारी टूट गई। इसके बाद इंडिया सी के सिर्फ एक ही रन बने थे कि 97 रन के स्कोर पर ही टीम का दूसरा विकेट रजत पाटीदार के रूप में गिर गया।

ऑस्ट्रेलिया वर्सेस इंग्लैंड पहला टी-20

ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को 28 रन से हराया

नईदिल्ली, एजेंसी। इंग्लिश टीम ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। ऑस्ट्रेलियाई टीम 19.3 ओवर में 179 रन पर ऑलआउट हो गई। 180 रन का टारगेट चेज कर रही मेजबान टीम 19.2 ओवर में 151 रन ही बना सकी। ट्रेविस हेड प्लेयर ऑफ द मैच रहे। उन्होंने 23 गेंद पर 59 रनों की पारी खेली।

हेड-शॉर्ट की तेज शुरुआत, पावरप्ले की आखिरी बॉल पर विकेट

ट्रेविस हेड और मैथ्यू शॉर्ट की ओपनिंग जो?ी ने ऑस्ट्रेलिया को तेज शुरुआत दिलाई। इस जोड़ी ने पावरप्ले के 6 ओवर में 86 रन बना डाले, हालांकि 5वें ओवर की आखिरी बॉल पर हेड 23 बॉल पर 59 रन बनाकर आउट भी हुए।

उन्हें शाकिब महमूद ने कोक्स के हाथों कैच कराया। आउट होने से पहले हेड ने सैम करन के ओवर से 30 रन लिए। उन्होंने करन के ओवर में लगातार 6 बाउंड्री जमाई। इनमें 3 चौके और 3 छक्के शामिल रहे।

मिडिल ओवर में इंग्लैंड का दबदबा, लिविंगस्टोन ने 3 विकेट निकाले

पावरप्ले के बाद इंग्लिश ने दबदबा बनाया। यहां टीम ने 4 विकेट निकाले। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान मिचेल मार्श महज 2 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें पावरप्ले के बाद 7वां ओवर लेकर आए आदिल रशीद ने बोल्ड कर दिया।

फिर लियाम लिविंगस्टोन ने 11वें ओवर में मैथ्यू शॉर्ट को भी पवेलियन भेज दिया। शॉर्ट 41 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें सैम करन ने कैच किया। लिविंगस्टोन ने स्पेल के अगले ओवर में मार्कस स्टोयनिस और टिम डेविड को भी पवेलियन भेजा। स्टोयनिस ने 10 रन बनाए, जबकि डेविड खाता भी नहीं खोल सके। 14 ओवर के बाद ऑस्ट्रेलियाई टीम का स्कोर 144/5 रहा।

इंग्लिश-ग्रीन ने 33 रन जोड़े, स्कोर 179 रन

132 रन के स्कोर पर 5वां विकेट गंवाने के बाद कैमरन ग्रीन और जोश इंग्लिस ने ऑस्ट्रेलिया को 179 रन के स्कोर तक पहुंचाया। दोनों ने छठे विकेट के लिए 25 बॉल पर 33 रन की पारी खेली।

इंग्लैंड की ओर से लिविंगस्टोन ने 3 विकेट झटके। वहीं जोफ्रा आर्चर और शाकिब महमूद को 2-2 विकेट मिले।

एक दिन में दो बार हारा इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया ने तो हराया ही, आयरलैंड टीम ने भी खत्म किया 23 साल का इंतजार

नईदिल्ली, एजेंसी। 11 सितंबर को इंग्लैंड ने एक नहीं 2 मुकाबले खेले और दोनों में उसे हार का सामना करना पड़ा. एक हार तो वो रही जो उसे टी-20 सीरीज के पहले ही मैच में ऑस्ट्रेलिया से मिली. वहीं दूसरी हार उसे आयरलैंड ने वनडे सीरीज के आखिरी मैच में रसीद की.

जिस तरह से इंग्लैंड की मेंस टीम ऑस्ट्रेलिया से व्हाइट बॉल सीरीज खेल रही है. ठीक वैसे ही वहां की महिला टीम भी आयरलैंड के खिलाफ सफेद गेंद वाली सीरीज खेलने में मशगूल है. आयरलैंड की महिला टीम ने इंग्लैंड से वनडे सीरीज का आखिरी मुकाबला जीतकर ना सिर्फ अपनी क्लीन स्वीप को टाला है बल्कि 23 साल के इंतजार को भी खत्म किया है.

आयरलैंड ने 23 साल का इंतजार किया खत्म

आयरलैंड ने महिला वनडे में आखिरी बार इंग्लैंड को साल 2001 में हराया था. उसके बाद ये पहला मौका रहा जब इंग्लैंड की महिला टीम ने आयरलैंड के आगे घुटने टेके. आयरलैंड ने इंग्लैंड को वनडे सीरीज के तीसरे और आखिरी मैच में 3 विकेट से हराया, जिसमें उसके 18 साल की गेंदबाज एमी मैग्यार की बड़ी भूमिका रही.

बारिश का असर, फिर 18 साल की गेंदबाज का कहर

इंग्लैंड और आयरलैंड के बीच खेला तीसरा वनडे बारिश से प्रभावित रहा. 50 ओवर का ये मुकाबला घटाकर 22-22 ओवर का खेला गया.

इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी की पर वो पूरे 22 ओवर विकेट पर नहीं जम सकी. 20.5 ओवर में 153 रन बनाकर ही उसका खेल खत्म हो गया. इंग्लैंड की इस पतली हालत की वजह एमी मैग्यार रहीं, जिन्होंने 3.5 ओवर में 19 रन देकर 5 विकेट लिए.

भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए बांग्लादेश टीम का ऐलान, इस धाकड़ गेंदबाज को नहीं मिला मौका

नईदिल्ली, एजेंसी। बांग्लादेशी क्रिकेट टीम ने 19 सितंबर से टीम इंडिया के खिलाफ शुरू हो रही टेस्ट सीरीज के लिए अपने स्क्वॉड का ऐलान कर दिया है. टीम की कप्तानी नजमुल हुसैन शांतो के हाथों में रहेगी.

बांग्लादेशी टीम भारतीय टीम से दो टेस्ट मैचों की सीरीज खेलेगी. वहीं पाकिस्तान में लगी कमर की चोट के कारण बांग्लादेश के तेज गेंदबाज इस्लाम भारत में होने वाली दो टेस्ट मैचों की सीरीज से बाहर हो गए हैं, बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने गुरुवार को इसकी घोषणा की. पाकिस्तान में दोनों टेस्ट जीतने के बाद बांग्लादेशी टीम भारत भी उलटफेर के इरादे से आ रही है. बांग्लादेश की टीम लगभग वही है, जिसने हाल में पाकिस्तान का सीरीज में सूपड़ा साफ किया.

बांग्लादेशी टीम में सलामी बल्लेबाज महमूदुल हसन जॉय ने पाकिस्तान सीरीज से बाहर रहने के बाद भारत के खिलाफ टेस्ट टीम में वापसी की है. उन्हें कमर में चोट लगी थी.

इस्लाम की जगह किसे मिले मौका?

इस्लाम को कमर में समस्या के कारण भारत के खिलाफ सीरीज से बाहर किया गया. उन्होंने रावलपिंडी में पाकिस्तान के खिलाफ पहला टेस्ट खेला और बाबर आजम सहित तीन विकेट लिए. हालांकि कमर में चोट के कारण वह दूसरा टेस्ट नहीं खेल पाए. पाकिस्तान में बांग्लादेश के गेंदबाज खालिद अहमद पिछली सीरीज से बाहर हो गए थे.

जाकिर अली को पहली बार मौका...

बांग्लादेशी टीम में जाकिर अली अनिक को पहली बार टेस्ट टीम में शामिल किया गया. 26 वर्षीय विकेटकीपर-बल्लेबाज टेस्ट टीम में एकमात्र अनकैप्ड खिलाड़ी हैं, जिन्होंने देश के लिए 17 टी20 मैच खेले हैं. पाकिस्तान के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में मैच विजयी शतक लगाने के बाद लिटन दास के ही विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी संभालने की उम्मीद है, जाकिर अली अनिक को बैकअप विकेटकीपर के रूप में टीम में शामिल किया गया है.

चेन्नई में पहला टेस्ट, दूसरा टेस्ट कानपुर में...

भारत और बांग्लादेश के बीच 19 सितंबर को चेन्नई में पहला टेस्ट शुरू होगा, जबकि 27 सितंबर को कानपुर में दूसरा मैच शुरू होगा. आईसीसी की टेस्ट रैंकिंग में भारत बांग्लादेश से सात स्थान आगे है.

भारत के खिलाफ बांग्लादेश की 16 सदस्यीय टेस्ट टीम:

नजमुल हुसैन शांतो (कप्तान),शादमन इस्लाम, जाकिर हसन, मोमिनुल हक, मुश्फिकुर रहीम, शाकिब अल हसन, लिटन दास, मेहदी हसन मिराज, जाकिर अली, तस्कीन अहमद, हसन महमूद, नाहिद राणा, ताइजुल इस्लाम, महमूदुल हसन जॉय, नईम हसन,खालिद अहमद

पहले टेस्ट मैच के लिए भारतीय टीम- रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, विराट कोहली, केएल राहुल, सरफराज खान, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), आर अश्विन, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, आकाश दीप, जसप्रीत बुमराह और यश दयाल.

17 सितम्बर से शुरू होगा स्वच्छता ही सेवा अभियान

प्रधानमंत्री मोदी के जन्म दिन से शुरू होकर गांधी जयंती तक चलेगा अभियान

पन्ना। स्वच्छ भारत मिशन की 10वीं वर्षगांठ के मौके पर इस वर्ष का स्वच्छता अभियान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिन 17 सितम्बर से शुरू होगा। इस वर्ष स्वच्छता ही सेवा अभियान की थीम होगी स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता। यह अभियान 2 अक्टूबर महात्मा गांधी की जयंती पर संपन्न होगा। स्वच्छता अभियान में इस वर्ष अधिक से अधिक जनभागीदारी पर और स्थानीय निकायों की भागीदारी पर जोर दिया गया है। अभियान के दौरान जन-जन को स्वच्छता अपने व्यवहार में आत्मसात करने के लिये प्रेरित करने के साथ सभी स्तर पर विभिन्न गतिविधियाँ संचालित की जायेंगी।

प्रधानमंत्री श्री मोदी के जन्म दिन 17 सितम्बर को स्वच्छता ही सेवा अभियान के शुभारंभ अवसर पर मंत्रीगण अपने-अपने प्रभार के जिलों में शामिल होंगे। मंगलवार, 17 सितम्बर को स्थानीय स्तर पर परिस्थिति अनुसार नवाचार करते हुए अभियान को प्रभावी बनाया जायेगा। अभियान की शुरूआत में 17 सितम्बर को प्रदेश में किफायती दाम पर दवाईयाँ उपलब्ध कराने वाले जनऔषधि केन्द्रों का शुभारंभ भी किया जायेगा। इस वर्ष स्वच्छता ही सेवा अभियान के तीन प्रमुख केन्द्र बिन्दु होंगे। इनमें जनभागीदारी, जागरूकता और एडवोकेसी, अभियान का दूसरा स्तंभ स्वच्छता के लिये श्रमदान और स्वच्छता लक्षित इकाई का कायाकल्प। इस थीम पर उन जगहों को चिन्हित किया जायेगा, जहां लंबे समय से स्वच्छता पर विशेष ध्यान नहीं दिया गया है। ऐसे स्थानों पर पार्क, पाथ-वे और बच्चों के लिये मनोरंजन के साधन लगाने के बारे में जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में निर्णय लिया जायेगा। अभियान के तीसरे स्तंभ के रूप में सफाई कार्य में लगे सफाई मित्रों के स्वास्थ्य जांच एवं सामाजिक सुरक्षा के बारे में निर्णय लिया जायेगा।

स्वच्छता ही सेवा अभियान के दौरान स्थानीय स्तर पर जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में नागरिकों को स्वच्छ भारत बनाने के लिये शपथ दिलाई जायेगी। छात्रों और युवाओं की भागीदारी के साथ स्वच्छता पर केन्द्रित गीत, नृत्य, प्रश्नोत्तरी, काव्य पाठ और नुक्कड़ नाटक विभिन्न स्थानों पर आयोजित किये जायेंगे। साथ ही नागरिकों और विशेषज्ञों की उपस्थिति में अपशिष्ट प्रबंधन, संपूर्ण स्वच्छता और वेस्ट टू आर्ट पर केंद्रित कार्यशाला आयोजित होंगी। अभियान के दौरान स्वच्छता पर केंद्रित स्लोगन लेखन के कार्यक्रम भी होंगे, सरकारी कार्यालय और सार्वजनिक स्थलों पर साफ-सफाई पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। स्थानीय स्तर पर अपशिष्ट संग्रहण का विशेष अभियान चलेगा। प्रमुख नदियों तटों के साथ पर्यटन स्थलों पर विशेष सफाई कार्यक्रम भी होंगे। नागरिकों में जागरूकता लाने के लिये विभिन्न स्थानों पर रैली भी आयोजित की जायेगी।

अभियान में ऐसे स्थानों को चिन्हित किया जायेगा, जहाँ सफाई की विशेष आवश्यकता है। वहाँ पर नागरिकों की सुविधा के लिये विशेष कार्य किये जाने पर निर्णय लिये जायेंगे। एक पेड़ माँ के नाम महत्वाकांक्षी कार्यक्रम में पौधरोपण के कार्यक्रम भी आयोजित होंगे। सार्वजनिक शौचालय मरम्मत पर विशेष ध्यान दिया जायेगा। सामूहिक सफाई कार्य में भागीदारी बढ़ाने के लिये स्वयंसेवियों की पहचान, औद्योगिक समूहों की भागीदारी और श्रेष्ठ कार्य करने वालों का नागरिकों की उपस्थिति में सम्मान किया जायेगा।

स्वच्छता ही सेवा अभियान का समापन 2 अक्टूबर महात्मा गांधी जयंती पर होगा। इस दिन महात्मा गांधी के स्वच्छता संबंधी विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के प्रयास किये जायेंगे। राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर होने वाले कार्यक्रमों से ऑनलाइन अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने का प्रयास होगा। बच्चों और युवाओं की साहित्य और संस्कृति पर केन्द्रित कार्यक्रम जनप्रतिनधियों की उपस्थिति में होंगे।

नेशनल लोक अदालत के संबंध में की बैठक, मध्यस्थता जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित

पन्ना। म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रभारी प्रधान जिला न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पी.सी. आर्य की अध्यक्षता में बुधवार को जिला न्यायालय परिसर पन्ना स्थित एडीआर भवन में 14 सितम्बर को नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए बैठक कर मध्यस्थता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस मौके पर लोक अदालत के माध्यम से समस्त राजीनामा योग्य क्लेम, दीवानी, आपराधिक, पारिवारिक विवाद, भरण पोषण, घरेलू हिंसा जैसे प्रकरणों को अधिकाधिक संख्या में आपसी राजीनामा के जरिए निराकरण के लिए विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। इस दौरान मीडिएशन के माध्यम से उभयपक्ष के मध्य सहमति स्थापित कर उन्हें मीडिएटर के समक्ष रेफर करने और निराकरण होने पर प्राप्त होने वाले लाभ व प्रकरण का अंतिम रूप से निराकृत हो जाने के बारे में विस्तार से मार्गदर्शन प्रदान किया गया। इसके अलावा लोक अदालत में दोगुनी संख्या में प्रकरणों के निराकरण के लिए आवश्यक सहयोग प्रदान करने का आह्वान भी किया गया।

जिला न्यायाधीश एवं प्राधिकरण के सचिव हरप्रसाद बंशकार ने बैठक में उपस्थित अभिभाषकों से उनके पक्षकारों के राजीनामा योग्य समस्त प्रकरणों को अधिकाधिक संख्या में प्रि-सिटिंग में लेकर राजीनामे की चर्चा कर निराकरण करवाने तथा राजीनामा योग्य प्रकरणों के निराकरण के लिए मीडिएशन कमेटी के सदस्यों और प्रशिक्षित मीडिएशन अधिवक्तागण से मीडिएशन के बारे में आ रही समस्याओं व निवारण के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय रूपेश शर्मा, जिला न्यायाधीश अयाज मोहम्मद एवं इन्द्रजीत रघुवंशी, जिला विधिक सहायता अधिकारी देवेन्द्र सिंह परस्ते, अध्यक्ष अधिवक्ता संघ राजेश तिवारी, मीडिएटर अधिवक्ता आशा खरे, लक्ष्मीनारायण द्विवेदी एवं धर्मेन्द्र पाण्डेय, चीफ एलएलडीसीएस आनंद त्रिपाठी, डिप्टी चीफ एलएडीसीएस करण सिंह व पवन कुमार पाण्डेय, असिस्टेंट विजयलक्ष्मी प्रजापति, शशांक चतुर्वेदी व रोहित नायक, सुरेन्द्र सिंह परमार, एमएल अवस्थी, विद्याधर त्रिपाठी, शैलेन्द्र मिश्रा, राहुल श्रीवास्तव, पूजा सिंह गहलोत व अन्य अधिवक्तागण भी उपस्थित रहे।

अजयगढ़ में रिमझिम फुहारों के बीच शांतिपूर्वक मतदान सम्पन्न

वार्ड क्रमांक 14 में पार्षद पद के लिए हुआ मतदान, 659 में 503 वोट पड़े

पन्ना। जिले के अजयगढ़ नगर परिषद अंतर्गत वार्ड क्रमांक 14 में पार्षद पद के उप चुनाव में 11 सितंबर को कड़ी सुरक्षा के बीच निर्धारित समय पर सुबह 7 बजे से मतदान शुरू हुआ रिमझिम फुहारों के बीच मतदाताओं में भारी उत्साह देखा गया। बताया गया है कि यहां मतदाता संख्या 659 में ईवीएम में कुल 503 वोट पड़े हैं। ईवीएम सील कर नवीन महाविद्यालय भवन के कक्ष में रखवा दी गई हैं जहां 13 सितंबर 2024 को मतगणना होगी, जानकारी के अनुसार पूर्व पार्षद भाजपा से थी जिसकी मृत्यु के बाद उप चुनाव हो रहे हैं। वर्तमान में भाजपा से मालती रजक और कांग्रेस से पूनम साहू मैदान में हैं, अन्य प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र वापस ले लिये थे, दोनों में कड़ी टक्कर बताई जा रही है, दोनों तरफ से जिला स्तर के नेता जोर लगा रहे थे अब 13 सितंबर को मतगणना के बाद पता चलेगा कि पार्षद पद का ताज किसके सिर पर सजता है।

गुनौर में महिलाओं एवं बालिकाओं को किया जागरूक

पन्ना। वन स्टॉप सेन्टर कार्यालय पन्ना द्वारा 100 दिवसीय जागरूकता अभियान हब फॉर एम्पॉवरमेंट ऑफ वूमेन के तहत आज गुनौर विकासखण्ड के वार्ड क्रमांक 9 एवं शासकीय कन्या हाईस्कूल में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर महिलाओं और बालिकाओं को यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही महिला उत्पीड़न, घरेलू हिंसा व साइबर क्राइम में कानूनी सहायता प्राप्त करने तथा वन स्टॉप सेन्टर के हेल्पलाइन नंबर के बारे में अवगत कराया गया। इस दौरान सखी सेन्टर की प्रशासक कविता पाण्डेय, केस वर्कर शिवानी शर्मा, सत्या थापक और मीरा लोधी द्वारा जागरूक किया गया।

पॉलीटेक्निक विद्यार्थियों का किसी भी डिग्री पाठ्यक्रम में प्रवेश का स्वप्न होगा साकार

पन्ना। पॉलीटेक्निक विद्यार्थियों के राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान के माध्यम से डिप्लोमा के साथ हायर सेकंडरी परीक्षा की तैयारी हो सकेगी। शासकीय पॉलीटेक्निक संस्थानों में विद्यार्थियों का अधिकतम प्रवेश सुनिश्चित करने के लिए विभागीय स्तर पर निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं। पॉलीटेक्निक डिप्लोमा में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को लेटरल एंट्री में इंजीनियरिंग डिग्री के साथ साथ अन्य डिग्री पाठ्यक्रम में शामिल होने के अवसर उपलब्ध हों, इसके लिए पॉलीटेक्निक डिप्लोमा के साथ साथ विद्यार्थियों को राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान के माध्यम से हायर सेकंडरी परीक्षा (ओपन माध्यम से) में सम्मिलित हो सकेंगे। विद्यार्थियों को 12वीं बोर्ड परीक्षा की तैयारी के लिए संबंधित संस्थान द्वारा कोचिंग सुविधा उपलब्ध कराई जाने को लेकर कार्ययोजना बनायी जायेगी।

पॉलीटेक्निक डिप्लोमा विद्यार्थियों का किसी भी डिग्री पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने का स्वप्न साकार करना विभाग की प्राथमिकता है। इससे पॉलीटेक्निक डिप्लोमा करने के बाद विद्यार्थी को रोजगार और नौकरी के लिए अवसर तैयार तो होगा ही, साथ ही उनको किसी भी डिग्री पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने के अवसर की उपलब्धता भी सुनिश्चित हो सकेगी। सभी शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालयों की सीट्स पूर्ण रूप से भरने को लेकर व्यापक संचार के लिए कार्ययोजना बनायी गयी है। अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों के लिए डॉ. बाबा साहब अंबेडकर योजना एवं जनजातीय विद्यार्थियों के लिए एकलव्य योजना अंतर्गत संचालित संस्थाओं, पाठ्यक्रमों एवं उपलब्ध सीटों की संख्या सहित योजनाओं से मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी विद्यार्थियों को दी जायेगी। तकनीकी शिक्षा के द्वारा जारी किए गए मैस्कॉट श्रुति एवं विद्युत का अधिकाधिक प्रयोग किया जायेगा। आरजीपीवी विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट सेल को विश्वविद्यालय से संबद्ध समस्त पॉलीटेक्निक महाविद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए रोजगार एवं नौकरी के अवसर प्रदान करने कार्ययोजना बनायी जा रही है। प्रत्येक माह के किसी निश्चित दिवस पर रोजगार मेला भी आयोजित किया जायेगा।

सीएम राइज, मॉडल और जिला स्तरीय उत्कृष्ट विद्यालयों के लिये शासकीय शिक्षकों से आवेदन आमंत्रित

पन्ना। स्कूल शिक्षा विभाग की महत्वाकांक्षी योजना सीएम राइज विद्यालय, मॉडल स्कूल एवं जिला स्तरीय उत्कृष्ट विद्यालयों में (प्राथमिक, माध्यमिक, हाई और हायर सेकण्डरी स्तर के) प्रशासकीय पद के लिये शासकीय शिक्षकों के आवेदन आमंत्रित किये गये है। स्कूल शिक्षा विभाग ने जानकारी दी है कि ऐसे शिक्षक, जो शिक्षा विभाग के शासकीय विद्यालयों में कार्यरत हैं तथा शिक्षा के क्षेत्र में उच्चतम आयाम स्थापित करने की चुनौती को स्वीकार करने की इच्छा शक्ति रखते हैं, तो यह अवसर उनके लिये है। इसके लिये ऑनलाइन आवेदन विमर्श पोर्टल पर 17 सितम्बर 2024 तक किये जा सकेंगे। इस संबंध में विस्तृत जानकारी एजुकेशन एवं विमर्श पोर्टल पर उपलब्ध है। इन स्कूलों में पदों की पूर्ति साक्षात्कार के माध्यम से की जायेगी।

आकाशीय बिजली गिरने से पति-पत्नी की मौत

पन्ना। सगौनी गांव में खेत में चारा काटते समय बिजली की चपेट में आए भगोना आदिवासी और उनकी पत्नी हल्की बाई की मौके पर ही मौत हो गई। मौसम के बदलाव के दौरान हुआ यह हादसा गांव में शोक का माहौल पैदा कर गया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है और प्रशासन ने मृतकों के परिवार को हरसंभव मदद का आश्वासन दिया है। आपदाओं से बचाव के लिए सावधानियां बरतनी चाहिए।

प्रधान जिला न्यायाधीश ने किया जिला जेल का निरीक्षण

पन्ना। प्रभारी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश पी.सी. आर्य की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला जेल पन्ना में जेल निरीक्षण सह विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्रधान जिला न्यायाधीश द्वारा जेल किचन में भोजन व्यवस्था व गुणवत्ता का अवलोकन कर पुरूष व महिला बैरक, जेल अस्पताल, व्हीसी कक्ष, कियोस्क एवं मुलाकात व उद्यमिता कक्ष इत्यादि का निरीक्षण किया। स्वच्छता व हाइजीन के बारे में जानकारी भी ली। बंदियों से खुला संवाद कर उनकी समस्याएं पूछीं, साथ ही उचित मामलों में न्यायालय व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा उच्च न्यायालय में अपील के लिए नि:शुल्क निर्णय प्रति प्रदान किये जाने के लिए निर्देशित किया गया। यूटीआरसी द्वारा अनुशंसित बंदियों के जमानत व रिहाई के बारे में जानकारी लेकर जेल प्रशासन को बंदियों के स्वास्थ्य व कौशल विकास के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए। जिला न्यायाधीश एवं प्राधिकरण के सचिव हरप्रसाद बंशकार ने 14 सितम्बर को नेशनल लोक अदालत में राजीनामा एवं प्ली ऑफ बारगेनिंग के जरिए निराकरण योग्य प्रकरणों का अधिकाधिक संख्या में निराकरण करवाने और शीघ्र न्याय प्राप्त करने के अवसर का लाभ उठाने का आह्वान किया। निरीक्षण कार्यक्रम में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुनील अहिरवार, जिला विधिक सहायता अधिकारी देवेन्द्र सिंह परस्ते भी उपस्थित रहे। प्रभारी जेल अधीक्षक आर.पी. मिश्रा ने बंदियों को शिविर के माध्यम से प्रदान जानकारी को अमल में लाने के लिए प्रेरित किया।

राष्ट्रीय आयुष मिशन अंतर्गत 15 ग्रामों में लगाए गए निशुल्क स्वास्थ्य शिविर

पन्ना। आयुष विभाग द्वारा राष्ट्रीय आयुष मिशन योजना अंतर्गत जिले के 15 ग्रामों में गुरुवार 05 सितंबर 2024 को निशुल्क स्वास्थ शिविर आयोजन किये गये। उक्त शिविरों में वृद्धावस्था जन्य व्याधियों, महिलाओं के रोगों आदि का उपचार आयुष चिकित्सा पद्धति से किया गया एवं नि:शुल्क औषधियों का वितरण किया गया। योग प्रशिक्षक द्वारा योग के बारे में बताया गया। आहार - बिहार, पथ्य अपथ्य व वर्षा ऋतु चर्चा का पालन भी मरीजों को समझाया गया। जिला आयुष अधिकारी डॉ आरके वर्मा ने बताया कि पन्ना जिले के 15 अयुष्यमान आरोग्य मंदिर (एचडब्ल्यूसी) बिसानी, श्यामगिरी, सथनिया, बृजपुर, बहिरवारा, मड़ला, महेबा, पहाडीखेरा, बघवार, झिन्ना, पवई, पन्ना, मकरंदगंज, कोठी व द्वारी में स्वास्थ शिविर लगा कर लगभग 1205 मरीजों का स्वास्थ परीक्षण उपचार एवं नि:शुल्क औषधियों का वितरण किया गया है।

27 ग्राम सोना के कंगन जुगल किशोर सरकार को व्यापारी ने किया भेंट

पन्ना। शहर के प्रतिष्ठित व्यापारी श्याम नारायण तिवारी द्वारा अपने व्यापार में श्री जुगल किशोर सरकार की हिस्सेदारी सुनिश्चित की गई है। जो भी लाभ होता है उसका एक निश्चित प्रतिशत भगवान श्री जुगल किशोर के निमित्त भेंट करते हैं। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी उनके द्वारा लगभग 2 लाख रुपए के सोने के आभूषण भगवान श्री जुगल किशोर सरकार को भेंट किये गए हैं। उन्होंने बताया कि जब से पन्ना में व्यापार शुरू किया है तभी से उन्होंने अपने व्यापार में भगवान श्री जुगल किशोर जी की हिस्सेदारी सुनिश्चित कर दी थी। जिसके परिणाम स्वरूप व्यापार में हुए मुनाफा का एक सुनिश्चित हिस्सा भगवान श्री जुगल किशोर जी के चरणों में भेंट किया जाता है। जिसके परिणाम स्वरूप आज उनके द्वारा सोने के कंगन 27 ग्राम से ज्यादा वजन के भेंट किये गए हैं। जिसकी कीमत 199000 हजार रुपए आकी गई है। शहर के प्रतिष्ठित व्यापारी श्याम नारायण तिवारी ने बताया कि वह हर वर्ष इसी तरह से भगवान श्री जुगल किशोर जी के चरणों में कुछ ना कुछ आभूषण भेंट करते आ रहे हैं। श्री तिवारी जी के इस पुनीत कार्य के लिए श्री जुगल किशोर जी मंदिर से जुड़े धर्म प्रेमी लोगों ने उनकी सराहना की है।

जिले में 961.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज

पन्ना। पन्ना जिले में इस वर्ष अब तक 961.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। एक जून से 11 सितम्बर की अवधि में जिले के चार वर्षामापी केन्द्रों पर एक हजार मिमी से अधिक वर्षा दर्ज की गई। पवई में सर्वाधिक 1371 मिमी, जबकि सिमरिया में 1153.9 मिमी, रैपुरा में 1076.7 मिमी, अमानगंज में 1058.9 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। इसी तरह पन्ना में 890.6 मिमी, देवेन्द्रनगर में 672.8 मिमी, गुनौर में 762.3 मिमी, शाहनगर में 899.2 मिमी और अजयगढ़ में 770.2 मिमी वर्षा दर्ज की गई।

भारी वर्षा की चेतावनी के दृष्टिगत दिए निर्देश

पन्ना। कलेक्टर सुरेश कुमार ने राहत आयुक्त कार्यालय एवं मौसम विभाग द्वारा जिले में भारी वर्षा की चेतावनी की सूचना के दृष्टिगत संबंधित विभाग के अधिकारियों को राहत बचाव व किसी अप्रिय स्थिति में पूर्व तैयारी के संबंध में आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। इस संबंध में सभी राजस्व अधिकारियों, पुलिस विभाग, स्थानीय निकायों और एनडीआरएफ टीम को अलर्ट रहने तथा पर्याप्त संसाधन की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा स्थानीय निकायों, होमगार्ड, कार्यपालन यंत्री जल संसाधन, लोक निर्माण विभाग, सड़क विकास निगम और ग्रामीण सड़क परियोजना के अभियंताओं को भी रपटा, पुल एवं सड़क पर आवागमन की स्थिति की निगरानी सहित अधीनस्थ कर्मचारियों को सतर्क रहने के लिए निर्देशित करने के निर्देश दिए गए हैं।

रिमझिम बारिश के बीच धूमधाम से मनाई गई राधा अष्टमी

सोने के सिंहासन में विराजमान राधा रानी की एक झलक पाने उत्साहित दिखें श्रद्धालु सुंदरसाथ

पन्ना

मंदिरों की पवित्र नगरी पन्ना में बाइजू राज महारानी जी के मंदिर में राधा रानी का प्रगट उत्सव हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मंगलवार को धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सुबह से ही प्रणामी संप्रदाय के सुन्दरसाथ सहित नगर के श्रद्धालु मंदिर में एकत्रित हुए। श्रद्धालुओं ने प्रगटन उत्सव में परंपरागत भजनों से सभी का मन मोह लिया।

बुधवार सुबह से ही राधा रानी के मंदिर में जन्म उत्सव का माहौल दिखने लगा। मंदिर के पुजारियों द्वारा सर्वप्रथम मंदिर के गर्भ ग्रह में झीलना का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसके साथ ही जन्मोत्सव की तैयारियां शुरू हो गई। सुगंधित केसर के जल व अन्य विशेष सामग्री द्वारा उक्त कार्यक्रम संपन्न किया गया। तत्पश्चात पूरा मंदिर प्रांगण विशेष खुशबू से महकने लगा। सोने के सिंहासन में विराजमान राधा रानी महारानी जी का विशेष श्रृंगार हीरा, मोती, सोने के आभूषणों से किया गया। तत्पश्चात जन्मोत्सव का कार्यक्रम शुरू हुआ और जैसे ही पर्दा खुला उपस्थित श्रद्धालु राधा रानी की एक झलक पाने के लिए बेताब रहे। राधा रानी के जयकारों से पूरा वातावरण गूंज उठा। उसके बाद प्रथम आरती की गई व भोग लगाया गया जो उपस्थित श्रद्धालुओं में वितरित किया गया।

इस अवसर पर राधा रानी महारानी जी का विशेष रूप से जोग माया का गायन हुआ। बाईजूराज जी की विशेष प्रकार के अभूषण वस्त्र आदि नें विशेष श्रृंगार किया गया जो सभी को मन मुग्ध कर दिया। महारानी जी के प्रगटन उत्सव के अवसर पर महा श्रृंगार किया गया। सुबह 12 बजे पर्दा खुलता है और महारानी जी का प्रगटन उत्सव के प्रथम दर्शन के लिए श्रध्दालुओं की भीड़ मंदिर में लग गई। चंदन, धूप और ताजे पुष्पों से लिए श्रद्धालुओं की होड़ मच जाती है। इसके साथ ही श्रद्धालुओं व्दारा एक-दूसरे को बधाईयों का दौर रात तक चलता रहा।

महिलाओं व युवतियों ने किया गरबा नृत्य रू राधा रानी के जन्मोत्सव के अवसर पर उपस्थित महिलाओं व युवतियों ने गरबा नृत्य किया वहां कुछ महिलाओं ने बधाई गीत भी गाए इसके अलावा उपस्थित श्रद्धालुओं द्वारा ढोलक व मजीरा म की ताल पर राधा रानी के भजन गाए। उक्त कार्यक्रम सुबह से दोपहर तक चलता रहा।

सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर | सीधी, शुक्रवार 13 सितम्बर 2024

अग्रसेन जयंती महोत्सव का शुभारंभ दिनांक 15 सितंबर 2024 को अग्रवाल समाज इलेवन एवम अग्रवाल नवयुवक मंडल इलेवन के टी-20 मैत्री क्रिकेट मैच सुबह 8 बजे से किया जायेगा। मैच को लेकर समाज में बहुत उत्साह है।

महिलाओं और शिशुओं की स्वास्थ्य रक्षा के लिए मैदानी स्तर तक मॉनीटरिंग करें

परियोजना अधिकारी हर दिन पोषण ट्रैकर पोर्टल में फीडिंग की निगरानी करें : कमिश्नर

रीवा। कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में कमिश्नर बीएस जामोद ने महिला एवं बाल विकास विभाग की योजनाओं की समीक्षा की। कमिश्नर ने कहा कि महिलाओं और शिशुओं की स्वास्थ्य रक्षा तथा इनका पोषण स्तर बढ़ाने के लिए मैदानी स्तर तक मॉनीटरिंग करें। जिला अधिकारी, परियोजना अधिकारी तथा सुपरवाइजर हर महीने निर्धारित संख्या में आंगनवाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण करें। निरीक्षण के दौरान विभागीय गतिविधियों की दर्ज जानकारी के सत्यापन के साथ हितग्राहियों से संवाद करें। गर्भवती महिलाओं और कुपोषित बच्चों के घर जाकर उनके परिवारों से भेंट करके स्वास्थ्य रक्षा एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक करें। आंगनवाड़ी केन्द्र के संचालन और पोषण आहार वितरण की पोषण ट्रैकर एप से निगरानी की जाती है। परियोजना अधिकारी प्रतिदिन दोपहर एक बजे अपनी लॉगिन से आंगनवाड़ी कार्यकर्ता द्वारा दर्ज जानकारी की निगरानी करें। जिस आंगनवाड़ी केन्द्र से जानकारी दर्ज नहीं हुई है उसे दर्ज कराएं।

कमिश्नर ने कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग स्वास्थ्य विभाग से समन्वय बनाकर योजनाओं का क्रियान्वयन करे। समन्वय के लिए जिला, विकासखण्ड तथा सेक्टर स्तर पर बैठकों का आयोजन करें। आंगनवाड़ी केन्द्र में बच्चों को नाश्ते तथा गरम भोजन के वितरण एवं गर्भवती महिलाओं के टीएचआर वितरण को पोर्टल पर दर्ज कराएं। वास्तविक वितरण और पोर्टल में दर्ज जानकारी में बहुत अंतर है। जिला समन्वयक तथा ब्लाक समन्वयक पोषण ट्रैकर पोर्टल में दर्ज जानकारी की प्रतिदिन मॉनीटरिंग करके रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

कमिश्नर ने कहा कि कुपोषित बच्चों की आंगनवाड़ी केन्द्रवार सूची तैयार कर लें। प्रत्येक कुपोषित तथा अति कुपोषित बच्चे को अतिरिक्त भोजन देने की व्यवस्था कराएं। बच्चे को आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता अथवा अन्य मैदानी कर्मचारी की उपस्थिति में भोजन लिया जाए। गांव की जागरूक महिला भी इसमें सहयोग कर सकती हैं। कुपोषित बच्चों को पोषण पुनर्वास केन्द्र में भर्ती कराने के लिए दो माह की सूची तैयार कर लें। अधिकारी पोषण पुनर्वास केन्द्रों का भी हर माह भ्रमण अवश्य करें। सीधी और सिंगरौली में टीएचआर वितरण तथा कुपोषित बच्चों की फीडिंग में स्थिति संतोषजनक नहीं है।

बैठक में संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास श्रीमती ऊषा सिंह सोलंकी ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के साथ जिला स्तर पर बैठकें करके दोनों विभाग समन्वय के साथ महिलाओं और बच्चों की स्वास्थ्य रक्षा के लिए प्रयास कर रहे हैं। मातृ मृत्यु दर और शिशु मृत्यु दर पर नियंत्रण के लिए समय पर जाँच, उपचार और महिलाओं को जागरूक करने के प्रयास किए जा रहे हैं। बैठक में गर्भवती महिलाओं तथा शिशुओं के टीकाकरण, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं तथा पर्यवेक्षक के प्रशिक्षण, लाड़ली लक्ष्मी योजना, लाड़ली बहना योजना तथा सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की गई। बैठक में संयुक्त कलेक्टर सिंगरौली संजीव पाण्डेय, उपायुक्त डीएस सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी रीवा श्रीमती प्रतिभा पाण्डेय, सतना सौरभ सिंह, सिंगरौली आरआर गुप्ता, सीधी आरसी त्रिपाठी, मऊगंज उमेश मिश्रा, मैहर राजेन्द्र कुमार तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने नगर परिषद के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को दिया नोटिस

रीवा। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत लोक स्वास्थ्य केन्द्रों में ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त आवेदन पत्रों के समय सीमा से बाह्य होने पर मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। कलेक्टर ने सीएमओ सेमरिया एवं सीएमओ त्योंथर को विवाह पंजीयन के प्रकरण के निराकरण में विलंब करने तथा सीएमओ बैकुण्ठपुर संतोष सिंह को नवीन नल कलेक्शन प्रदाय किये जाने के प्रकरण में विलंब करने कारण बताओ नोटिस जारी किया है। कलेक्टर ने तीन दिवस में कारण स्पष्ट करने के निर्देश दिये हैं। नियत समय पर स्पष्टीकरण न देने पर अर्थदण्ड अधिरोपित करने की कार्यवाही की जायेगी।

रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त

रीवा। मध्यप्रदेश राज्य सहकारी निर्वाचन पदाधिकारी एमबी ओझा द्वारा सहकारी समितियों के संचालक मंडल के निर्वाचन हेतु रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किये हैं। गांधी सहयोगी प्राथमिक सहकारी उपभोक्ता भण्डार मर्या. वार्ड क्रमांक 12 रीवा के लिये सहकारी निरीक्षक नीलेश पाण्डेय को, मध्यप्रदेश न्यायिक कर्मचारी साख एवं कल्याण सहकारी समिति मर्या. रीवा के लिए सहकारी निरीक्षक विकास मराठे को, जिला अध्यक्ष सहकारी उपभोक्ता भण्डार मर्या. रीवा के लिए उप अंकेक्षक बीएल कनौजी को, महिला प्राथमिक सहकारी उपभोक्ता भण्डार मर्या. वार्ड क्रमांक 24 रीवा के लिए वरिष्ठ सहकारी निरीक्षक अम्बरीष देव बघेल को रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया है। जबकि मछुआ सहकारी समिति मर्या. हनुमना के संचालक मंडल के निर्वाचन हेतु सदस्यता सूची को अंतिम रूप देने के लिए सहकारी निरीक्षक मनीष जैन को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किया गया है।

केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री आज आयेंगे रीवा

रीवा। केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार 13 सितंबर को शाम 6.30 बजे रीवा आयेंगे तथा सर्किट हाउस में रात्रि विश्राम करेंगे। डॉ. वीरेन्द्र कुमार 14 सितंबर को प्रातः 8.30 बजे रीवा से सीधी रवाना होंगे तथा सीधी में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने के उपरांत अपरान्ह एक बजे मऊगंज पहुंचेगे तथा स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होंगे। केन्द्रीय मंत्री शाम 4 बजे रीवा आयेंगे तथा स्थानीय कार्यक्रम में भाग लेने के उपरांत शाम 7.55 बजे रेवांचल एक्सप्रेस ट्रेन द्वारा दमोह रवाना होंगे।

डॉ भीमराव अम्बेडकर योजना से 300 युवाओं को मिलेगा स्वरोजगार का अवसर

रीवा। अनुसूचित कल्याण विभाग जिला अन्त्यावसायी सहकारी समिति द्वारा अनुसूचित जाति वर्ग के युवाओं के लिए विभिन्न योजनाएं लागू की गई हैं। विभाग द्वारा संचालित डॉ भीमराव अम्बेडकर आर्थिक कल्याण योजना से जिले के अनुसूचित जाति के 300 युवाओं को स्वरोजगार का अवसर दिया जाएगा। इस संबंध में अन्त्यावसायी सहकारी समिति के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एमपी पाठक ने बताया कि योजना के तहत 10 हजार रुपए से एक लाख रुपए तक ऋण एवं अनुदान स्वरोजगार उद्यम की स्थापना के लिए दिया जाता है। श्री पाठक ने बताया कि अनुसूचित जाति के 18 से 55 आयु वर्ग के व्यक्ति योजना के लिए आवेदन कर सकते हैं। आवेदक आयकरदाता न हो। आवेदन पत्र के साथ जाति प्रमाण पत्र, मूल निवासी प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, पैन कार्ड तथा समग्र आईडी प्रस्तुत करना आवश्यक होगा। योजना का क्रियान्वयन बैंक के माध्यम से किया जा रहा है। हितग्राही को बैंकों द्वारा कार्यशील पूंजी और टर्म लोन पर सात वर्षों तक प्रतिवर्ष सात प्रतिशत ब्याज अनुदान दिया जाएगा। इस योजना से जनपद पंचायत रीवा में 60 तथा अन्य विकासखण्डों में 30-30 हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा।

कमिश्नर खनिज, आबकारी तथा परिवहन विभाग की आज करेंगे समीक्षा

रीवा। कमिश्नर कार्यालय सभागार में 13 सितम्बर को आयोजित संभागीय बैठक में रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद खनिज, आबकारी तथा परिवहन विभाग की समीक्षा करेंगे। खनिज विभाग की समीक्षा बैठक सुबह 11 बजे से 11.45 बजे तक आबकारी विभाग की समीक्षा बैठक सुबह 11.45 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक आयोजित की गई है। कमिश्नर परिवहन विभाग की समीक्षा दोपहर 12.30 बजे से दोपहर 1.15 बजे तक करेंगे। सभी संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समय में बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

आत्मा योजना अन्तर्गत सर्वोत्तम कृषक पुरस्कार हेतु आवेदन आमंत्रित

रीवा। आत्मा योजना के तहत सर्वोत्तम कृषक पुरस्कार के लिए कृषकों से आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। सर्वोत्तम कृषि संबंधी कार्यों हेतु कृषि, पशुपालन, उद्यानिकी, कृषि अभियांत्रिकी एवं मत्स्य पालन में नवाचार करने वाले प्रगतिशील कृषकों से 25 सितंबर तक आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। उप संचालक सहपरियोजना संचालक आत्मा यूपी बागरी ने बताया कि जिला स्तर के पांच तथा विकासखण्ड स्तर के 45 कृषकों को पुरस्कृत किया जायेगा। प्रगतिशील कृषकों से अभिलेखीय आधार एवं क्रियान्वित गतिविधियों के फोटोग्राफ के साथ निर्धारित प्रपत्र में आवेदन उप संचालक सहपरियोजना संचालक आत्मा किसान कल्याण तथा कृषि विकास कार्यालय में नियत तिथि तक जमा किये जा सकते हैं।

वार्षिक साधारण सभा की बैठक 24 सितंबर को

रीवा। रीवा उपभोक्ता सहकारी भण्डार मर्यादित रीवा की वार्षिक साधारण सभा बैठक 24 सितंबर को दोपहर बाद 2 बजे से कार्यालय रीवा थोक उपभोक्ता सहकारी भण्डार में आयोजित की गयी है।

क्षेत्रीय संचालक ने डेंगू से बचाव जागरूकता रथ को किया रवाना

क्षेत्रीय संचालक ने डेंगू नियंत्रण के उपायों की समीक्षा की

रीवा। क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य डॉ केएल नामदेव ने जिला मलेरिया कार्यालय में आयोजित बैठक में डेंगू के नियंत्रण के उपायों की समीक्षा की। क्षेत्रीय संचालक ने कहा कि जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों से डेंगू के कई मरीज मिले हैं। सबसे अधिक संख्या रीवा शहरी क्षेत्र में पाई गई है। डेंगू मच्छर से फैलने वाली बीमारी है। इससे बचाव के लिए आमजनता को जागरूक करें। घरों के आसपास खुले स्थान, अनुपयोगी बर्तनों, पुराने टायरों, गमलों आदि में एकत्रित पानी में डेंगू तथा मलेरिया के मच्छर प्रजनन करते हैं। इनमें पानी का संचय न होने दें। डेंगू के मरीज चिन्हित होने पर डॉक्टर समुचित उपचार करें। स्वास्थ्य विभाग द्वारा निर्धारित गाइडलाइन के अनुसार डेंगू से बचाव तथा नियंत्रण के लिए सभी उपाय करें। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजीव शुक्ला ने डेंगू एवं मलेरिया की रोकथाम के लिए किए जा रहे उपायों की जानकारी दी। बैठक के बाद क्षेत्रीय संचालक ने हरी झण्डी दिखाकर डेंगू से बचाव जागरूकता रथ को जिले में भ्रमण के लिए रवाना किया। यह रथ निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सभी विकासखण्डों में भ्रमण करेगा। इस अवसर पर उप संचालक डॉ डीपी अग्रवाल, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ बीके अग्निहोत्री, जिला मलेरिया अधिकारी श्रीमती स्मृता नामदेव, सभी बीएमओ एवं अन्य चिकित्सा अधिकारी उपस्थित रहे।

अधिवक्ता परिषद का स्थापना दिवस समारोह पूर्वक संपन्न

रीवा। अधिवक्ता परिषद जिला इकाई रीवा का स्थापना दिवस स्थानीय मजदूर संघ कार्यालय रीवा में समारोह पूर्वक संपन्न हुआ जिसमे मुख्यातिथि के रूप में वरिष्ठ अधिवक्ता एवं लोकतंत्र सेनानी राम नारायण पांडे एडवोकेट एवं लाल बहादुर सिंह एडवोकेट, केंद्रीय मंत्री विश्व हिंदू परिषद भारतीय मजदूर संघ के विभाग प्रमुख रमाशंकर तिवारी, वरिष्ठ अधिवक्ता संतोष मिश्रा रतन माला, एवं श्रम न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता लोकेश तिवारी के विशिष्ट आतिथ्यं तथा जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम पाठक की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

मऊगंज में अपर कलेक्टर पांच हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार, लोकायुक्त की टीम ने पकड़ा

रीवा

लोकायुक्त रीवा की टीम ने मऊगंज जिले के अपर कलेक्टर अशोक कुमार ओहरी को 5000 रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई ग्राम खूझ के निवासी रामनिवास तिवारी की शिकायत पर की गई, जिन्होंने बताया कि उनके बंटवारे के मामले में राजस्व न्यायालय में उनके पक्ष में निर्णय कराने के लिए 20,000 की रिश्वत की मांग की गई थी। शिकायत के अनुसार, पहले ही 10,000 की राशि आरोपी को दी जा चुकी थी, जबकि शेष 5000 की राशि आज ली जानी थी। लोकायुक्त की टीम ने शिकायत की पुष्टि करने के बाद आरोपी को उसके कार्यालय में रिश्वत लेते हुए पकड़ा। इस ट्रैप ऑपरेशन का नेतृत्व उप पुलिस अधीक्षक प्रवीण सिंह परिहार ने किया, जबकि निरीक्षक जियाउल हक सहित 12 सदस्यीय टीम ने इस कार्रवाई में हिस्सा लिया। फिलहाल, मामले की जांच जारी है।

तनाव प्रबंधन में आध्यात्म की भूमिका विषय पर व्याख्यान 25 सितम्बर को

रीवा। आनंद विभाग द्वारा 25 सितम्बर पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर व्याख्यान माला का आयोजन किया गया है। तनाव प्रबंधन में आध्यात्म की भूमिका विषय पर व्याख्यान माला का आयोजन शाम 4 बजे से माखनलाल चतुर्वेदी पत्रकारिता विश्वविद्यालय रीवा के ऑडिटोरियम में किया जा रहा है। मुख्य वक्ता के रूप में प्रजापिता ब्राम्हकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की वक्ता ब्राम्हकुमारी ऊषा दीदी तनाव प्रबंधन के संबंध में व्याख्यान देंगी। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने इस संबंध में कहा है कि तनाव प्रबंधन जीवन कौशल का भाग है।

जिले में अब तक 501.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

रीवा। जिले में 11 सितम्बर को 3.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस दिन सर्वाधिक 15.2 मिलीमीटर वर्षा हुजूर तहसील में दर्ज की गई। जिले में एक जून से अब तक कुल 501.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। इस संबंध में अधीक्षक भू अभिलेख लालन सिंह ने बताया कि इस अवधि में तहसील हुजूर में 536.1 मिलीमीटर, रायपुर कर्चुलियान में 346 मिलीमीटर, गुढ़ में 906 मिलीमीटर, सिरमौर में 516.2 मिलीमीटर, त्योंथर में 250.5 मिलीमीटर, सेमरिया में 395.2 मिलीमीटर, मनगवां में 734 मिलीमीटर तथा तहसील जवा में 328 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। जिले में गत वर्ष इसी अवधि में 597.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले की औसत वार्षिक वर्षा 1044.6 मिलीमीटर है।

प्रदेश में 17 सितम्बर से शुरू होगा स्वच्छता ही सेवा-2024 अभियान

प्रधानमंत्री मोदी के जन्म-दिन से शुरू होकर गांधी जयंती तक चलेगा अभियान

रीवा। स्वच्छ भारत मिशन की 10वीं वर्षगांठ के मौके पर इस वर्ष का स्वच्छता अभियान प्रदेश में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के जन्म-दिन 17 सितम्बर से शुरू होगा। इस वर्ष स्वच्छता ही सेवा अभियान की थीम होगी स्वभाव स्वच्छता - संस्कार स्वच्छता। यह अभियान 2 अक्टूबर महात्मा गांधी की जयंती पर संपन्न होगा। स्वच्छता अभियान में इस वर्ष अधिक से अधिक जन-भागीदारी पर और स्थानीय निकायों की भागीदारी पर जोर दिया गया है। अभियान के दौरान जन-जन को स्वच्छता अपने व्यवहार में आत्मसात करने के लिये प्रेरित करने के साथ प्रदेश में सभी स्तर पर विभिन्न गतिविधियाँ संचालित की जायेंगी। प्रधानमंत्री श्री मोदी के जन्म-दिन 17 सितम्बर को स्वच्छता ही सेवा अभियान के शुभारंभ अवसर पर मंत्रीगण अपने-अपने प्रभार के जिलों में शामिल होंगे। मंगलवार 17 सितम्बर को स्थानीय स्तर पर परिस्थिति अनुसार नवाचार करते हुए अभियान को प्रभावी बनाया जायेगा। अभियान की शुरूआत में 17 सितम्बर को प्रदेश में किफायती दाम पर दवाईयाँ उपलब्ध कराने वाले जनऔषधि केन्द्रों का शुभारंभ भी किया जायेगा। इस वर्ष स्वच्छता ही सेवा अभियान के तीन प्रमुख केन्द्र बिन्दु होंगे। इनमें जन-भागीदारी, जागरूकता और एडवोकेसी, अभियान का दूसरा स्तंभ स्वच्छता के लिये श्रमदान और स्वच्छता लक्षित इकाई का कायाकल्प। इस थीम पर उन जगहों को चिन्हित किया जायेगा, जहां लंबे समय से स्वच्छता पर विशेष ध्यान नहीं दिया गया है। ऐसे स्थानों पर पार्क, पाथ-वे और बच्चों के लिये मनोरंजन के साधन लगाने के बारे में जन-प्रतिनिधियों की उपस्थिति में निर्णय लिया जायेगा। अभियान के तीसरे स्तंभ के रूप में सफाई कार्य में लगे सफाई मित्रों के स्वास्थ्य जांच एवं सामाजिक सुरक्षा के बारे में निर्णय लिया जायेगा। स्वच्छता ही सेवा अभियान के दौरान स्थानीय स्तर पर जन-प्रतिनिधियों की उपस्थिति में नागरिकों को स्वच्छ भारत बनाने के लिये शपथ दिलाई जायेगी। छात्रों और युवाओं की भागीदारी के साथ स्वच्छता पर केन्द्रित गीत, नृत्य, प्रश्नोत्तरी, काव्य पाठ और नुक्कड़ नाटक विभिन्न स्थानों पर आयोजित किये जायेंगे। प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर नागरिकों और विशेषज्ञों की उपस्थिति में अपशिष्ट प्रबंधन, संपूर्ण स्वच्छता और वेस्ट टू आर्ट पर केंद्रित कार्यशाला आयोजित होंगी।

स्वास्थ्य और महिला एवं बाल विकास विभाग समन्वय से योजनाएं लागू करें

विकासखण्ड और सेक्टर स्तर पर समन्वय बैठकें आयोजित करें : कमिश्नर

रीवा। कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में कमिश्नर बीएस जामोद ने स्वास्थ्य तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा की। कमिश्नर ने कहा कि संभाग के सभी जिलों में स्वास्थ्य सूचकांक बेहतर करने, कुपोषण मिटाने तथा महिलाओं एवं बच्चों की स्वास्थ्य रक्षा के लिए दोनों विभाग समन्वय से योजनाएं लागू करें। हर माह जिला, विकासखण्ड और सेक्टर स्तर पर दोनों विभागों के अधिकारियों तथा कर्मचारियों की बैठकें आयोजित करें। मैदानी स्तर पर समन्वय में कमी के कारण कई योजनाओं में रिपोर्टिंग में विसंगति है। महिलाएं तथा बच्चे दोनों विभागों के लक्ष्य समूह हैं। जब तक मैदानी स्तर पर समन्वय नहीं होगा तब तक योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन नहीं हो सकेगा। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए कमिश्नर ने कहा कि गर्भवती महिलाओं के पंजीयन की जानकारी एचएमआईएस पोर्टल तथा अनमोल पोर्टल दोनों पर की जा रही है, लेकिन दोनों पोर्टलों की जानकारी में हर जिले में अंतर है। इसी तरह आनुपातिक प्रसव रीवा और सतना जिले में कम है। आगामी 15 दिवस में शत-प्रतिशत जानकारी दर्ज कराएं। अक्टूबर के प्रथम सप्ताह में इसकी पुनः समीक्षा की जाएगी। स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो जिम्मेदार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा बीएमओ की वेतनवृद्धियाँ रूकेंगी। दस्तक अभियान तथा शिशुओं के सम्पूर्ण टीकाकरण की फीडिंग भी संतोषजनक नहीं है। जानकारी का भलीभांति सत्यापन कराने के बाद ही उसे पोर्टल पर दर्ज कराएं।

बैठक में कमिश्नर ने कहा कि सभी जिलों में अक्टूबर माह में मेगा रक्तदान शिविर आयोजित करें। इन्हें सफल बनाने के लिए अधिकारियों, कर्मचारियों, स्वयंसेवी संस्थाओं तथा सामाजिक संगठनों का सहयोग लें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सभी छात्रावासों में हर माह विद्यार्थियों के स्वास्थ्य जाँच के लिए शिविर लगाएं। बैठक में कमिश्नर ने यूविन पोर्टल से टीकाकरण की मॉनीटरिंग, अंधत्व निवारण कार्यक्रम, मलेरिया तथा डेंगू नियंत्रण, संचारी रोगों से बचाव, वर्षा जनित रोगों के नियंत्रण, राष्ट्रीय क्षय नियंत्रण कार्यक्रम तथा परिवार कल्याण कार्यक्रम की समीक्षा की। बैठक में क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य डॉ केएल नामदेव ने स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं की जानकारी दी। डॉ नामदेव ने कहा कि एचएमआईएस पोर्टल में गर्भवती 81921 महिलाओं का पंजीयन है। यह आनुपातिक लक्ष्य का 81 प्रतिशत है। स्वास्थ्य सूचकांकों को बेहतर करने के लिए योजनाओं की सघन मानीटरिंग की जाएगी। बैठक में संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास ऊषा सिंह सोलंकी, उप संचालक स्वास्थ्य डॉ डीपी अग्रवाल, सीएमएचओ रीवा डॉ संजीव शुक्ला, सीएमएचओ सतना डॉ एलके तिवारी, सीएमएचओ सिंगरौली डॉ एसके जैन, सीएमएचओ सीधी डॉ सुनीता त्रिपाठी, महिला एवं बाल विकास विभाग के सभी जिला अधिकारी तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी, आर.एन.आई नं. 47589/88, डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833